राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 19 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 139, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना लाखों की भूमि पर किया कब्जा....06

लाल किला बस स्टैंड पर रेहड़ी पटरी वालों का कब्ज अतिक्रमण दे रहा बडे हादसे का न्योता...12

# भारत लौटने की तारीख नहीं बता सकते... बॉम्बे HC में बोले विजय माल्या के वकील

● भगोड़े बिजनेसमैन विजय माल्या ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि वह भारत लौटने की पक्की तारीख नहीं दे सकते. उनके वकील ने यूके यात्रा प्रतिबंध और भारतीय पासपोर्ट रद्द होने का हवाला दिया.

● हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि माल्या की वापसी तक आर्थिक अपराधी घोषित करने के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं होगी



भगोड़े बिजनेसमैन विजय माल्या के खिलाफ धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के कई केस चल रहे हैं. इन्हीं मामले में भगोड़े बिजनेसमैन की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट में उनके वकील ने बताया कि विजय माल्या ये नहीं बता सकते कि वो भारत कब लौटेंगे क्योंकि कानूनी तौर पर यूके छोड़ने पर रोक लगी हुई है. अपने वकील अमित देसाई के जरिए हाई कोर्ट में माल्या ने कहा, पासपोर्ट रद्द होने के बाद एक्टिव पासपोर्ट नहीं था इसलिए वह भारत लौटने की कोई पक्की तारीख नहीं बता सकते।

माल्या की ओर से ये बात उस वक्त कही गई है जब चीफ जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड की बेंच ने पिछले हफ्ते साफ कहा था कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं आ जाते, तब तक वह भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई नहीं करेंगे. कोर्ट ने माल्या से यह साफ करने को कहा था कि उनका भारत लौटने का इरादा है या नहीं।

### माल्या ने अपनी याचिकाओं में क्या कहा है?

दरअसल, 2016 से यूके में रह रहे माल्या ने हाई कोर्ट में 2 पिटीशन फाइल की हैं. एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के ऑर्डर को चैलेंज किया गया है. दूसरी याचिका में भगोड़ा आर्थिक अपराधी एक्ट की वैलिडिटी पर सवाल उठाया गया है. माल्या पर कई हजार करोड़ के लोन रीपेमेंट में डिफॉल्ट करने और मनी लॉन्ड्रिंग के चार्ज का सामना करने का आरोप है।

### मैं वापसी की कोई पक्की तारीख नहीं बता सकता

विजय माल्या ने हाई कोर्ट को दिए अपने स्टेटमेंट में कहा, मैं अपनी वापसी की कोई पक्की तारीख नहीं बता सकता हूं. इसकी वजह ये है कि मेरे पास इंडियन पासपोर्ट नहीं है. मेरे पासपोर्ट को सरकार ने 2016 में कैंसिल कर दिया था. इसके साथ ही इंग्लैंड और वेल्स की कोर्ट के ऑर्डर हैं, जिनमें मुझे देश छोड़ने से रोका गया है।

### हाई कोर्ट में क्या बोले माल्या के वकील?

माल्या के वकील देसाई ने कहा, माल्या को इंग्लैंड और वेल्स छोड़ने या छोड़ने की कोशिश करने या किसी भी इंटरनेशनल ट्रैवल डॉक्यूमेंट के लिए अप्लाई करने या उसके पास होने की इजाज़त नहीं है. लिहाजा पिटीशनर यह नहीं बता सकता कि वह इंडिया कब लौटेगा. भगोड़े के टैग और एक्ट के नियमों के खिलाफ उनकी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए कोर्ट को माल्या का देश में होना जरूरी नहीं है।

# आदेश का हुआ उल्लंघन तो भुगतने होंगे परिणाम...सुप्रीम कोट

● प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की. इस दौरान सीजेआई ने कहा कि अदालत के आदेश सभी पर बाध्यकारी हैं और उल्लंघन पर कार्रवाई होगी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट-1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के मामले में सुनवाई की. इस दौरान हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि मैंने पूर्व स्थगन आदेश को रद्द करने के लिए आवेदन दायर किया था. इसे सूचीबद्ध नहीं किया गया है. वकील ने कहा कि सिविल कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विपरीत कोई भी कार्रवाई करने से रोका जाना चाहिए।इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत कांत ने कहा यदि वे ऐसे आदेश पारित करते हैं तो हम देखेंगे कि क्या करना है? हमने एक आदेश पारित किया है और यह सभी पर बाध्यकारी है. यदि कोई इसका उल्लंघन करते हुए कोई आदेश पारित करता है तो हमें इसकी जांच करनी होगी और देखना होगा. अगर ऐसा होगा तो परिणाम भुगतने होंगे।

### कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जाएगा- सीजेआई

जस्टिस बागची ने कहा कि इस न्यायालय ने निर्देश दिया है कि मुकदमे दायर किए जा सकते हैं, लेकिन उन पर कार्यवाही नहीं की जा सकती. अब एक मुकदमा पंजीकृत किया गया है और आदेश 7 नियम 11 के तहत संघ को पक्षकार बनाने का आवेदन खारिज कर दिया गया है. अब अजमेर दरगाह समिति एक पक्षकार है. सीजेआई ने कहा कि कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जाएगा. लेकिन अगर यह सिर्फ नोटिस है और सिर्फ लिखित बयान दाखिल करना है, तो यह सिर्फ प्रक्रियात्मक है।

### अंतिम सुनवाई की तारीख जल्द होगी तय

चीफ जस्टिस ने कहा कि जल्द ही मामले की अंतिम सुनवाई के लिए तारीख तय करेंगे. उन्होंने कहा कि नौ न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनवाई के बाद हम सुनवाई की तारीखें तय करेंगे. बता दें कि प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट-1991 के मुताबिक, 15 अगस्त 1947 से पहले बने किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी भी दूसरे पूजा स्थल में बदला नहीं जाएगा. मतलब जो धार्मिक स्थल जिस आस्था का था, वह उसी की रहेगी. अगर कोई भी इस कानून का उल्लंघन करता है तो उसको जुर्माना और तीन साल तक जेल की सजा भी मिल सकती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पारिवारिक विवाद में हुई मारपीट इलाज के दौरान बुजुर्ग की हुई मौत




**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के टेगरिया राजा गांव में सोमवार देर शाम पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया। आपसी कहासुनी और मारपीट के दौरान एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की हालत गंभीर हो गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 17 फरवरी 2026 को समय करीब रात्रि 8:30 बजे पीआरबी 7836 को सूचना मिली कि टेगरिया राजा गांव में पारिवारिक विवाद में कुछ लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना में एक पक्ष से संगीता पत्नी मलखान एवं रामगोपाल पुत्र मलखान जबकि दूसरे पक्ष से शिवपूजन पुत्र बिंदेश्वर (उम्र लगभग 60 वर्ष) शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि शिवपूजन, रामगोपाल के बाबा थे। विवाद के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए बनरहा अस्पताल, गायघाट (बस्ती) ले जाया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को अस्पताल प्रशासन द्वारा बताया गया कि इलाज के दौरान शिवपूजन की मृत्यु हो गई। घटना के बाद से विपक्षी पक्ष के संगीता और रामगोपाल मौके पर मौजूद नहीं मिले। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार, विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है और गांव में किसी प्रकार का तनाव नहीं है। मामले में तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों में घटना को लेकर शोक का माहौल है, वहीं पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

## नगर पंचायत खीरी में 'लोकतंत्र' शर्मसार: भ्रष्टाचार दबाने के लिए 'फर्जी' बैठकों का खेल!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** नगर पंचायत खीरी इन दिनों विकास कार्यों के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की परतें ढंकने के लिए रची जा रही 'साजिशों' के कारण चर्चा में है। 14 सभासदों के आरोपों से शुरू हुआ यह मामला अब हाई कोर्ट की दहलीज से होता हुआ 'बैक-डेट' की बैठकों और फर्जी एजेंडों के मायाजाल में फंस गया है।

**भ्रष्टाचार की आंच से बचने के लिए 'शपथ पत्रों' का सौदा- आरोप**

ताजा घटनाक्रम के अनुसार, नगर पंचायत के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (EO) पर आरोप है कि उन्होंने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के दाग धोने के लिए सभासदों को लालच और दबाव के जाल में फंसा लिया है। जिन सभासदों ने पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी, उन्हीं में से कुछ ने अब यू-टर्न ले लिया है।

**बड़ा सवाल-** आखिर वह कौन सी मजबूरी या लालच रहा कि उच्च न्यायालय में शपथ पत्र प्रस्तुत करने वाले कदीर अहमद, नसीम अहमद ,मोहम्मद उबेद, सुरेश सिंह ,राजकुमारी आदि अचानक क्यों और किस लालच में अपने पैर पीछे खींच लिए?

**अंधेर नगरी, चौपट राजा: बिना एजेंडा घर पर बुलाकर लिख डालीं 4 मीटिंग्स**




शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 16 फरवरी 2026 को जैसे ही प्रशासन ने जांच की सुगबुगाहट तेज की, अध्यक्ष और श्वह्र के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में 10-11 सभासदों को अध्यक्ष के निजी आवास पर बुलाया गया।

**नियमों की धज्जियां:** न कोई एजेंडा जारी हुआ, न ही क्षेत्र के माननीय सांसद, विधायक या एमएलसी को सूचना दी गई।

**कलम एक, मीटिंग चार** आरोप है कि भ्रष्टाचार को जायज ठहराने के लिए एक ही बार में चार पुरानी तारीखों (बैक-डेट) की मीटिंग्स रजिस्टर पर चढ़ा दी गई।

**फर्जी प्रस्ताव:** जांच से बचने के लिए आनन-फानन में कई नियम विरुद्ध प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करा लिए गए हैं।

**जांच अधिकारी या 'मैनेजर'-** सभासदों का सीधा आरोप है कि नायब तहसीलदार सदर को जब इस मामले की जांच सौंपी गई, तो उन्होंने निष्पक्ष जांच करने के बजाय ' मध्यस्थता( बिचौलिये का काम) शुरू कर दी। शासन के बार-बार आदेश के बावजूद जांच को ठंडे बस्ते में डालना प्रशासन की मंशा पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

**न्याय की आस: जिलाधिकारी की चौखट पर सभासद-** आज वार्ड नंबर 7 के सभासद जहीरुल हसन और वार्ड नंबर 1 के सभासद मकसूद अली ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि खीरी नगर पंचायत में चल रहे इस 'फर्जीवाड़े' को रोका जाए। उन्होंने मांग की है कि बैक-डेट में लिखे गए प्रस्तावों को रद्द कर भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इन रसूखदारों पर लगाम कसेगा या भ्रष्टाचार की यह फाइल फाइलों में ही दफन हो जाएगी?

## गैर इरादतन हत्या में महिला आरोपी की जमानत अर्जी खारिज




**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर के चुनहा में बीते 23 जनवरी को हैदर अब्बास की हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध महिला आरोपी बिलकिश बानो

की जमानत अर्जी जिला जज सुनील कुमार ने बुधवार को खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के वकील शेख नजर अहमद के अनुसार अफरोज बानो ने पड़ोसी खादिम, उसकी मां बिलकिश बानो, तौकीर हुसैन और अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया था।

## आज लगेगा थारू विकास परियोजना विशुनपुर विश्राम में विशाल मेगा हेल्थ कैंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज रेडक्रास सोसाइटी बलरामपुर के तत्वाधान में विशाल मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर थारू विकास परियोजना, विशुनपुर विश्राम (पचपेड़वा) परिसर में आयोजित हुआ, जहां क्षेत्र के ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। इस मेगा हेल्थ कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य रोगों की जांच, परामर्श तथा निःशुल्क दवा वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, संचारी रोगों की जांच, टीबी स्क्रीनिंग सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण भी किए जा रहे हैं। शिविर का विशेष उद्देश्य दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके नजदीक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, जहां उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श और उपचार निःशुल्क प्राप्त होता है तथा समय पर जांच से गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रास सोसाइटी की इस संयुक्त पहल को जनस्वास्थ्य के प्रति एक सकारात्मक प्रयास माना जा रहा है। स्थानीय लोगों में शिविर को लेकर उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लाभार्थी पहुंच रहे हैं।

## परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार, एकमुश्त कर योजना लागू




**बस्ती।** बस्ती जिले के परिवहन आयुक्त के दिशा निर्देश के अनुसार 13 फरवरी से भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साइकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैक्सी कैब, संनिर्माण उपस्कर यान/विशेष प्रयोजन यान, माल वाहन, राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक सेवायान आदि के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम,में संशोधन कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुये संभागीय परिवहन अधिकारी फरीदउद्दीन ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार की एकमुश्त कर लागू किया गया है।उन्होने बताया कि यह व्यवस्था तकनीकी रूप में वाहन पोर्टल पर लाइव हो गयी है। इस व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य वाहन स्वामियों को बार-बार भुगतान की जटिल एवं समय-साध्य प्रक्रिया से राहत प्रदान करना, कर प्रशासन को सरल बनाना, अधिकाधिक गैर-परिवहन यानों को परिवहन यानों में परिवर्तित करना तथा राजस्व संग्रह की प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ करना है। परिवहन यानों पर एक बारीय कर( वन टाइम )की दरे निर्धारित की गयी है। संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दो पहिया मोटर साइकिल यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत , तिपहिया मोटर कैब यान के मूल्य का 7 प्रतिशत, 10 लाख तक के मोटर कैब (तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर) और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 10.5 प्रतिशत, 10 लाख से अधिक के मोटर कैब (तिपहिया मोटर कैब को छोड़कर) और मैक्सी कैब यान के मूल्य का 12.5 प्रतिशत, संनिर्माण उपस्कर या विशेष प्रयोजन यान यथा जे0सी0बी0, बुलडोजर्स आदियान के मूल्य का 6 प्रतिशत, माल वाहन 3000 किलोग्राम से अनधिक सकल यान भार के वाहन (पिकप आदि), यान के मूल्य का 3 प्रतिशत, 3000 किलोग्राम से अधिक किन्तु 7500 किलोग्राम से अनधिक सकल यान भार के वाहन (मिनी ट्रक आदि यान के मूल्य का 6 प्रतिशत, पहले से रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर एक बारीय कर की गणना के लिए पूर्व अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए एकबारीय कर की धनराशि में आठ प्रतिशत की छूट देकर गणना की जायेगी, परन्तु यह छूट पचहत्तर प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

## विकासखंड धौरहरा: कागजों पर काम दिखा सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने के आरोप

● प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से लाखों का गोलमाल किए जाने का मामला बना चर्चा का विषय

● ह्यूम पाइप खरीद और नल रिबोर के नाम पर लाखों का बंदरबाट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड धौरहरा की घपले और घोटाले की चर्चित ग्राम पंचायत हरसिंहपुर में कागजों पर काम दिखाकर सरकारी धन की जमकर लूट किए जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत से विकास की योजनाओं में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य शोक पिट और ह्यूम पाइप खरीद के साथ-साथ शौचालय फिटिंग्स में भारी भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगाया जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि हरसिंगपूर में कागजों पर विकास की रेल दौड़कर पैसा निकाल कर हजम कर लिया गया पर जमीनी स्तर पर कार्य शून्य हीं दिखाई पड़ रहा है। आरोप है की इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में एजिंग में पीला ईट और घटिया सामग्री लगा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराया गया है ।कई ऐसे काम है जो आज तक हुए ही नहीं है ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि गांव में एक भी ह्यूम पाइप नहीं डाली गई लेकिन ह्यूम पाइप की कागजों पर लाखों की खरीददारी दिखाई गई है। सबसे अहम सवाल यह है पैदा होता है कि आखिर लाखों की कीमत से खरीदी गई यह ह्यूम पाइप है कहां? शौचालय फिटिंग्स और नल रिबोर एवं मरम्मत के साथ-साथ सफाई एवं दवा छिड़काव के नाम पर जमकर सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहे हैं ।सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार धौरहरा ब्लॉक की पिछली जांच में जिन 17 ग्राम पंचायत में जांच के आदेश हुए थे उसमें से एक हरसिंहपुर भी थी। जिला




अधिकारी द्वारा कराई गई जांच में ग्रामीणों से दबाव बनाकर हस्ताक्षर अपने पक्ष में करा लिए जाने के गंभीर आरोप पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान पर लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों में भारी असंतोष दिखाई पड़ रहा है और सरकार से मामले की उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई हैं।देखना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाती है या फिर यह सब फाइलों में कैद होकर रह जाएगी।

ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया मैंने अभी कुछ समय पहले ही चार्ज लिया है मामला मेरे समय का नहीं है इसलिए कुछ भी नहीं बता सकता।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटकता मिला युवक का शव



**बस्ती।** बस्ती जिले केसोनहा थानाक्षेत्र के मंडफ स्थित छोटका पुरवा में सुबह गांव निवासी श्यामनाथ उर्फ मोटू (25) पुत्र शिवनारायण का शव साड़ी में बंधा हुआ छत के कुंडे में लगे पंखे के सहारे लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर डायल 112 के साथ थानाध्यक्ष महेश सिंह पहुंचे। पुलिस ने फाटक को तोड़कर शव को नीचे उतारा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के लिए कार्रवाई शुरू की। श्यामनाथ घर पर रहकर राजगीर का काम करता था। शनिवार को देर शाम काम करके घर आया था। ग्रामीण. व पुलिस ने बताया कि किसी बात पर परिजनों और पत्नी से कहासुनी हुई। वह अपने कमरे में सोने चला गया। रविवार सुबह जब नहीं जगा तो परिजन उसे जगाने लगे। फाटक खटखटाने पर अंदर से आवाज नहीं आई तो जंगले से देखा। उसका शव कमरे में लटक रहा था। इस बावत थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कारवाई की जाएगी।

### हरैया बाईपास पर 25 दिनों से खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रेलर दे रहा बड़ी दुर्घटना को दावत



**बस्ती।** बस्ती के हरैया तहसील अंतर्गत नगर पंचायत प्रशासन और स्थानीय पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। हरैया बाईपास सर्विस लेन पर पिछले 25 दिनों से एक दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर बीच रास्ते में लावारिस हालत में खड़ा है। यह क्षतिग्रस्त वाहन अब राहगीरों के लिए 'मौत का जाल' बनता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाहन को खड़े हुए लगभग एक महीना होने को है, लेकिन न तो नगर पंचायत और न ही पुलिस प्रशासन ने इसे हटाने की जहमत उठाई। सर्विस लेन संकरी होने के कारण रात के अंधेरे में आने-जाने वाले वाहन चालकों को यह ट्रेलर दिखाई नहीं देता, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है।क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? क्या सर्विस रोड पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करना जिम्मेदारों की प्राथमिकता में नहीं है? जनता की मांग टेलर को हटवाया जाए और रास्ते में लोगों को परेशानी से मुक्त कराया जाए लेकिन पुलिस और नगर पंचायत के लोग इस बात का ध्यान नहीं दे रहे किसी बड़ी घटना की अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं

स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मांग की है कि इस ट्रेलर को तत्काल वहां से हटवाया जाए। सर्विस रोड पर इस तरह के अवरोध से आए दिन जाम की स्थिति भी बनी रहती है और दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

### इंटर छात्रा ने की आत्महत्या, परीक्षा के तनाव में उठाया कदम, फंदे से लटकता मिला शव



**सुल्तानपुर** - इंटरमीडिएट की एक छात्रा ने परीक्षा के तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। घटना हलियापुर थानाक्षेत्र के रामपुर बाबुआन गांव की है, जहां छात्रा का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। आज से उसकी 12वीं की परीक्षाएं शुरू होनी थीं। मृतका की पहचान जग नारायण यादव की 17 वर्षीय बेटी लक्ष्मी सेन के रूप में हुई है। वह अयोध्या जिले के कुमारगंज थानाक्षेत्र स्थित गायत्री विद्या मंदिर से इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही थी। परिजनों के अनुसार, लक्ष्मी पिछले कुछ दिनों से परीक्षा को लेकर तनाव में थी। बीती रात लक्ष्मी पढ़ाई करने के बहाने अपने कमरे में गई थी। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने दरवाजा खोला। अंदर लक्ष्मी का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, परिजनों ने बताया कि छात्रा परीक्षा के अत्यधिक तनाव में थी, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया। क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सचिव, जेई व APO मनरेगा को कमीशन का लालच देकर सरकारी धन हड़पने के फिराक में जुटी ग्राम प्रधान मंजूदेवी

**●पंचायत चुनाव नजदीक देखते हुए ग्राम प्रधान मंजू देवी मनरेगा के नाम पर फर्जीवाड़ा करने में दिख रही माहिर पहले भी कई बार विकास कार्यों के नाम पर फर्जी भुगतान कर चुकी हैं ग्राम प्रधान मंजू देवी - सूत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केबहादुरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत करहली खुर्द में मनरेगा कार्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मानक को दरकिनार कर मनरेगा कार्य कराया जा रहा है, जिसमें दोनों तरफ गेहूं के फसलों की बुआई के बीच मिट्टी कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का सवाल है कि बिना दोनों तरफ मिट्टी की खुदाई के कैसे मिट्टी कार्य हो रहा है? महिला ग्राम प्रधान मंजू देवी और महिला मेट करमैता देवी पर सरकारी धन के लूटने का आरोप है। सचिव, जेई और मनरेगा एपीओ भी ग्राम पंचायत करहली खुर्द के मनरेगा भ्रष्टाचार में शामिल हैं। बीडीओ बहादुरपुर ने ग्राम पंचायत करहली खुर्द के मनरेगा घोटाले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब मानक विहीन होगा मनरेगा कार्य तो ग्राम पंचायत करहली खुर्द का कैसे होगा विकास?

सूत्रों की माने तो विकासखण्ड बहादुरपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत करहली खुर्द ग्राम प्रधान मंजू देवी पहले भी कई बार विकास कार्यों के नाम पर फर्जी भुगतान कराने में बाजी मार चुकी है और जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारी अपना - अपना हिस्सा कमीशन लेकर चुप्पी साधे रहते हैं पुनः वही भ्रष्टाचार का खेल करने की तैयारी में ग्राम प्रधान मंजू देवी जुटी है । सचिव , टीए व मनरेगा एपीओ के लापरवाही कार्यों के प्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है और ग्राम पंचायत करहली खुर्द में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार जारी है यदि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत करहली खुर्द के विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बहुत बड़े घोटाले का भंडाफोड़ हो सकता है । उक्त प्रकरण में खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर ने जांच कर जारी फर्जी मस्टर रोल को जीरो करने का निर्देश दिया है ।

## मतदाता सूची में नाम कटने की शिकायत आई सामने, सपा ने की तीखी प्रतिक्रिया

**देवरिया-** सदर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पथरहट स्थित बूथ संख्या 103 से 106 तक मतदाता सूची में नाम कटने की शिकायत सामने आई है। बीएलए महेश यादव के अनुसार कुछ लोग कथित रूप से बीएलओ पर दबाव बनाकर फॉर्म-7 के जरिए जीवित मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर पार्टी कार्यकर्ताओं को मुकदमे में फंसाने की धमकी दिए जाने की बात भी कही गई। सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव मौके पर पहुंचे और बीएलओ से बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना भौतिक सत्यापन किसी भी मतदाता का नाम काटा गया तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई कराई जाएगी। बीएलओ ने आश्वासन दिया कि नियमों के तहत ही कार्य होगा। क्षेत्राधिकारी ने भी निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया। सपा नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## छुट्टी पर घर आए लांस नायक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, छत पर मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भनखरपुर गांव में छुट्टी पर घर आए एक फौजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार देर रात उनका शव घर की छत पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार भनखरपुर गांव निवासी शरद उपाध्याय उर्फ राजेश (बंटी), उम्र लगभग 27 वर्ष, पुत्र सूर्य प्रकाश उपाध्याय भारतीय सेना में लांस नायक के पद पर तैनात थे। वह राजस्थान के अलवर जिले में स्थित 452 यूनिट में अपनी सेवाएं दे रहे थे। करीब नौ दिन पूर्व वह छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। सोमवार की देर रात उनका शव अपने ही मकान की छत पर संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर दुबौलिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जरूरी साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उनकी मां, पत्नी रुचि और एक वर्ष की बेटी आध्या हैं। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के बड़े भाई सुरेश, जो पूर्व में सेना में कार्यरत थे और वर्तमान में बीआरएस लेकर लखनऊ में रह रहे हैं, भाई की मौत की सूचना मिलते ही तत्काल गांव पहुंचे। थानाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। इस घटना से गांव में शोक और स्तब्धता का माहौल है।

## विशेष अभियान में बड़ी कार्रवाई, जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 18 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत तथा संबंधित क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों ने एक ही दिन में कुल 18 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई से न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर फरार चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है। अभियान के क्रम में थाना पुरानी बस्ती पुलिस टीम ने पांच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अमौली निवासी किशोरी, पठान टोला निवासी अनीष सोनकर, पाण्डेय बाजार निवासी दीपक, उचवा मोहल्ला निवासी गोपाल खटिक तथा परसा तकिया निवासी डब्लू शामिल हैं। ये सभी विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद फरार चल रहे थे। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। इसी क्रम में थाना वाल्टरगंज पुलिस ने भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में पुर्सिया निवासी सिकन्दर, हरदिया चौराहा निवासी शिवपूजन तथा शिवलाल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इन अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था और ये लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे। पुलिस टीम ने दबिश देकर सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

वहीं थाना मुण्डेरवा पुलिस ने भी अभियान के तहत छह वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनमें कुर्थिया निवासी राजेन्द्र प्रसाद, कड़सरी निवासी महेश लाल, पिपरा चीथर निवासी हरिश्चन्द्र, किठुरी निवासी पुनीत अग्रहरी, मेहड़ा सैदवार निवासी अनिल तथा भैसा पाण्डेय निवासी केसर शामिल हैं। सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की विधिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसी क्रम में थाना सोनहा पुलिस ने भी चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष महेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट के आधार पर रत्नेश कुमार चौधरी निवासी जाता, रामलगन निवासी कोठिला, सोनू गौंड निवासी चौकवा तथा बब्लू निवासी मण्डफ को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। ये सभी अभियुक्त विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों में वांछित थे और न्यायालय के आदेश के बावजूद उपस्थित नहीं हो रहे थे। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को हिरासत में लेकर संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। जनपद पुलिस द्वारा एक ही दिन में विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 18 वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार न्यायालय द्वारा जारी वारंटों का अनुपालन सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है और फरार अभियुक्तों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। इस कार्रवाई से जहां कानून व्यवस्था को मजबूती मिली है, वहीं आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना भी सुदृढ़ हुई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## मनोरमा की बदहाली पर भड़के सुदामा, बोले, स्वच्छता तक नहीं रुकेगा आन्दोलनः सौंपा पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया तहसील क्षेत्र में पतित पावनी मनोरमा नदी की बदहाल स्थिति और प्रशासनिक उदासीनता के विरुद्ध आज सैकड़ों समर्थकों के साथ वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामाजी' ने जिलाधिकारी बस्ती को अनुस्मारक पत्र सौंपा। इस दौरान समर्थकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने एक स्वर में नदियों की तत्काल सफाई और स्थायी समाधान की मांग उठाई। सुदामा ने कहा कि 5 फरवरी 2026 को दिए गए ज्ञापन के बावजूद मनोरमा, रामरेखा एवं कुवानो नदियों की सफाई को लेकर अब तक कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनी है और न ही किसी नोडल अधिकारी की नियुक्ति हुई है। यह जनपद की सांस्कृतिक पहचान और भावी पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। नदियाँ दूषित होंगी तो समाज बीमार होगा और नदियाँ स्वच्छ होंगी तो समाज स्वस्थ व सशक्त बनेगा।

उन्होंने बताया कि मनोरमा, रामरेखा एवं कुवानो नदियों में नगर निकायों का गंदा जल और औद्योगिक अपशिष्ट धड़ल्ले से गिराया जा रहा है। नदी तटों पर अतिक्रमण, कूड़ा-करकट व मृत पशुओं का निस्तारण आम बात हो गई है, जिससे ये पवित्र नदियाँ नालों का रूप लेती जा रही हैं। इससे भू-जल पुनर्भरण भी प्रभावित हो रहा है और हर-घर नल योजना की जलापूर्ति पर भी संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि एक सप्ताह के भीतर नोडल अधिकारी नामित कर प्रशासन, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया की संयुक्त बैठक बुलाई जाए। साथ ही एक माह के भीतर यांत्रिक व मानवीय संसाधनों से मनोरमा नदी की व्यापक सफाई कराई जाए, अवैध अतिक्रमण हटाया जाए, नगर निकायों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कूड़ा निस्तारण की स्थायी प्रणाली विकसित की जाए।

सुदामा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो 05 मार्च 2026 से मनोरमा नदी की स्वच्छता सुनिश्चित कराने हेतु बेमियादी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मनोरमा, रामरेखा और कुवानो केवल नदियाँ नहीं, बल्कि जनपद की सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक पहचान हैं। इनके तट पर स्थित मखौड़ा धाम व पंडूलघाट जैसे स्थलों के पुनरुत्थान से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक, समाजसेवी, युवाजन और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और सभी ने नदियों को स्वच्छ रखने के लिए जनआंदोलन छेड़ने का संकल्प लिया।

## अमेठी व गौरीगंज पुलिस द्वारा हत्या का खुलासा

**●मृतक की 01 मोटरसाइकिल व आलाकत्ल के साथ 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी ।** दिनांक 20.11.2024 को आवेदक श्याम कुमार सिंह पुत्र स्व0 कामता सिंह निवासी पूरे खिचरन मजरे जगदीशपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा थाना गौरीगंज पर लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक 16.10.2024 को समय करीब 07.00 बजे शाम को हंसराज यादव पुत्र देवनाथ यादव निवासी ग्राम रौजा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ उनके घर आये थे तथा आवेदक के पुत्र पवन कुमार सिंह को अपने साथ लेकर चले गये जिसके बाद से उनका पुत्र घर वापस नहीं लौटा है । उक्त सूचना पर थाना गौरीगंज पर सुसंगत धाराओं में हंसराज यादव व तीन अज्ञात व्यक्ति पर अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही थी ।पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 18.02.2026 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव थाना व जनपद अमेठी मय हमराह द्वारा विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग उपरोक्त में संदिग्ध अभियुक्त पवन कुमार यादव पुत्र दलसिंगार यादव निवासी ग्राम पूर सूबेदार मजरे मझवारा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि अभियोग में नामित अभियुक्त हंसराज यादव द्वारा पवन सिंह की हत्या कर लाश नहर में फेंक दी गयी थी तथा घटना के बाद पवन सिंह की मोटरसाइकिल हंसराज व उसने मिलकर घटना के दिन ही छिपा दी थी । उपरोक्त बयान के आधार पर पुलिस टीम द्वारा हंसराज यादव के घर दबिश दी गयी व हंसराज यादव पुत्र देवनाथ यादव निवासी ग्राम रौजा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त हंसराज यादव ने पूछताछ में बताया कि मृतक पवन सिंह से वह पूर्व से ही परिचित था । वह लोग एक-दूसरे के साथ अक्सर उठते-बैठते थे व घर आना जाना भी था । दिनांक 16.10.2024 को वह अपने घर से निकलकर अपने साथी पवन कुमार यादव के साथ पवन सिंह के घर गया था । उस दिन पवन कुमार सिंह को अपने साथ लेकर वह तीनों दिनभर घूमते टहलते व खाते पीते रहे । शाम 07.00 बजे के बाद वह पवन सिंह को लेकर अपनी ससुराल जा रहा था । जहां रास्ते में हंसराज यादव नें पवन सिंह के ऊपर 5,500/- रुपये जेब से निकाल लेने का आरोप लगाया था जिस बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा । आवेश में आकर हंसराज यादव नें हाथ में लिये लोहे की पाइप से जान से मारने की नीयत से पवन सिंह के सिर पर मार दिया जिससे पवन सिंह जमीन पर गिर गया । गिरने के उपरान्त हंसराज द्वारा लोहे की पाइप से वार कर पवन सिंह की हत्या कर दी गयी तथा शव को नहर में फेंक कर भाग गया । दूसरे दिन हंसराज यादव ने पवन कुमार यादव को पूरी बात बतायी व पवन कुमार यादव की सहायता से मृतक की मोटरसाइकिल व आलाकत्ल छिपा दिया था । निशानदेही पर नहर पटरी के पास से आला कत्ल लोहे की पाइप तथा अभियुक्त की ससुराल के एक कमरे से मृतक की पैसन प्रो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 44 एबी 0397 व घटना के समय पहने कपड़े बरामद हुये । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार अभियोग उपरोक्त में धारा 103(1), 238 बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

## हर कार्यकर्ता बने विचार और सेवा का वाहक - शंकर गिर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मुसाफिरखाना, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी जनपद अमेठी द्वारा मुसाफिरखाना स्थित ब्लॉक सभागार में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' की जिला कार्यशाला का आयोजन अत्यंत गरिमामई एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जनपद अमेठी के जिला प्रभारी शंकर गिरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि शंकर गिरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पार्टी समय-समय पर अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर उन्हें संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और योजनाओं से जोड़ती रही है। यह अभियान नए एवं पुराने सभी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दृष्टि से सुदृढ़ बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।उन्होंने आगे कहा कि जिला स्तर पर आयोजित यह कार्यशाला मंडल स्तर तक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल संचालन की आधारशिला है। सभी कार्यकर्ताओं को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें अपने-अपने मंडलों में प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया।अध्यक्षीय संबोधन में जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि मंडल स्तर पर श्रेणीबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।जिला संयोजक भागीरथी मौर्य एवं सह संयोजक डॉ. प्रज्ञा बाजपेई और रोहित चौधरी के नेतृत्व में प्रशिक्षण महाअभियान को संगठित एवं प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, दुर्गेश त्रिपाठी, उमाशंकर पांडेय, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, जिला मंत्री अतुल सिंह, प्रभात शुक्ला, महेंद्र मिश्रा, काली भगत सिंह, सुरेश तिवारी सहित मंडलों के प्रशिक्षण संयोजक एवं सह-संयोजक गण एवं अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यशाला में संगठन के प्रति समर्पण, सेवा एवं राष्ट्रहित के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण महाअभियान निश्चित ही जनपद अमेठी में संगठनात्मक ऊर्जा और वैचारिक जागरूकता को नई दिशा प्रदान करेगा।

## अटल पर्यावरण पार्क में 'अटल द्वार' का लोकार्पण

**●पालिकाध्यक्ष और भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया जीर्णोद्धारित प्रवेश द्वार का उद्घाटन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** - नगर क्षेत्र के सीताकुंड वार्ड स्थित अटल पर्यावरण पार्क के मुख्य प्रवेश मार्ग पर एक नए द्वार का लोकार्पण किया गया है। यह द्वार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 'अटल द्वार' के नाम से जाना जाएगा। नगर पालिका द्वारा जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा होने के बाद पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने विधि-विधान पूर्वक पूजन कर इसका उद्घाटन किया। यह पूर्व निर्मित द्वार अत्यंत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। पार्क में नियमित रूप से आने वाले लोगों और स्थानीय सभासद अरुण कुमार तिवारी द्वारा लंबे समय से इसके जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी। नगर पालिका ने इस गेट का राजस्थान के धौलपुर के लाल पत्थर से सौंदर्यीकरण कराते हुए इसे नया रूप दिया है। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि अटल पर्यावरण पार्क नगर क्षेत्र का एकमात्र पूर्ण विकसित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त पार्क है। उन्होंने कहा कि अटल जी हमारी प्रेरणा हैं और उनके नाम पर अटल पथ, अटल द्वार, अटल पर्यावरण पार्क का नामकरण व प्रतिमा स्थापना सुखद अनुभूति कराता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अटल पर्यावरण पार्क में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भव्य आदमकद प्रतिमा शासन स्तर से अनुमति प्राप्त कर कार्यकर्ताओं के सहयोग से शीघ्र ही स्थापित की जाएगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका द्वारा इसी प्रकार अन्य महापुरुषों के नाम से भी नगर क्षेत्र में मार्गों और द्वारों का निर्माण कराया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने पालिका द्वारा पर्यावरण पार्क का नाम 'अटल पर्यावरण पार्क' किए जाने, पालिका स्तर से उनकी प्रतिमा स्थापना की स्वीकृति देने और इस गेट का जीर्णोद्धार कर 'अटल द्वार' किए जाने हेतु पालिकाध्यक्ष की प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया।

## थाना अमेठी पुलिस द्वारा चोरियों का खुलासा

**●चोरी के 02 नलकूप इंजन व चोरी की घटना में प्रयुक्त मैजिक पिकअप वाहन के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना अमेठी जनपद अमेठी से संबन्धित मैजिक पिकअप वाहन सवार 04 अभियुक्तों लवकुश कोरी पुत्र जगेसर निवासी ग्राम रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष, अंकित कुमार पुत्र छंगू कोरी निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष, प्रान्शु कश्यप पुत्र बैजनाथ निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष व राजबहादुर कोरी पुत्र रामअभिलाष निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है । मैजिक पिकअप वाहन संख्या यूपी 36 टी 6394 की चेकिंग में गाड़ी के डाले में 02 नलकूप इंजन खुले हुये बरामद हुये तथा अभियुक्तगण उपरोक्त वाहन के कागज मांगने पर दिखाने में कासिर रहे । पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 10.02.2026 को ग्राम दरखा के पूरे बरियार में गांव के बाहर खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर 01 नलकूप इंजन व ग्राम दरखा के खेत में लगे 01 नलकूप इंजन को चोरी किया था । चोरी करने के उपरान्त उन लोगों ने उक्त नलकूप इंजनों को मैजिक वाहन में लादकर छिपा दिया था जिसे आज बेचनें के लिए जा रहे थे । बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई ।

## शिविरार्थियों ने पोस्टर और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**देवरिया।** बीआरडीपीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने साहू टोला और मेहड़ा पुरवा में स्वच्छता अभियान चलाने के बाद नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली को राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. समरेन्द्र बहादुर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिविरार्थियों ने पोस्टर और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग से आए आईसीटीसी परामर्शदाता शिरीष कुमार त्रिपाठी ने एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारणों और बचाव पर जानकारी देते हुए जागरूकता को सबसे बड़ा उपाय बताया तथा एआरटी सेंटर की सेवाओं पर प्रकाश डाला। बौद्धिक सत्र में डॉ. आलोक मिश्र ने 'खाद्य सुरक्षा एवं स्वास्थ्य' विषय पर संतुलित आहार, योग और नियमित व्यायाम के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महाराजगंज क्षेत्र के पांच बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच पहले दिन की बोर्ड परीक्षा सम्पन्न



**महाराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के पांच बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के बीच पहले दिन की बोर्ड परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा केंद्रों में राजकीय इंटर कॉलेज हलोर, स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर, राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज व न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू समेत पांच केंद्रो पर पहले दिन सुबह की पाली में हाईस्कूल व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सकुशल संपन्न हुईं। दोनों पालियों की बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए सचल दस्ते केन्द्रवार भागदौड़ करते देखे गए। सुबह की पाली में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने हलोर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज पहुंच कर परीक्षा का जायजा लिया। वहां की चाक-चौबंद इंतजाम देख उन्होंने सराहना भी की। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा प्रभारी बृजेश तिवारी को नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

### घुमंतु समुदाय के लोगों को प्रशासन ने रहने के लिए आवंटित की जमीन



**लहरपुर सीतापुर –** बंजारा समाज एवं घुमंतु समुदाय के लोगों को प्रशासन ने ग्राम सभा रायपुर गंज में गाटा संख्या 282 की 11 बीघा जमीन आवंटित की है यहां पर लगभग 128 संभावित आवासों वाली बंजारा कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा है। योजना का लाभ केवल वास्तविक हकदारों को मिले इसके लिए मौके पर ही परिवारों की विधवत काउंटिंग भी की जा रही है नई कॉलोनी में पक्की छत के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल बिजली सड़क और बंजारा समाज के लोगों को अपनी नई पहचान मिल सके और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए प्रशासन पूरी तरीके से कार्य कर रहा है समाज के जागरूक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से वहां पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके इस पर भी कार्य कर रहा है इसी श्रृंखला में सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी के द्वारा 114 लोगों को कंबल वितरित किए गए उन्होंने बताया श्री पीतांबरा शिक्षा समिति के द्वारा शीघ्र ही पात्र लोगों को होढने के लिए चादर व दैनिक जीवन में काम आने वाली सामग्री वितरित की जाएगी वितरण करने में लेखपाल राहुल यादव व प्रशासन के लोगों पूर्ण रूप से सहयोग रहा।

### सेंट मैरी स्कूल, दुद्धी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन, क्षेत्राधिकारी ने किया छात्र छात्राओं को जागरुक



**दुद्धी/ सोनभद्र-** बुधवार को क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय द्वारा दुद्धी क्षेत्रान्तर्गत सेंट मैरी स्कूल, दुद्धी में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया दुरुपयोग, फर्जी लिंक/ओटीपी साझा करने के खतरे, साइबर बुलिंग, बैंकिंग धोखाधड़ी, फिशिंग कॉल, डिजिटल अरेस्ट जैसे प्रचलित साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाने, दो-स्तरीय सुरक्षा (2FA) का प्रयोग करने तथा अनजान लिंक पर क्लिक न करने के संबंध में आवश्यक सावधानियां बताई गईं। क्षेत्राधिकारी दुद्धी द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें तथा www.cybercrime.gov.in पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें, जिससे समय रहते धनराशि को होल्ड कराया जा सके। विद्यालय प्रशासन एवं छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई तथा विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया गया।

# 27 फरवरी तक चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान

**●सीतापुर में 3.81 लाख से अधिक बच्चों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य, कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे शामिल**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर(ब्यूरो)।** जनपद में मिज़ल्स-रूबेला (एमआर) जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एमआर टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से संचालित हो चुका है, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले 3,81,282 बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। जिन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र संचालित है, वहां संबंधित विद्यालय के अध्यापक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी नोडल अध्यापकों को आवश्यक प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी बच्चे के पास आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है, तो नोडल अध्यापक अपनी पहचान के माध्यम से बच्चे का टीकाकरण सुनिश्चित कराएंगे। टीकाकरण से संबंधित समस्त जानकारी यू-विन पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। विद्यालयों में यदि बच्चे अनुपस्थित पाए जाते हैं, तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा गांव-गांव जाकर बच्चों को चिन्हित कर अभियान स्थल तक लाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा छूटने न पाए। इस व्यापक अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद स्तर पर 710 एएनएम, 4160 आशा कार्यकर्ता, और 142 संगिनी को तैनात किया गया है। प्रशासन ने सभी फील्ड कर्मियों को समयबद्ध और समन्वित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी विद्यालय या कैंप स्थल पर ले जाकर टीकाकरण अवश्य कराएं और जनपद को मिज़ल्स-रूबेला मुक्त बनाने में सहयोग करें।

**रूबेला-एमआर टीका क्यों ज़रूरी: डॉ0 इमरान**

रूबेला एक संक्रामक वायरल बीमारी है, जो खांसने-छींकने और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से तेजी से फैलती है। यह बीमारी बच्चों में सामान्य प्रतीत हो सकती है, लेकिन गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक होती है, क्योंकि इससे अजन्मे शिशु में गंभीर जन्मजात विकृतियाँ हो सकती हैं। मीज़ल्स-रूबेला (एमआर) टीका बच्चों को दोनों बीमारियों से सुरक्षित करता है, संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ता है और समाज को भविष्य की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह टीका सुरक्षित, प्रभावी और सरकारी कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क उपलब्ध है। डॉ0 इमरान, डिप्टी सीएमओ (नोडल अधिकारी) सीतापुर।

# सड़क हादसे में नाना-नवासे की मौत

**● प्रयागराज-अयोध्या हाइवे पर रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर-** बुधवार दोपहर प्रयागराज-अयोध्या हाइवे पर हुए एक सड़क हादसे में नाना और उनके नवासे की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही जान चली गई। स्थानीय लोग उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अहिमाने बाजार के पास हुई। तिवारीपुर निवासी अरविंद श्रीवास्तव अपने नवासे श्रेयांस श्रीवास्तव उर्फ चाहत के साथ अहिमाने बाजार जा रहे थे। श्रेयांस अमेठी जिले के पूरे लाला राम प्रसाद के रहने वाले थे।

जानकारी के अनुसार, जब वे दोनों हाइवे पर प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक रोडवेज बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सड़क पर दूर जा गिरे। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें एक निजी वाहन से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के एसओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला

**घर में घुसकर की मारपीट, दो नामजद आरोपियों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर**

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग बालक के साथ घर में घुसकर की गई बेरहमी से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि बीती 17 फरवरी को उसका 14 वर्षीय पुत्र घर पर पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही परमाल और सचेंद्र पुत्रगण हरिकिशन घर में जबरन घुस आए और बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए बालक के साथ मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित के अनुसार आरोपी बालक को मारते-पीटते हुए घर से बाहर दरवाजे तक ले आए। यहां परमाल ने बच्चे को पकड़ लिया, जबकि सचेंद्र ने लाठी-डंडों से उस पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। मारपीट में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े।

# श्री बाल्हेश्वर मंदिर में भोलेनाथ का हुआ 69वां अपूर्व पुष्प श्रृंगार

**● महाशिवरात्रि मेले का समापन दिव्य आरती और देवासुर संग्राम ने बांधा समां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित सुप्रसिद्ध श्री बाल्हेश्वर मंदिर में दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का भावपूर्ण समापन हो गया। इस अवसर पर भूत भावन भगवान बाल्हेश्वर महादेव का 69वां भव्य पुष्प श्रृंगार किया गया। रंग बिरंगे फूलों से सजे महादेव के दिव्य स्वरूप के दर्शन के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। श्रृंगार पट के अनावरण के बाद मंदिर परिसर हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। प्रधान पुजारी पं. झिलमिल महाराज सह पुजारी संजीव तिवारी ने विधिवत पूजा अर्चना और आरती संपन्न कराई। श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर भोलेनाथ के दर्शन किए। देर शाम को आयोजित दिव्य आरती में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह और आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने भी आरती में भाग लिया। पूर्व विधायक ने मंदिर परिसर की विद्युत समस्या के समाधान के लिए सोलर ऊर्जा की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। अन्य समस्याओं के शीघ्र निराकरण की बात भी कही। मेले में देर रात तक चहल पहल बनी रही। भक्तों के चेहरे पर श्रद्धा और उत्साह साफ झलक रहा था। श्री जन कल्याण समिति के कलाकारों ने देवासुर संग्राम नाटक का मंचन किया।कलाकारों के संवाद और प्रस्तुति ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। संचालन कीर्ति मनोहर शुक्ला ने किया। मंदिर की व्यवस्था को लेकर उपप्रबंधक कपिल देव तिवारी ने बताया कि बाल्हेश्वर सेवा समिति, श्री जन कल्याण समिति और ग्राम पंचायत के कार्यकर्ताओं ने दो दिन तक अथक परिश्रम किया। सामूहिक प्रयास से आयोजन सफल रहा।



इस मौके पर सूर्य प्रसाद मिश्रा, अखिलेश पांडेय,राजन तिवारी, टेनी बाबा, मिक्कू शुक्ला, गोविंद अवस्थी, कमल शुक्ला, बबुआ अवस्थी धुनम शुक्ल, अतुल मिश्रा, शिवबरन वर्मा, चौघड़िया राय,बचोल शुक्ला, जितेंद्र यादव, राहुल निर्मल, दीपू तिवारी, विकास शुक्ला खोया-पाया केंद्र होरीलाल आदि सभी लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

# नकली डीएपी खाद बेचने का बड़ा खुलासा

**●किसानों की फसल बर्बाद, महरौनी में दो व्यापारियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।**किसानों को नकली डीएपी खाद बेचकर उनकी मेहनत और फसल से खिलवाड़ करने का गंभीर मामला सामने आया है। थाना महरौनी क्षेत्र में कृषि विभाग की जांच के बाद नकली उर्वरक बिक्री का खुलासा हुआ है। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है और वे दोषियों पर सख्तकार्रवाईकीमांगकर रहे हैं। महरौनी के ग्राम पठा निवासी किसान रामलखन ने जनवरी माह में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने मटर की फसल के लिए डीएपी खाद खरीदी थी, लेकिन खाद डालने केकुछ ही दिनों बाद खेतों में हरियाली आने के बजाय फसल पीली पडने लगी और धीरे-धीरे सूखने लगी। फसल में अपेक्षित अंकुरण नहीं हुआ, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

**जांच में खुली नकली खाद की पोल**

किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ललितपुर के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। जांच में प्रथम दृष्टया फसल पर नकली डीएपी खाद का प्रतिकूल प्रभाव पाया गया। इसके बाद कृषि विभाग ने ग्राम पठा स्थित मे. देवता ट्रेडर्स नामक उर्वरक विक्रेता की दुकान और गोदाम का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान दुकान में उपलब्ध डीएपी खाद का स्टॉक संदिग्ध पाया गया। पोर्टल व अभिलेखों की जांच में डीएपी खाद का वैध स्टॉक शून्य दर्शाया गया। इसके बावजूद बिक्री किए जाने के साक्ष्य सामने आए। मौके से डीएपी खाद की एक बोरी जब्त कर उसका नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

**प्रयोगशाला रिपोर्ट में नकली साबित**

प्रयोगशाला से 13 फरवरी 2026 को प्राप्त रिपोर्ट में डीएपी खाद अमानक (नकली) पाई गई। रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट हो गया कि किसानों को जानबूझकर नकली डीएपी खाद बेची गई, जिससे उनकी फसल को भारी नुकसान पहुंचा।जांच में यह भी सामने आया कि किसान द्वारा 20 अक्टूबर 2025 को खाद की खरीद के एवज में 9,000 रुपये की ऑनलाइन पेमेंट की गई थी, जिससे बिक्री का तथ्य प्रमाणित होता है।

**दो नामजद आरोपियों पर मुकदमा**

जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती की तहरीर पर थाना महरौनी में मे.देवता ट्रेडर्स के संचालक ग्राम पठा निवासी संदीप विदुआ और राहुल विदुआ के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत एफआईआर संख्या 0062/2026 दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**किसानों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग**

इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना है कि नकली खाद के कारण उनकी पूरी फसल चौपट हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जाएं और उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यापारी किसानों की मेहनत से खिलवाड़ न कर सकें।

**प्रशासन का सख्तसंदेश**

कृषि विभाग और प्रशासन ने साफ किया है कि नकली खाद, बीज या कीटनाशक बेचने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिले भर में उर्वरक दुकानों की सघन जांच अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ में चीफ इंजीनियर का किसानों ने किया घेराव, आखिर क्यों लगाए मुर्दाबाद के नारे?

**लखनऊ।** बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारतीय किसान यूनियन (हिन्दुस्तान) ने मुख्य अभियंता (अमौसी) कार्यालय का घेराव बुधवार को किया। आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अभियंता शिकायतों के बाद भी समस्या का निवारण महीनों तक नहीं करते। यही नहीं सरकारी सीयूजी नंबर पर फोन करने पर कोई जवाब नहीं देते। ऐसी कई समस्याओं को लेकर किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और बंगला बाजार स्थित मुख्य अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर पहुंचे अधिशासी अभियंता नीरज कुमार पर भी किसानों ने नाराजगी जताई। वहीं मुख्य अभियंता ने ज्ञापन लेते हुए कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करवाया और बची हुई समस्याओं का निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन (हिन्दुस्तान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. सलमान व महासचिव अजय यादव ने आरोप लगाया कि मलिहाबाद के मनौदा ग्राम में नौ माह पहले दो सौ मीटर केबल चोरी हुआ था।

## पंच कैलाशी शिव साधिका साधना दीदी ने भंडारे में शिवभक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर मंगलमय जीवन की कामना

**●भंडारे में शिवभक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवा (सीतापुर)-** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी द्वारा नगर के वार्ड मोहल्ला कैथी टोला बिसवा में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी ने भोलेनाथ शिव जी का जल, दूध, दही,शहद, शक्कर, फल, फूल, मेवा, मिष्ठान से रुद्राभिषेक किया।उसके उपरांत भोलेनाथ शिव जी को वस्त्र पहनाकर विधिवत आरती एवं पूजा अर्चना की। भंडारे का शुभारंभ पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी ने ब्राह्मणों एवं कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा देकर किया। भंडारे में बिसवा, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई सहित विभिन्न जनपदों सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव भक्तों ने सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेई दीदी ने सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी के सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की। भंडारे के सफ़ल आयोजन में अजय बाजपेई, कौशल अक्षय बाजपेई, अश्वनी छोटू बाजपेई, अभय बाजपेई, सूरज बाजपेई, ऊषा किरन, शशि गुड़िया मिश्रा, बेबी शुक्ला, शैली बबली शर्मा, गीता बाजपेई, संध्या बाजपेई, वंश बाजपेई, शिवांश बाजपेई, रुद्रिका नव्या बाजपेई आदि का विशेष योगदान रहा।

# तहसील सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज/रायबरेली।** तहसील सभागार में 'किसान दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक खेती, सरकारी योजनाओं और पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उप कृषि निदेशक विनोद शर्मा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय ने रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल पर चिंता जताई। उन्होंने किसानों को मिट्टी की सेहत बनाए रखने के लिए उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी। इसके अलावा इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार ने कृषि क्षेत्र की नई क्रांति 'नैनो यूरिया' और 'नैनो डीएपी' के उपयोग और फायदों के बारे में किसानों को विस्तार से समझाया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ विश्व विजय रघुवंशी ने फसलों में लगने वाले रोगों और उनके प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. नीलेश शर्मा ने औद्यानिक फसलों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे किसान फल और सब्जियों की खेती से कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उमेश चंद्रा ने विभाग की योजनाओं और पशुओं के टीकाकरण व रखरखाव के बारे में जानकारी दी। जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना उत्पादन बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीकों और विभाग द्वारा किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी व अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि दिलीप सोनी एवं सहकारिता अरुण कुमार श्रीवास्तव अवर अभियंता लघु सिंचाई, विषय वस्तु विशेषज्ञ और राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी अंकित यादव किसान शीतला प्रसाद, श्रीपाल, उमाबक्श सिंह सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# कंट्रोल रूम में जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों की हो रही लाइव मॉनिटरिंग, सभी परीक्षा केंद्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**● सभी केंद्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश**

**जनपद में स्थापित कंट्रोल रूम से की जा रही परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग**

**डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर, की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जनपद में यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज व पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 09 जोन व 19 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 107 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।



कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन भुगतान के नाम पर ठगी

**● सेल्समैन से 8,500 रुपये हड़पने का आरोप, नामजद आरोपी पर केस दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पेट्रोल पंप कर्मियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने सतर्कता बढ़ाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला महरौनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता भवानी फिलिंग स्टेशन, नाराहट रोड से जुड़ा है। यहां कार्यरत सेल्समैन म.प्र. के जिला टीकमगढ़ निवासी अजय राय पुत्र बिहारी रायने पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में बताया कि वह उक्त पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्य करता है।पीड़ित के अनुसार17 फरवरी 2026 की शाम लगभग 4 बजे थाना सौजना के ग्राम पथराई निवासी देवेन्द्र पुत्र काशीराममोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर आया। आरोपी ने पहले 1500 रुपये का पेट्रोल डलवाया और इसके बाद अजय राय से कहा कि वह उसे 8500 रुपये नकद दे दे, जिसके बदले वह अपने मोबाइल फोन से कुल 10 हजार रुपये फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर कर देगा।पीड़ित ने बताया कि आरोपी की बातों पर भरोसा कर उसने मोटरसाइकिल में 1500 रुपये का पेट्रोल डाल दिया, लेकिन जब 8500 रुपये नकद देने से उसने मना किया तो आरोपी ने कहा कि वह मोबाइल से भुगतान कर चुका है और मौके से वहां से चला गया। कुछ देर बाद जब पीड़ित ने अपने मोबाइल फोन कीजांच की तो खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई।इसके बाद पीड़ित ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे बाजार क्षेत्र में तालाब के पास पकड़ लिया। तत्पश्चात आरोपी को थाना महरौनी लाकर पुलिस के सुपुर्द किया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4) के तहत एफआईआर संख्या0061/2026 पंजीकृतकीहै।इस घटना के बाद पेट्रोल पंप संचालकों और कर्मचारियों में चिंता का माहौल है। उनका कहना है कि डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के बीच इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही हैं, जिससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की ठगी पर अंकुश लगाया जा सकें।

# श्री चौड़ा माता की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए हजारों लोग

**● शांति यज्ञ के साथ विशाल भण्डारा सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बार।** ग्राम चुनगी स्थित ऊंची पहाड़ियों पर बने श्री चौड़ामाता धाम में बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा, शांति यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन समिति के अनुसार, माता की दिव्य प्रतिमा विशेष रूप से जयपुर (राजस्थान) से मंगाई गई थी। प्रातःकाल मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के साथ माता की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से संपन्न हुई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने 'जय माता दी' के जयघोष से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना के लिए शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति देकर मां का आशीर्वाद लिया। दिन भर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, धार्मिक गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होती रहीं, जिससे माहौल आध्यात्मिक बना रहा। चुनगी, धनगौल, मावलैन समेत आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बुजुर्ग और युवा श्रद्धालु धाम पहुंचे। पहाड़ी पर स्थित मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। माता के दर्शनों के लिए भारी भीड़ उमड़ी, और श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए। पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भंडारे में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। आयोजन समिति ने सभी ग्रामवासियों, दानदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। इस कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# शिवाजी महाराज- एक अजेय योद्धा और आदर्श सुशासन के प्रणेता

भारतीय इतिहास के फ्लक पर छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र हैंए जिनकी चमक सदियों बाद भी धुंधली नहीं हुई है। उनका जीवन केवल एक राजा की विजय गाथा नहींए बल्कि एक दबे.कुचले समाज के आत्मसम्मान की वापसी का महाकाव्य है। 17वीं शताब्दी का वह कालखंड जब संपूर्ण भारत विदेशी आक्रांताओं के पैरों तले रौंदा जा रहा थाए उत्तर में मुगलों का कट्टर शासन था और दक्षिण में बीजापुर व गोलकुंडा की सल्तनतें अपनी जड़ें जमाए हुए थींए उस अंधकारमय समय में शिवाजी ने श्स्वराज्यश् की मशाल जलाई। 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में जन्में इस बालक के भाग्य में केवल जागीरदारी भोगना नहींए बल्कि एक नए राष्ट्र का निर्माण करना लिखा था। उनकी माता जीजाबाई ने उनके बाल मन में रामायण और महाभारत के पात्रों के माध्यम से जो संस्कार बोएए उन्होंने शिवाजी को केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक धर्मनिष्ठ और नीतिवान शासक बनाया। पिता शाहजी भोंसले की सैन्य प्रतिभा और माता के आध्यात्मिक मार्गदर्शन ने उन्हें वह दृष्टि दी जिससे उन्होंने समझ लिया था कि गुलामी की बेड़ियाँ केवल तलवार से नहींए बल्कि संगठित शक्ति और स्वाभिमान से टूटती हैं। शिवाजी का बचपन पुणे के मावल क्षेत्र की पहाड़ियों में बीताए जहाँ उन्होंने प्रकृति के साथ.साथ वहां के सीधे.सादे मावलों के हृदय को भी जीता। इन्हीं मावलों को उन्होंने अपनी सेना की रीढ़ बनाया और उन्हें सिखाया कि स्वराज्य के लिए मरना नहींए बल्कि लड़कर जीतना ही एकमात्र विकल्प है। शिवाजी महाराज की सैन्य प्रतिभा का पहला परिचय तब मिला जब मात्र 16 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने तोरण दुर्ग पर अधिकार कर लिया। यह उस समय की महान शक्तियों को एक स्पष्ट चुनौती थी। उन्होंने धीरे.धीरे चाकनए कोंडाणा और पुरंदर जैसे किलों को अपने अधिकार में लेकर अपनी शक्ति का विस्तार करना शुरू किया। उनकी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा था श्गनिमी कावाश् यानी छापामार युद्ध पद्धति। वे जानते थे कि मुगलों और आदिलशाही की विशाल सेनाओं का सामना खुले मैदान में करना आत्मघाती होगाए इसलिए उन्होंने सह्याद्रि की दुर्गम पहाड़ियों को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। उनकी सेना छोटी थी लेकिन अत्यंत तीव्रगामी और अनुशासित थी। शिवाजी ने किलों के महत्व को बखूबी समझा थाए उनका मानना था कि जिसके पास दुर्ग हैए उसी के पास भूमि है। इसीलिए उन्होंने न केवल पुराने किलों की मरम्मत करवाई बल्कि रायगढ़ और सिंधुदुर्ग जैसे अजेय किलों का निर्माण भी कराया। बीजापुर के सेनापति अफ़ज़ल खान के साथ उनका मुकाबला इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो उनकी वीरता और बुद्धिमत्ता दोनों को दर्शाता है। जब अफ़ज़ल खान ने छल से उन्हें मारने का प्रयास कियाए तो शिवाजी ने अपने बाघनख से उसका अंत कर दिया। इस घटना ने पूरे दक्षिण भारत में यह संदेश फैला दिया कि अब विदेशी आक्रांताओं का काल आ चुका है। शिवाजी महाराज केवल एक विजेता नहीं थेए वे एक महान दृष्टा थे। उन्होंने भांप लिया था कि भारत की लंबी समुद्री सीमा की रक्षा किए बिना स्वराज्य कभी सुरक्षित नहीं रह सकता। उस समय सिद्दीए पुर्तगाली और अंग्रेज समुद्र के रास्ते भारत में घुसपैठ कर रहे थे। शिवाजी ने एक शक्तिशाली नौसेना का गठन कियाए जिसके कारण उन्हें श्भारतीय नौसेना का जनकश् कहा जाता है। उन्होंने समुद्र के बीचों.बीच किलों का निर्माण करवाया ताकि समुद्री लुटेरों और विदेशी व्यापारियों की मनमानी पर अंकुश लगाया जा सके। उनकी दूरदर्शिता का प्रमाण यह भी था कि उन्होंने कभी भी युद्ध को धर्म युद्ध का नाम देकर निरपराधों पर अत्याचार नहीं किया। उनके शासन में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि था। कल्याण के सूबेदार की बहू का उदाहरण विश्वविख्यात हैए जिसे बंदी बनाकर लाए जाने पर शिवाजी ने उसे सम्मान सहित वापस भेजा और कहा कि काश मेरी माता भी आपकी तरह सुंदर होतीं तो मैं भी सुंदर होता। यह उनके चरित्र की पराकाष्ठा थी जिसने उन्हें श्जानता राजाश् यानी प्रजा के सुख.दुख को समझने वाला राजा बनाया। औरंगजेब जैसे शक्तिशाली मुगल सम्राट के साथ शिवाजी का संघर्ष भारतीय इतिहास का सबसे रोमांचक हिस्सा है। आगरा के किले में शिवाजी को नजरबंद करना औरंगजेब की बड़ी भूल साबित हुई। जिस तरह से शिवाजी मिठाई के टोकरे में छिपकर अपने पुत्र संभाजी के साथ वहां से सुरक्षित निकलेए उसने मुगलों के अहंकार को मिट्टी में मिला दिया। महाराष्ट्र लौटकर उन्होंने अपनी शक्ति को पुनः संगठित किया और एक.एक करके अपने खोए हुए किलों को वापस जीता। 6 जून 1674 को रायगढ़ के दुर्ग में उनका राज्याभिषेक हुआ। यह केवल एक व्यक्ति का राज्याभिषेक नहीं थाए बल्कि हिंदवी स्वराज्य की विधिवत स्थापना थी। उन्होंने श्छत्रपतिश् की उपाधि धारण की और सिद्ध किया कि भारत की संतानें अपना भाग्य स्वयं लिखने में सक्षम हैं। उन्होंने अष्टप्रधान मंडल की स्थापना कीए जो आधुनिक समय के मंत्रिमंडल जैसा ही था। इसमें प्रशासन के विभिन्न विभागों के लिए विशेषज्ञ मंत्री नियुक्त किए गए थे। उन्होंने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त नियम बनाए और यह सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिले। शिवाजी महाराज की शासन व्यवस्था में जाति और पंथ के आधार पर कोई भेदभाव नहीं था। उनकी सेना में मुसलमान भी उच्च पदों पर आसीन थे और उनके तोपखाने का प्रमुख इब्राहिम खान था। उन्होंने हमेशा योग्यता को प्राथमिकता दी। उन्होंने स्वराज्य की राजभाषा के रूप में मराठी और संस्कृत को बढ़ावा दिया और श्राज्य व्यवहार कोषश् तैयार करवाया ताकि प्रशासनिक शब्दावली से विदेशी शब्दों का प्रभाव कम किया जा सके। उनकी न्याय व्यवस्था त्वरित और निष्पक्ष थी। वे अपने सैनिकों को लूट पर निर्भर रहने के बजाय सरकारी खजाने से नकद वेतन देते थेए जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था। पर्यावरण के प्रति भी उनकी संवेदनशीलता अनुकरणीय थीय उन्होंने स्पष्ट आदेश दिए थे कि किलों या जहाजों के निर्माण के लिए फ्लदार वृक्षों को न काटा जाए और वनों का संरक्षण किया जाए।

शिवाजी महाराज का जीवन चुनौतियों से भरा रहाए लेकिन उन्होंने कभी धैर्य नहीं खोया। उनके लिए स्वराज्य का अर्थ केवल भौगोलिक सीमाएं जीतना नहीं थाए बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्वतंत्रता प्राप्त करना था। समर्थ रामदास और संत तुकाराम जैसे संतों का उन पर गहरा प्रभाव थाए जिन्होंने उनके भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ किया। 3 अप्रैल 1680 को मात्र 50 वर्ष की आयु में उनका देहावसान हो गयाए लेकिन उनके द्वारा बोया गया स्वराज्य का बीज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका था। उनकी मृत्यु के बाद भी मराठों ने औरंगजेब के खिलाफ 27 वर्षों तक स्वतंत्रता का युद्ध लड़ा और अंततः मुगलों की कमर तोड़ दी। शिवाजी का व्यक्तित्व एक ऐसे आदर्श शासक का है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। वे एक व्यक्ति नहींए बल्कि एक विचार हैंकृअन्याय के विरुद्ध खड़े होने का विचारए आत्मसम्मान के साथ जीने का विचार और राष्ट्र की सेवा में सर्वस्व अर्पण करने का विचार। आज भी जब हम उनके जीवन का अध्ययन करते हैंए तो पाते हैं कि उनकी नीतियांए चाहे वह जल प्रबंधन होए सैन्य रणनीति हो या सुशासनए आज के आधुनिक युग में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम भारतीय इतिहास के पन्नों पर ही नहींए बल्कि करोड़ों भारतीयों के हृदय में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हैए जो हमें सदैव यह याद दिलाता रहेगा कि संकल्प यदि दृढ़ हो और उद्देश्य पवित्रए तो कोई भी बाधा हमें हमारे लक्ष्य तक पहुँचने से नहीं रोक सकती।

शिवाजी महाराज की विरासत को किसी एक क्षेत्र या भाषा तक सीमित नहीं किया जा सकता। वे पूरे भारत के गौरव हैं। उनके द्वारा स्थापित परंपराओं ने ही आगे चलकर बाजीराव पेशवा और अन्य महान सेना नायकों को जन्म दिया जिन्होंने अटक से कटक तक भगवा ध्वज फ्हराया। आधुनिक भारत में भी जब हम अपनी नौसेना के ध्वज को देखते हैंए तो उसमें शिवाजी महाराज की शाही मुहर का प्रभाव दिखाई देता है। वे एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने गुलाम मानसिकता को उखाड़ फेंका और भारत को उसकी खोई हुई पहचान वापस दिलाई। उनका जीवन हमें सिखाता है कि शक्ति और भक्ति का संगम ही राष्ट्र को परम वैभव तक ले जा सकता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## वेस्टयूपी में हाईकोर्ट बेंच की मांग को धार देते आंदोलनकारी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश (वेस्ट यूपी) में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक बेंच स्थापित करने की मांग एक बहुत पुराना और लगातार जारी रहने वाला आंदोलन है। लगभग 70 साल पुरानी यह मांग केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय न्याय, सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की एक गहरी पुकार है। इस आंदोलन के कामयाब न होने की खास बात यह रही कि आंदोलनरत वकील आदोलन से जनता को नही जोड़ सके। अब पश्चिम उत्तर प्रदेश के वकीलों अपनी गलती समझ गए। उन्होंने रणनीति में बदलाव किया है। वह इससे पश्चिम उततर प्रदेश की जनता को जोड़ने में लग गए हैं। जनता को बैंच बनने के फायदें बता रहे हैं। अन्य जनप्रतिनिधियों का समर्थन ले रहे हैं। केंद्र सरकार और विधि मंत्रालय को उनसे समर्थन पत्र लिखवा रहे हैं। 1948 में, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ स्थापित की गई थी, लेकिन पश्चिमी यूपी को इससे कोई राहत नहीं मिली, क्योंकि लखनऊ भी इस क्षेत्र से काफी दूर था। वैसे 1955 की विधि आयोग की सिफारिशों ने इस आंदोलन को एक नई दिशा दी। आयोग ने सिफारिश की थी कि उच्च न्यायालय की बेंच उन क्षेत्रों में स्थापित की जानी चाहिए, जहाँ से दूरी अधिक है। साल 1955 में तत्कालीन मुख्यमंत्री संपूर्णानंद ने मेरठ में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की सिफारिश की । वर्ष 1976 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी की सरकार ने केंद्र को खंडपीठ स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भेजा । जनता पार्टी के शासन में राम नरेश यादव की सरकार ने भी इस मांग पर मुहर लगाई और पश्च?मी यूपी में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने के प्रस्ताव को कर उसे केंद्र सरकार को भेजा। बनारसीदास सरकार एवं बाद में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में भी एक प्रस्ताव पारित कर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को संस्तुति प्रदान की गई । प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया।

1970 और 1980 के दशक में, यह आंदोलन और भी जोर पकड़ने लगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वकीलों ने हड़तालों और विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। किसान नेता चौधरी चरणसिंह, मुलायम सिंह यादव और अजित सिंह जैसे नेताओं ने भी इस मांग को अपना समर्थन दिया। इससे यह मांग राजनीतिक मुद्दा बन जरूर बन गई किंतु नेताओं की इच्छा शक्ति के अभाव में और इलाहाबाद के वकीलों के दबाव में कभी पूरी नही हुई। आज भी, पश्चिमी यूपी के कई संगठन और बार एसोसिएशन इस मुद्दे पर नियमित रूप से आंदोलन करते रहते हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों जैसे मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर और मथुरा से इलाहाबाद की दूरी 500 से 700 किलोमीटर है। इस लंबी दूरी के कारण मुवक्किलों और वकीलों को अत्यधिक समय, धन और ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। गरीबी और संसाधनों की कमी वाले लोगों के लिए यह एक बड़ा बोझ बन जाता है। इलाहाबाद में एक मुकदमे के लिए जाने का मतलब है, न केवल यात्रा का खर्च, बल्कि वहाँ रहने और खाने का भी खर्च। इसके अलावा, वकीलों की फीस भी अधिक होती है। यह सब मिलकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए न्याय को बहुत महंगा बना देता है। एक बात और इलाहाबाद की जगह यदि पश्चिम उत्तर प्रदेश को लखनऊ खंडपीठ से संबद्ध कर दिया जाता, तब भी दूरी दो सौ किलोमीटर के आसपास कम हो जाती। लखनऊ पश्चिम उत्तर प्रदेश के नजदीक पड़ता है किंतु ऐसा भी नही किया गया। आंदोलनकारियों का कहना है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पहले से ही मुकदमों का भारी बोझ है। पश्चिमी यूपी से आने वाले मामलों की बड़ी संख्या के कारण, न्याय में और अधिक देरी होती है। एक बेंच की स्थापना से मामलों का तेजी से निपटारा हो सकेगा। इससे न्यायपालिका पर दबाव कम होगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश एक आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जिसे अक्सर 'भारत का चीनी का कटोरा' कहा जाता एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से इस क्षेत्र की न्यायिक और राजनीतिक पहचान मजबूत होगी, और यह एक आत्मनिर्भर केंद्र बन सकेगा।

वर्तमान में भी यह आंदोलन जारी है, हालाँकि इसने कई बार धीमी गति पकड़ी है। 1981 से वकीलों के संगठन नियमित रूप से प्रत्येक शनिवार को हड़ताल करते हैं, वे धरने देते रहतें हैं, और ज्ञापन सौंपते हैं। हालांकि, इस आंदोलन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस आंदोलन के सामने सबसे बडी चुनौती है कि किसी भी राजनीतिक दल ने इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से नहीं लिया है। केंद्र और राज्य सरकारें इस मांग को टालती रही हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वकील इस मांग का विरोध करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि एक बेंच की स्थापना से उनका काम और आय प्रभावित होगी। सरकार का तर्क है कि एक बेंच की स्थापना से प्रशासनिक जटिलताएँ बढ़ेंगी और यह एक आर्थिक बोझ होगा। इसके अलावा, सरकार अक्सर इस मुद्दे को भविष्य के लिए टाल देती है। एक मजबूत और एकीकृत नेतृत्व की कमी ने इस आंदोलन को कमजोर किया है। अलग-अलग संगठन अपने-अपने तरीके से आंदोलन चला रहे हैं, जिससे एकता नहीं बन पाती। हाल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच स्थापना के लिए सांसद अरुण गोविल मुखर हो गए हैं। सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लगभग छह करोड़ आबादी को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महाराष्ट्र जैसे राज्यों में उच्च न्यायालय की चार बेंच हैं। मध्य प्रदेश में दो बेंच हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश इतना बड़े होने के बाद भी यहां उच्च न्यायालय की एक पीठ है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए न्याय प्राप्त करना मुश्किल है। सांसद ने कहा कि यहां बेंच मिलने से कम समय में न्याय मिलेगा और धन की भी बचत होगी।एक हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से न केवल पश्चिमी यूपी के लोगों को न्याय तक पहुँचने में आसानी होगी, बल्कि यह पूरे राज्य की न्याय प्रणाली को मजबूत करेगा। यह आवश्यक है कि सरकार, न्यायपालिका और सभी हितधारक मिलकर इस मुद्दे का समाधान निकालें।

पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में बॉम्बे हाईकोर्ट की एक नई पीठ ओर राज्य में चौथी हाईकोर्ट बेंच के गठन की अधिसूचना एक अगस्त को जैसे ही जारी हुई यूपी के मेरठ में सरगर्मियां बढ़ गई। 'पश्चिम उत्तर प्रदेश हाईकोर्ट बेंच केंद्रीय संघर्ष समिति' ने तुरंत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए पश्चिमी यूपी के 22 जिलों के बार अध्यक्षों और महामंत्री के साथ बैठक की. समिति के पदाधिकारियों ने सरकार से सवाल किया कि जब कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की चौथी बेंच खुल सकती है तो यूपी के मेरठ में हाईकोर्ट की तीसरी बेंच क्यों नहीं स्थापित हो सकती? मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर पश्चिमी यूपी के वकीलों ने चार अगस्त को हड़ताल कर प्रदर्शन किया। मुरादाबाद की सांसद कुंवरानी रूचिवीरा ने भी संसद में हाल ही में पचिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच बनाने की मांग कर चुकी हैं। चांदपुर क्षेत्र के विधायक स्वामी ओमवेश ने भी विधान सभा में ये ही मांग की है। कमोबेश पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधि ये मांग कर चुके हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना का आंदोलन पिछले लगभग 70 साल से जारी है। कब तक जारी रहेगा, यह भी नही कहा जा सकता। इतना जरूर कहा जा सकता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आंदोलनकारी वकील अब जनता को पश्चिम में हाईकोर्ट की बैंच बनने के फायदे बताकर जनता और जनप्रतिनिधियों को आंदोलन से जोड़ने में लगे हैं। उनका समर्थन ले रहे हैं। आंदोलन को नया रूप दे रहे हैं। आंदोलन को नया तेवर देने में लगें हैं।

**अशोक मधुप**

# आरएसएस और मुस्लिमों में बनते सेतु

आरएसएस और मुस्लिम मिलन एक जटिल और बहुआयामी विषय है। इसमें ऐतिहासिक अविश्वास भी है और संवाद की संभावनाएं भी, जैसा कि आजकल हो रहा है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में स्थायी समाधान का मार्ग संवाद, संवैधानिक मूल्यों और आपसी सम्मान से ही निकल सकता है। 2002 में आरएसएस से प्रेरित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की स्थापना संघ नेता के सुदर्शन, मौलाना जमील अहमद इलयासी और उनके पुत्र उमैर इलियासी व अन्य मुस्लिम नेताओं के सौजन्य से हुई, जिसका उद्देश्य राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर मुस्लिम समाज से संवाद बढ़ाना है। कई अवसरों पर आरएसएस प्रमुखों ने मुस्लिम बुद्धिजीवियों और उलेमा से भेंट की है। मोहन भागवत ने विभिन्न मंचों पर यह कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोग सांस्कृतिक रूप से एक ही राष्ट्र का हिस्सा हैं। वे मदरसे भी गए और मुसलमानों के विरुद्ध एक भी ग़लत शब्द नहीं बोला। बावजूद इसके कि अधिकतर मुस्लिम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मुस्लिम विरोधी और साम्प्रदायिक समझते चले आ रहे हैं, संघ ने जिस प्रकार से मुस्लिम वर्ग के हित में जो कार्य किए हैं उससे सभी को अचंभा भी हुआ है और खुशी भी,विशेष रूप से मुस्लिमों को! मुसलमानों में आजादी के बाद कुछ राजनीतिक वर्गों द्वार यह दुर्भावना, भ्रांति और बदगुमानी फैलाई गई कि हिंदू महासभा, संघ, जनसंघ, आरएसएस और इनसे जुड़े सभी संगठन, मुसलमानों के दुश्मन हैं और इनको समाप्त करना चाहते हैं, जो कि बिल्कुल ग़लत धारणा थी, मगर मुस्लिमों के कुछ स्वयंभू नेताओं ने अपनी दुकानों को चमकाने हेतु क़ौम को इस प्रकार भड़काया और भटकाया कि उसके और मुस्लिमों के मध्य एक खाई पैदा हो गई। 2014 के चुनाव से पूर्व इस बात का प्रचार किया गया कि नरेंद्र मोदी मुसलमानों के विरुद्ध ऐसे ही दंगे भड़का देंगे, जैसे गुजरात में! आरएसएस और मुस्लिम मिलन का विषय भारत की सामाजिक-राजनीतिक चर्चा में लंबे समय से महत्वपूर्ण रहा है।

यह संबंध टकराव, संवाद, पहल और आपसी अविश्वास इन सभी चरणों से गुज़रा है, मगर फिर भी मुस्लिमों की एक छोटी संख्या ने न केवल भाजपा को वोट दिया बल्कि सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के इस कथन को भी सराहा कि भारत मुस्लिमों के सहयोग के बिना जगत गुरु नहीं बन सकता। एक बार उन्होंने यह भी कहा कि हम मुसलमानों के बिना भारत की कल्पना भी नहीं कर सकते। संघ के सौजन्य से दो ऐसी पुस्तकें प्रकाशित हुई कि कोई विश्वास नहीं कर सकता कि संघ ऐसा करेगा।

इस सरकार के दौर में सबको चकित करने वाली पहली ऐसी पुस्तक थी, 'वैचारिक पहलः एक व्यावहारिक समन्वय ', जिसके लेखक ख्वाजा इफ्तेखार अहमद हैं और जिसका विमोचन स्वयं सरसंघ चालक ने यह कह कर किया था कि अपने जीवन में मुस्लिम-संघ के बीच सेतु बनाने वाली किसी मुस्लिम द्वारा यह पहली ऐसी पुस्तक है। पुस्तक के प्रकाशित होते ही हिंदुओं और मुस्लिमों में न केवल पुल बने, बल्कि मुसलमानों के एक बड़े तबके में संघ और उनके के बीच ग़लत फ़हमियां दूर होने लगी हैं और मुस्लिम संघ से जुड़ कर राष्ट्र निर्माण के कार्य में धूम से लगे हुए हैं। इसी संदर्भ में संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता, याजवेंद्र यादव ने भी एक बड़े मारके की पुस्तक लिखी है, 'भारतीय मुस्लिमों की गौरव गाथाएं' यह एक महत्वपूर्ण कृति है जिसमें भारत के मुस्लिम समाज के उन महान व्यक्तित्वों और योगदानों को रेखांकित किया गया है जिन्होंने राष्ट्र निर्माण, स्वतंत्रता संग्राम, शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, सेना और सामाजिक सुधार में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इसमें राष्ट्र रक्षा को समर्पित वीर सैनिकों, कला-साहित्य और खेल जगत की विभूतियों के साथ-साथ सामाजिक सुधारकों को भी स्थान दिया गया है, जिन्होंने समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। राम मंदिर, अयोध्या के संदर्भ में भी पुस्तक उन आवाज़ों को सामने लाती है जो शांतिपूर्ण समाधान और आपसी सद्भाव की पक्षधर थे।

पुस्तक में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज़ादी तक मुस्लिम क्रांतिकारियों और नेताओं की भूमिका का उल्लेख है, जैसे, बहादुर शाह ज़फ़र, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, हकीम अजमल खान, सर मुहम्मद इक़बाल, अशफाक उल्ला खां, सर सैयद अहमद खां, अशफाकुल्लाह खान, मौलाना हसरत मोहानी। मुस्लिम समाज के मुख्य चेहरे, जैसे, मिर्जा ग़ालिब, एपीजे अब्दुल कलाम, मुहम्मद अजहरुद्दीन आदि, जिसका विमोचन संघ के वरिष्ठ नेता, इंद्रेश कुमार ने किया था।

इन पुस्तकों के द्वारा ही नहीं, बल्कि अपने ट्रैक रिकॉर्ड द्वारा भी संघ ने ख़ास तौर से प्रमाणित किया है कि किस प्रकार से उसकी कार्य प्रणाली में मुस्लिम वर्ग को शामिल किया जा रहा है। संवाद का सिलसिला लगातार चल रहा है और उसके खुशगवार नतीजे सामने आ रहे हैं।

# भारत फ्रांस संबंधों की नई ऊंचाई, विश्वास रणनीति और वैश्विक साझेदारी का स्वर्णिम अध्याय

भारत और फ्रांस के संबंध लंबे समय से आपसी विश्वास, सम्मान और रणनीतिक समझ पर आधारित रहे हैं। हाल ही में मुंबई में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात ने इस ऐतिहासिक मित्रता को एक नई दिशा और नई ऊंचाई प्रदान की है। दोनों नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता केवल औपचारिक कूटनीतिक बैठक नहीं थी, बल्कि यह दो लोकतांत्रिक और वैश्विक दृष्टि रखने वाले देशों के बीच गहरे भरोसे और साझी सोच का प्रतिबिंब थी। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस भावपूर्ण अंदाज़ में कहा कि भारत और फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं है और हमारे रिश्ते समंदर से गहरे तथा पहाड़ से ऊंचे हैं, वह इस संबंध की आत्मीयता और मजबूती को स्पष्ट करता है। भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी वर्ष 1998 में औपचारिक रूप से शुरू हुई थी, और तब से यह निरंतर सुदृढ़ होती गई है। आज दोनों देशों ने इसे 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक उन्नत करने का निर्णय लिया है। यह स्तर केवल व्यापारिक या रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, नवाचार, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्र शामिल हैं। इस साझेदारी का अर्थ है कि दोनों देश वैश्विक मंचों पर भी एक-दूसरे के साथ समन्वय बनाकर चलेंगे और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत करने में योगदान देंगे। रक्षा क्षेत्र में भारत और फ्रांस का सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और साफरान के बीच संयुक्त उपक्रम के माध्यम से आधुनिक रक्षा तकनीकों के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। युद्ध के हालात में दुश्मन के बंकर और भूमिगत ठिकानों को ध्वस्त करने में सक्षम है। हैमर मिसाइलों के निर्माण मे भारत ने निर्णय लिया है।यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही रफाल लड़ाकू विमानों और पनडुब्बियों के सौदों में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर जोर देना इस बात का संकेत है कि फ्रांस भारत को केवल एक बाजार नहीं, बल्कि एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में देखता है।

'मेक इन इंडिया' अभियान के अंतर्गत फ्रांस का सहयोग भारत के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र को नई गति प्रदान कर रहा है। मुंबई में आयोजित इंडिया फ्रांस इनोवेशन फोरम के दौरान यह घोषणा कि भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर बनाए जाएंगे जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भर सकें, तकनीकी क्षमता और साझा नवाचार की दिशा में एक बड़ा कदम है। कर्नाटक के वेगावल में निजी क्षेत्र की हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन की शुरुआत इस सहयोग को जमीनी स्तर पर साकार करती है। यह पहल केवल रक्षा उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि कौशल विकास, रोजगार सृजन और उन्नत तकनीक के हस्तांतरण का मार्ग भी प्रशस्त करती है। आर्थिक क्षेत्र में भी दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हैं। दोहरे कराधान से बचाव संबंधी समझौता निवेश और व्यापार को सरल और आकर्षक बनाएगा। इससे दोनों देशों की कंपनियों और पेशेवरों को लाभ मिलेगा तथा आर्थिक गतिविधियों में पारदर्शिता और स्थिरता आएगी। भारत और यूरोप के संबंधों में वर्ष 2026 को टर्निंग पॉइंट बताना इस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसमें भारत यूरोपीय संघ और विशेष रूप से फ्रांस के साथ मुक्त व्यापार और निवेश सहयोग को नई गति देना चाहता है।

सिर्फ रक्षा और व्यापार ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान के क्षेत्र में भी भारत और फ्रांस की साझेदारी मजबूत हो रही है। दिल्ली एम्स में इंडो फ्रेंच सेंटर फॉर एआई इन हेल्थ की स्थापना, डिजिटल साइंस और टेक्नोलॉजी केंद्र तथा एयरोनॉटिक्स में स्किलिंग के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र जैसी पहलें इस बात का प्रमाण हैं कि दोनों देश भविष्य की चुनौतियों के लिए संयुक्त तैयारी कर रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल परिवर्तन और मेटाबोलिक स्वास्थ्य जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग आने वाले समय में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में सहायक होगा। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक सहयोग भी इस संबंध की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। फ्रांस में स्वामी विवेकानंद संस्कृति केंद्र की स्थापना भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रसार का माध्यम बनेगी। लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर और भारत म्यूजियम में फ्रांस का सहयोग यह दर्शाता है कि दोनों देश अपनी ऐतिहासिक विरासत और समुद्री परंपराओं को भी साझा महत्व देते हैं। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से जनता के संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। राष्ट्रपति मैक्रों का मुंबई में मरीन ड्राइव पर जॉगिंग करना और 26/11 के आतंकी हमलों में मृतकों को श्रद्धांजलि देना मानवीय संवेदना और एकजुटता का प्रतीक था। यह संदेश स्पष्ट था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों देश साथ खड़े हैं। भारत और फ्रांस दोनों ही वैश्विक आतंकवाद, समुद्री सुरक्षा और इंडो पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता के मुद्दों पर समान दृष्टिकोण रखते हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग और संयुक्त अभ्यास इस रणनीतिक तालमेल को और गहरा करते हैं। आज जब वैश्विक राजनीति अनिश्चितताओं से घिरी हुई है, तब भारत और फ्रांस जैसे देशों के बीच मजबूत और भरोसेमंद साझेदारी विश्व व्यवस्था में संतुलन और स्थिरता ला सकती है। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, बहुपक्षवाद और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के समर्थक हैं। जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास के मुद्दों पर भी उनका सहयोग वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है।

भारत और फ्रांस के संबंध केवल सरकारों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह दो समाजों, दो संस्कृतियों और दो दूरदर्शी नेतृत्वों के बीच गहरे विश्वास की कहानी है। विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी का यह नया अध्याय आने वाले दशकों में दोनों देशों को तकनीक, रक्षा, नवाचार और सांस्कृतिक प्रभाव के क्षेत्र में अग्रणी बना सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की गर्मजोशी भरी मुलाकात ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह संबंध किसी औपचारिक समझौते का परिणाम मात्र नहीं, बल्कि साझा दृष्टि और परस्पर सम्मान की मजबूत नींव पर खड़ा है।

इस प्रकार भारत और फ्रांस की मित्रता सचमुच सीमाओं से परे है। यह संबंध गहरे महासागरों जितना व्यापक और ऊंचे पहाड़ों जितना दृढ़ है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में यह साझेदारी न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्थिरता, प्रगति और सहयोग का एक प्रेरक उदाहरण बनकर उभर रही है।

**कांतिलाल मांडोत**

# साइबर धोखाधड़ी से लोगों का सम्पत्ति सुख चैन बर्बाद

भारत में साइबर धोखाधड़ी का जाल तेजी से फैल रहा है, जिसमें 2022 के 10.29 लाख मामलों से बढ़कर 2024 में 22.68 लाख से अधिक मामले सामने आए हैं। डिजिटल इंडिया के दौर में डिजिटल अरेस्ट, PI फ्रॉड, और फिशिंग के माध्यम से करोड़ों की अवैध वसूली हो रही है, जिसमें 28 फरवरी 2025 तक 36.45 लाख से अधिक शिकायतों के साथ ही ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स से 400 करोड़ से अधिक के अपराधी लेनदेन का पता चला है।

देश में नये-नये और नायाब तरीकों से साईबर धोखाधड़ी के ज़रिये बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने समाज, राजनीति और प्रशासनिक धरातल पर गम्भीर चिन्ताजनक स्थिति पैदा कर दी है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि देश में पिछले पांच वर्ष में डिजिटल अपराधों के ज़रिये देश के जन-साधारण के 52,976 करोड़ रुपये साईबर अपराधियों ने लूट लिये हैं। लगभग एक दशक पहले तक देश में साइबर अपराध जैसी कोई इक्का-दुक्का घटना ही घटित होती थी, किन्तु विगत पांच-सात वर्षों में देश में उपजी कथित डिजीटल क्रांति के बाद से ऐसी घटनाएं जैसे पंछी-पंख लगा कर फैलती गई हैं। वर्ष 2023 से लेकर अब तक के तीन वर्षों में 86 हज़ार से अधिक मामले दर्ज किये गये जिनमें अरबों रुपये की जन-धन राशि साईबर जालसाज़ी के माध्यम से लूट ली गई है।अपराधी खुद को सीबीआई पुलिस अधिकारी बताकर वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट कर डराते हैं। यूपीआई फ्रॉड फिशिंग ईमेल निजी जानकारी चुराना।ऑनलाइन सट्टेबाजी और ऐप्स निवेश का लालच देकर।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से डीपफेक। साईबर अपराधी इतने शातिर होते हैं कि एक विफलता के बाद दूसरा विकल्प ढूंढ लेते हैं। साईबर अपराध जैसी एक घटना से एक बार रू-ब-रू हुई एक महिला उच्चाधिकारी के अनुसार विदेशों में भी ऐसे आपराधिक तत्व मौजूद हैं। उन्होंने एक घटना का हवाला देते हुए बताया कि कैसे टैक्सी चालक कृत्रिम मेधा यानि ए.आई. के ज़रिये शक्ल-ओ-सूरत बदल कर सवारी को अपना शिकार बनाते हैं। उन्होंने अपनी आंखों के समक्ष घटित हुई ऐसी एक घटना का हवाला भी दिया। ऐसे अपराधों से लुटे-पिटे लोगों में से कई अपनी जीवन भर की अर्जित पूंजी तो गंवाते ही हैं, कई बार वे आत्महत्या कर लेने को भी विवश हो जाते हैं। डिजीटली अरेस्ट के ज़रिये लूटने की घटनाएं बेशक अब आम हो चुकी हैं। इनको लेकर समाचार पत्रों के माध्यम से बार-बार लोगों को जागरूक भी किया जाता है किन्तु इसके बावजूद लोग इनका शिकार बन जाते हैं। अचानक धन हासिल होने अथवा अवैध कृत्यों से फोन सम्पर्क होने के आरोप लगा कर साईबर धोखाधड़ी करने के मामले भी आम हो चुके हैं। देश की राजधानी दिल्ली के बाद हरियाणा ऐसी घटनाओं के लिए जैसे बड़ी ज़रखेज़ भूमि बन कर उभरा है। हरियाणा में विगत छह वर्षों से साईबर ठगी के मामले निरन्तर बढ़ते चले गये हैं। पंजाब में भी एक समय ऐसे मामलों की बाढ़ सी आ गई प्रतीत हुई थी, किन्तु विगत दो-तीन वर्षों से प्रदेश में ऐसे मामलों की वृद्धि पर अंकुश लगा है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय निवेश धोखाधड़ी सिंडिकेट के सदस्य रौनक ठक्कर को गोवा से गिरफ्तार किया है। वह दुबई से संचालित गिरोह के लिए भारत में म्यूल बैंक खाते उपलब्ध कराता था। राजस्थान के एक निवासी से 61.72 लाख रुपये की ठगी के बाद यह मामला सामने आया। ठग फर्जी ट्रेडिंग ऐप्स और शेल कंपनियों का उपयोग कर पैसे विदेश भेजते थे। इस मामले में अब तक 17 गिरफ्तारियां हुई हैं। देश भर में ऐसे अपराधों की निरन्तर बढ़ती संख्या को देखते हुए केन्द्र सरकार, प्रदेश सरकार और उनके प्रशासन तंत्रों की ओर से चलाये गये सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के दृष्टिगत आज ऐसे मामलों में अपेक्षाकृत कमी आते महसूस की गई है। पंजाब में भी प्रदेश सरकार, बैंकों, पुलिस तंत्र और प्रशासनिक इकाई की ओर से चलाये गये ज़बरदस्त सतर्कता अभियान एवं इससे उपजी जागरूकता के दृष्टिगत लोगों में समझदारी का दायरा बढ़ा है। इस कारण जन-साधारण अब ऐसे मामलों से कन्नी कतराने लगे हैं। तथापि साईबर अपराधी 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' की तर्ज पर नये-नये तरीके ईजाद कर नई घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। इस हेतु उन्होंने बाकायदा नये-नये जाल बिछा रखे हैं। अपने तंत्र को बनाये रखने के लिए वे मोबाइल और सोशल मीडिया के ज़रिये बेरोज़गार और नव-शिक्षित हुए युवकों को लालच देकर अपने नेटवर्क में भर्ती करते हैं। गृह मंत्रालय ने राज्यसभा में बताया कि 2021 से 2025 के बीच साइबर ठगी के मामलों में लगातार तेज बढ़ोतरी हुई है. इस दौरान साइबर अपराधियों ने लोगों के खातों से ?55,000 करोड़ से ज्यादा की रकम निकाल ली. अकेले 2025 में ?22,495 करोड़ की ठगी हुई और 24 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई.रिपोर्ट में बताया गया कि अकेले 2025 में ही साइबर ठगों ने ?22,495 करोड़ की ठगी की. इसी साल 24 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गई, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है. शिकायतों में हर साल बड़ा उछाल देखने को मिला.साल 2021 में 2,62,846 शिकायतें दर्ज हुई, जो 2022 में बढ़कर 6,94,446 हो गई. 2023 में यह संख्या 13,10,357 तक पहुंची. 2024 में 19,18,835 शिकायतें दर्ज हुई और 2025 में यह आंकड़ा 24,02,579 हो गया. रिपोर्ट के अनुसार ठगी की रकम भी लगातार बढ़ी. 2021 में 551 करोड़, 2022 में 2,290 करोड़, 2023 में 7,465 करोड़, 2024 में 22,848 करोड़ और 2025 में 22,495 करोड़ की ठगी रिपोर्ट हुई. हालांकि मंत्रालय ने बताया कि I4C सिस्टम की मदद से 2025 में 8,189 करोड़ की रकम को साइबर फ्रॉड होने से बचाया भी गया।

हालांकि सरकारी गुप्तचर एजेंसियों के तंत्र भी सक्रिय हुए हैं, और लाखों शिकायतों की त्वरित जांच के बाद 7130 करोड़ रुपये की राशि पीड़ित लोगों को लौटाई भी गई है। ज़रा-सा संदेह होने पर बैंकों एवं प्रशासनिक तंत्र के अधिकारी स्वयं भी लोगों को सतर्क करने लगे हैं। साईबर अपराधों का तंत्र इतना व्यापक है कि गुप्तचर एजेंसियां भी कई बार आश्चर्यचकित रह जाती हैं। यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार स्वतः संज्ञान लेते हुए केन्द्र सरकार को एन.आई.ए., सी.बी.आई. और साईबर क्राइम तालमेल कमेटियों के सदस्यों पर आधारित समन्वय समितियां बनाने को भी प्रेरित किया है।

आपको बता दें कि ऐसे अपराधों से बचने हेतु सर्वाधिक ज़िम्मेदारी स्वयं जन-साधारण पर भी आयद होती है। लोगों को ऐसे मामलों से बचने के लिए लालच में नहीं आना चाहिए, न ही भयभीत होकर आत्म-समर्पण करना चाहिए। ज़रा-सा संदेह होने पर अपने पारिवारिक सदस्यों, परिचितों, बैंक अथवा पुलिस अधिकारियों से तत्काल सम्पर्क करना चाहिए। हम समझते हैं कि थोड़े से अतिरिक्त साहस, चौकसी, सतर्कता और सूझ-बूझ के साथ ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है, अथवा इनकी तादाद को कम किया जा सकता है। मोबाइल कम्पनियों का अपना गुप्तचर सेवा तंत्र भी ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कारगर तरीका बन सकता है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शिविरार्थियों ने मलिन बस्ती माझा भीमसेन में किया स्वच्छता सर्वेक्षण



**-सात दिवसीय विशेष शिविर**

**रूद्रपुर, देवरिया।** रक्षा राव राजनाथ राव महाविद्यालय नारायणपुर देवरिया में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन मंगलवार को स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं ने मलिन बस्ती माझा भीमसेन में जाकर स्वच्छता सर्वेक्षण किया। कार्यक्रम अधिकारियों के साथ चयनित ग्राम माझा भीमसेन के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की संख्या, पढ़ाई का स्तर, शिक्षकों की उपलब्धता,पेयजल की स्थिति,मिड डे मील की स्थिति और शौचालय की जानकारी एकत्र की। साथ ही शिवराथियों ने घरों में जाकर साफ -सफाई, सड़क,नाली, शिक्षा, बीमारी, जात-पात, ऊंच नीच आदि से संबंधित मुद्दों पर गहन बातचीत किया। बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुख सागर शुक्ला ने भारत के प्राचीन गौरवशाली इतिहास के विषय में बच्चों को बताया।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ विपुल सिंह, डॉ राजेश सिंह, अश्वनी द्विवेदी ,सुशील सिंह शालिनी पांडे सहित महाविद्यालय के प्रवक्ता गण मौजूद रहे वहीं शिवराथियों में साबिया ,खुशीराव ,रागिनी ,तनु प्रियंका सोनी, रंजय, शिवकुमारी आदि प्रमुख रूप से भाग लिए।

### पिकप की ठोकर से तीन परीक्षार्थी घायल,दो मेडिकल कॉलेज रेफर

**रूद्रपुर, देवरिया।** यूपी बोर्ड से हाईस्कूल की पहली परीक्षा देने जा रहे तीन छात्र बुधवार की सुबह पिकअप की ठोकर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये।जिनमें से दो को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपपुर कोतवाली क्षेत्र के मरकरी निवासी तीन छात्र विशाल व दुर्विजय पुत्रगण प्रमोद गौड़ व दीपक पुत्र राम अशीष एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर पिपरा कछार दसवीं की परीक्षा देने जा रहे थे। रुद्रपुर नारायनपुर मार्ग पर भगवानपुर के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही पिकअप से ठोकर लग गई। जिससे तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो छात्रों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रूद्रपुर कोतवाली पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को कब्जे में ले लिया।

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली



**पर्यावरण जागरूकता रैली में शामिल शिवपति पीजी कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह व एनएसएस स्वयंसेवक**

**सिद्धार्थनगर।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ के एनएसएस स्वयंसेवकों ने बुधवार को नागरिकों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नगर पंचायत के गांधीनगर और शिवनगर वार्ड में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामकिशोर सिंह व डॉ. एके. सिंह ने नेतृत्व करते हुये एनएसएस इकाइयों के स्वयंसेवकों के साथ लोगों के घरों तक पहुंच कर स्वच्छता व पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जानकारी दिया। लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित सफाई और संतुलित आहार के लाभ के बारे में भी बताया। रैली में मोनू चौधरी, विशाल, जया, शिवांगी, चंपा, नीलू गौड़, निशा और निर्जला यादव आदि की सहभागिता रही।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी को कैलिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)-** पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को थाना कैलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले के मुताबिक विगत दिनों पूर्व थाना कैलिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सामी निवासी पुष्पेंद्र सिंह के विरुद्ध एक व्यक्ति ने थाने में दफा 127(2), 74, 331(4), 351(2), 352, 78 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था। बुधवार को थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल की अगुवाई में दरोगा विवेक कुमार मिश्रा एवं सिपाही आशीष कुमार ने मुखबिर की सूचना पर असूपुरा पीपरी मार्ग पर सामी बैंक मोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# तहरीर के एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं, खड्डा पुलिस पर सवाल

**●– पीड़िता बच्चों संग न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर**

**- जमीनी विवाद में महिला की पिटाई का आरोप, मेडिकल रिपोर्ट व लिखित तहरीर के बावजूद कार्रवाई नहीं; पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाने की दी चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** खड्डा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा मठिया बुजुर्ग में जमीनी विवाद को लेकर एक महिला की कथित पिटाई का मामला सामने आया है, जिसमें पीड़िता द्वारा



एक माह पहले लिखित तहरीर देने के बावजूद अब तक पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे नाराज पीड़िता अपने दो छोटे बच्चों के साथ न्याय के लिए भटकने को मजबूर है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम सभा मठिया बुजुर्ग निवासी आरती पत्नी भोला गोड को गांव के ही टुनटुन सिंह, काजल पत्नी टुनटुन सिंह तथा दारा पुत्र छेदी सहित परिवार के अन्य लोगों ने जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खड्डा तुर्कहां में कराया गया, जहां से उसे मेडिकल रिपोर्ट भी प्राप्त हुई। पीड़िता आरती देवी ने बताया कि घटना के बाद 14 जनवरी 2026 को खड्डा थाने में नामजद तहरीर दी गई, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि आरोपी पक्ष लगातार दबंगई दिखाते हुए गाली-गलौज और धमकी दे रहा है, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है।

आरती देवी ने कहा कि उनका परिवार अत्यंत गरीब है और वह मेहनत मजदूरी कर अपने दो छोटे बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। पुलिस की निष्क्रियता से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते खड्डा पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वह पुलिस अधीक्षक कुशीनगर और उत्तर प्रदेश सरकार को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाएंगी, ताकि उनके परिवार को सुरक्षा और न्याय मिल सके।

### शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा के समापन पर प्रसाद वितरण

**सिद्धार्थनगर –** उस्का बाजार स्थित शिव मंदिर में पिछले नौ दिनों से चल रही शिव महापुराण कथा एवं महायज्ञ का बुधवार को विधिवत समापन हो गया। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्ति भाव के साथ प्रसाद वितरण किया गया। कथा के समापन दिवस पर हवन-पूजन और पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। कथावाचक आचार्य संतोष जी महाराज ने नौ दिनों तक शिव महापुराण की कथा का वाचन करते हुए भगवान शिव की महिमा, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण के श्रवण से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और व्यक्ति धर्म मार्ग पर अग्रसर होता है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। अंत में भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनूप छापड़िया, निर्मल छापड़िया, शिव जायसवाल, फूलचंद साहनी, दिलीप मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## सहजनवां तहसील निरीक्षण में सख्त दिखे अपर आयुक्त, लंबित मामलों के जल्द निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर, सहजनवां–** राजस्व प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी तथा समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से बुधवार को अपर आयुक्त प्रशासन जय प्रकाश ने सहजनवां तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय से संबंधित विभिन्न पत्रावलियों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित मामलों की स्थिति को गंभीरता से परखा। तहसील में संचालित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने आरके दफ्तर संग्रह के रजिस्टरों की जांच की तथा शीर्ष 10 बड़े बकायेदारों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने भूलेख कार्यालय के अभिलेखों और बस्तों की भी बारीकी से जांच की। तहसील परिसर में साफ-सफाई और कार्यालयी अनुशासन पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिकारियों की सराहना की, लेकिन साथ ही लंबित फाइलों को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और अनावश्यक आपत्तियां लगाकर फाइलों को रोका न जाए। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व से लंबित मामलों का निस्तारण अधिकतम 90 दिन के भीतर और अविवादित पत्रावलियों का निपटारा 45 दिन के अंदर हर हाल में किया जाए। इस मौके पर न्यायिक एसडीएम निशा श्रीवास्तव, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, नायब तहसीलदार राम सूरज सहित राजस्व विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एसपी ने लार थाने का किया निरीक्षण

**देवरिया।** जनपद पुलिस ने मंगलवार को जनपद में सुरक्षा व जनसंवाद को लेकर व्यापक अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में सुबह 5 से 8 बजे तक 'मार्निंग वॉकर चेकिंग' अभियान के तहत 12 स्थानों पर 182 व्यक्तियों और 109 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान संदिग्धों की तलाशी, तीन सवारी, मॉडिफाइड साइलेंसर, नाबालिग ड्राइविंग व अन्य उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। इसी दिन एसपी ने थाना लार का वार्षिक निरीक्षण कर अभिलेख, मालखाना, हवालात, बैरक, शस्त्रागार व महिला सहायता कक्ष की समीक्षा की तथा लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत विभिन्न थानों की टीमों ने सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930 आदि की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस ने जनसहयोग से कानून-व्यवस्था मजबूत रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## तरैना-कचनी नाले की खुदाई के लिए सदन में उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर –** चिल्लूपार विधान सभा क्षेत्र के विधायक चिल्लूपार क्षेत्र के तरैना नाला, कचनी नाला, कवितापुर नाला, भुतहा नाला सहित कई अनेक छोटे छोटे नालों की गहरी खुदाई कर उसे एक दूसरे से जोड़ने की मांग मंगलवार को विधान सभा में उठाई है। चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने एक निजी याचिका के माध्यम से सरकार से मांग करते हुए कहा कि यह सभी छोटे बड़े नाले बरसात के समय विकराल रूप ले लेते हैं । इन नालों की खुदाई कर गहराई बढाने से किसानों की फसल और गांव दोनों सुरक्षित रहेगें और तरैना नाले के साथ कवितापुर नाले पर रेगुलेटर बनाने से रासी नदी के बाढ का पानी इन नालों में वापस नहीं आयेगा और गर्मी के समय सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी भी रुका रह सकेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री त्रिपाठी ने बताया कि नियम 301 के तहत एक और महत्वपूर्ण मामले को उठाते



हुए उन्होंने सदन को बताया कि उनके क्षेत्र के उरुवा नगर पंचायत क्षेत्र से होकर एक कचनी नामक नाला निकलता है, परन्तु कई जगह वह पट गया है, इसकी खुदाई आवश्यक है, इस नाले की खुदाई और जल निकासी के लिए पक्का नाला निर्माण के लिए कई बार ग्रामीण और किसान आंदोलन भी कर चुके हैं ऐसे में इस कचनी नाले की पूरी खुदाई कराकर नगर पंचायत उरुवा के सीमा तक पक्का निर्माण कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है । विधायक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि इन दोनों विषयों को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्वीकार कर सरकार को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं ।

## खजनी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाईः हत्या केस में वांछित अभियुक्त आकाश निषाद गिरफ्तार, कानून का शिकंजा और कसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ख़जनी–** गोरखपुर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत थाना खजनी क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। हत्या से जुड़े गंभीर मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और सख्ती की चर्चा तेज हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉ कौस्तुभ अपराध पर नियंत्रण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर दिए गए सख्त निर्देशों के क्रम में यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी और क्षेत्राधिकारी खजनी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयन्त सिंह खजनी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामदयाल यादव मय हमराह टीम ने कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 43/2026 से संबंधित अभियुक्त आकाश निषाद को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने सतुआभार



रोड से सुबह करीब 9:55 बजे दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त आकाश निषाद उम्र करीब 21 वर्ष बताई जा रही है और वह ग्राम डोडो उर्फ डड़वा, थाना खजनी क्षेत्र का निवासी है।

पुलिस के अनुसार यह मामला गंभीर मारपीट से जुड़ा है। शिकायतकर्ता के सगे भाई नियाज (उम्र लगभग 43 वर्ष) को आरोपियों द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घटना के बाद घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। लगातार निगरानी, छापेमारी और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को सफलता मिली और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय भेज दिया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ इसी प्रकरण में आपराधिक इतिहास भी दर्ज है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या जैसे संवेदनशील मामलों में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश भी तेज कर दी गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रामदयाल यादव के साथ हेड कांस्टेबल अनिल चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि खजनी पुलिस की लगातार सख्त कार्रवाई से अपराधियों में खौफ और आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# गोला तहसील में भाइयों के बीच माँ की वसीयत को लेकर हुआ बवाल और मारपीट, वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर–** गोला तहसील परिसर में बुधवार को दिन लगभग 11 बजे माँ की संपत्ति की वसीयत को लेकर तीन भाइयों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दिनदहाड़े हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। अधिवक्ताओं के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर 2 रानीपुर घोड़ालोटन निवासी मनोज मद्धेशिया, प्रदीप मद्धेशिया और राजा मद्धेशिया तीनों सगे भाई हैं और स्व. बाबुमन मद्धेशिया के पुत्र हैं। पिता की मृत्यु कुछ वर्ष पहले हो चुकी है। तीनों भाई एक ही मकान में रहते जरूर हैं, लेकिन अलग-अलग परिवार के साथ रह रहे हैं। पिता की मौत के बाद उनकी पत्नी छोटे बेटे राजा मद्धेशिया के साथ



रहने लगीं। राजा गोला सब्जी मंडी में होटल चलाता है, जबकि मझला भाई प्रदीप चंद चौराहे पर ठेला लगाकर जीविका चलाता है। बड़ा भाई मनोज बाहर शहर में रहकर परिवार का भरण-पोषण करता है।

बताया जाता है कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे बड़ा और छोटा भाई अपनी माँ को लेकर गोला तहसील पहुंचे थे, जहां वे माँ के हिस्से की संपत्ति की रजिस्ट्री कराने की तैयारी में थे। इसकी भनक लगते ही मझला भाई प्रदीप भी तहसील पहुंच गया और रजिस्ट्री का विरोध करने लगा। देखते ही देखते तीनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद इतना बढ़ गया कि बड़ा और छोटा भाई मिलकर मझले भाई की पिटाई करने लगे। तहसील परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं ने पहले समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद कुछ अधिवक्ताओं ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों को जबरन अलग किया और परिसर से बाहर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों पक्ष वहां से जा चुके थे। तहसील में हुई इस मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।.. इस प्रकरण पर थाना प्रभारी राकेश रौशन सिंह ने बताया कि मामला पुलिस की जानकारी में आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। तीनों भाई थाने पर आए थे। शांति भंग में चालान किया गया है और आपस में समझौता भी हो गया।

## जन्म दिन पर याद किए गए शेरे पूर्वांचल स्व बीर बहादुर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी गोरखपुर–** खजनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थित वीर बहादुर सिंह एजुकेशनल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज के तत्वाधान में पूर्व संचार मंत्री भारत सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्व. वीर बहादुर सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर वीर बहादुर सिंह को याद किया गया। वीर बहादुर सिंह महाविद्यालय हरनही महुराव गोरखपुर के परिसर में स्व. वीर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर के.पी. चौरसिया द्वारा किया गया । इस अवसर पर डॉक्टर के .पी. चौरसिया ने प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बहादुर सिंह इस ग्राम हरनहीं महुराव की माटी के वह सपूत् थे जिन्होंने जमीन से उठकर के सत्ता के शिखर तक अपना परचम लहराया और गोरखपुर के विकास के लिए अपनी अहम



भूमिका निभाई और योगदान दिया जो आज परिलक्षित होती नजर आ रही है ।जब तक सूरज चांद रहेगा वीर बहादुर सिंह का नाम रहेगा इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बीटीसी डॉक्टर निलाम्बुज सिंह सेंटेंस पब्लिक स्कूल के विक्रम प्रताप सिंह एवं प्राध्यापक सुमंत मौर्य श्री नारायण त्रिपाठी डॉक्टर इंद्रजीत सिंह रोली सिंह शैलेंद्र कुमार डॉक्टर अरुण कुमार नायक राजन विरेन्दर सिंह अभिमन्यु अरुण सिंह नसीमा बानो विश्वनाथ प्रसाद महेश सिंह राहुल सिंह एकता सिंह रामकेर सिंह स्वर्णिमा सिंह अनुजा सिंह बबीता मौर्य छात्र/छात्रा एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

**देवरिया।** विकास भवन स्थित गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में किसानों की समस्याओं और योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। उप कृषि निदेशक सुभाष चंद मौर्य ने पिछली बैठक की शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देते हुए फसल बीमा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गेहूं कटाई के दौरान कंबाइन से आग लगने की आशंका पर मार्च के पहले सप्ताह में रणनीति बैठक का आश्वासन दिया गया। जायद सीजन में उड़द-मूंग के निःशुल्क बीज मिनीकिट के लिए ऑनलाइन आवेदन और ई-लॉटरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। गन्ना विभाग ने 2.46 करोड़ रुपये भुगतान की पुष्टि की, जबकि नहर विभाग ने टेल तक पानी पहुंचने का दावा किया। 90% अनुदान पर ड्रिप-स्प्रिंकलर, खराब नलकूपों की मरम्मत, ग्रामवार एफएमडी टीकाकरण सूचना और सहकारिता कार्यालयों में बेहतर संपर्क व्यवस्था जैसे मुद्दे भी उठे। फैमिली आईडी व आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**● मां के मौत के बाद तीनों मासूम बच्चों के सिर से उठा मां के ममता का साया, बच्चों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरगदवा/महराजगंज।** बरगदवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा टोला असोगवा निवासिनी एक महिला का शव कमरे में दुपट्टे के फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला। परिजनों ने जब लटकता हुआ शव देखा तो मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने शव को नीचे उतारा तथा जांच-पड़ताल के बाद शव



को कब्जे में लेकर पंचनामा के कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बरगदवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा टोला असोगवा निवासिनी सहिमा पत्नी सलीम (35) का शव बुधवार की सुबह करीब ग्यारह बजे उसके ही कमरे में पंखे की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ शव मिला। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके की सूचना पर पहुंची बरगदवा पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतिका सहिमा का पति सलीम मुम्बई में मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है। पत्नी की मौत की खबर सुनकर पति रोता-बिलखता हुआ मुम्बई से अपने घर के लिए रवाना हो गया है। वहीं मृतक सहिमा का एक पुत्र नौशाद (7) व दो पुत्री शना (5) तथा शाहरबानू (3) हैं। ऐसे में मां के मौत के बाद तीनों मासूम बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया। मां के मौत के बाद तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में बरगदवा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## श्रीनगर से शिवपुरी जाने वाली सड़क दशकों से बदहाल

**●करीब ढाई किलोमीटर की सड़क का जिम्मेदारों द्वारा नहीं लिया जा रहा सुधि, दशकों से हिचकोले खा रहे राहगीर**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के श्रीनगर से शिवपुरी तक की सड़क रिपेयरिंग के अभाव में दशकों से बदहाल है। सड़क पर गिट्टियां उखड़ने व जगह-जगह गहरे गड्डे होने से स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सम्बंधित विभाग द्वारा पिछले करीब दो दशक से सड़क की सुधि नहीं ली गई जिससे सड़क पूरी तरह से उखड़ कर गढ्ढे में तब्दील हो चुका है। ऐसे में बदहाल सड़क पर लोग दशकों से हिचकोले खाने को विवश हैं। जानकारी के मुताबिक नौतनवां क्षेत्र के श्रीनगर से शिवपुरी तक करीब ढाई किलोमीटर सड़क पिछले करीब दो दशक से रिपेयरिंग के अभाव में बदहाल है। विभागीय व जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा के चलते दशकों से सड़क पूरी तरह से टूट कर गड्डे में तब्दील हो चुका है। फलस्वरूप उक्त मार्ग पर गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग से देर रात तक क्षेत्र के लोगों का आना जाना लगा रहता है। उक्त सड़क सेवतरी व बार्डर डेवलपमेंट रोड से सेखुआनी मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क है। ऐसे में यह सड़क करीब दो दशक से बदहाली का दंश झेल रहा है। उक्त सड़क पर मरम्मत की मांग को लेकर कई बार क्षेत्रीय लोगों ने विभाग के आलाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को पत्रक भी सौंपा। वावजूद इसके स्थिति में कोई सुधार होता नहीं दिखा। वहीं सड़क की सुधि नहीं लिए जाने से ग्राम पंचायत शिवपुरी के टोला श्रीनगर के उत्तर स्थित पुल भी जानलेवा बना हुआ है। पुल के पास पानी से कटान होने के कारण दक्षिणी भाग टूटकर कुला में प्रवाहित हो गया है। पुल के सटे स्थित रोड का दक्षिणी भाग टूटने के कारण आवागमन जानलेवा बना हुआ है। ऐसे में राहगीर जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को विवश हैं। बदहाल सड़क को लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अहमद, मेहताब, हरि चौधरी, दीपक पाण्डेय, कासिम, जमातुल्लाह, सहाबुद्दीन, राजन विश्वकर्मा, राजेन्द्र, राकेश, सुनील कुमार चौधरी, आफताब, मुस्तकीम, अब्दुल कयूम, अंगद यादव समेत अन्य लोगों ने बताया कि पिछले करीब दो दशक से सड़क का रिपेयरिंग नहीं करवाया गया है जिससे पूरा सड़क टूटकर गढ्ढे में तब्दील हो गया है। साथ ही श्रीनगर गांव के उत्तर स्थित पुल के पास का सड़क भी टूटकर नाला में प्रवाहित हो गया है जिससे आवागमन काफी जानलेवा साबित हो रहा है। उक्त लोगों ने बताया कि बदहाल सड़क को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया लेकिन विभाग व जनप्रतिनिधियों द्वारा इसे लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाया गया।

## नशीली दवाओं के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरगदवा/महराजगंज।** बरगदवा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने अवैध नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त टीम ने आरोपी युवक को अवैध दवाओं के साथ हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बरगदवा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने बरगदवा निवासी मंजेकर गौड़ पुत्र



लल्लन (20) तथा नेपाल राष्ट्र निवासी शमसे आलम मंसूरी पुत्र कुतुबुद्दीन (19) निवासी चमनटोला वार्ड नंबर पांच थाना महेशपुर जिला रूपनदेही राष्ट्र नेपाल के कब्जे से संयुक्त टीम ने प्रॉक्सीको स्पास 241 कैप्सूल, एंटी स्पास्मोडिक समेत कुल पांच सौ कैप्सूल नशीली दवा बरामद किया है। साथ ही मौके से टीम ने एक एचएफ डीलक्स बाइक यूपी 56 एएफ 4449 को भी बरामद किया है। संयुक्त टीम ने बरामद नशीली दवा के साथ बाइक व आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने आई तत्पश्चात धारा 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि नशीली दवा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कैमाखादर ग्राम पंचायत की सड़क समय से पहले जर्जर, भ्रष्टाचार के आरोप

**चंद समय पहले बनी सड़क गड्ढों में तब्दील, घटिया निर्माण की खुली पोल**

**लखीमपुर खीरी** जिले के ब्लॉक लखीमपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कैमाखादर को जोड़ने वाली सड़कें बदहाल स्थिति में हैं। गांव तक आने-जाने के लिए बनी कोई भी सड़क सही हालत में नहीं बची है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ये सड़कें समय से पहले ही ध्वस्त हो गई।ग्रामीणों के अनुसार शारदा नहर की पटरी पर गांव को जोड़ने के लिए कुछ ही समय पहले सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन घटिया सामग्री और लापरवाही के चलते वह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सतह हादसों को दावत दे रही है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण में भ्रष्ट ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के कारण सरकारी धन की खुली लूट हुई है। बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांव को जल्द से जल्द एक मजबूत व टिकाऊ सड़क उपलब्ध कराई जाए।

### नगर सिरसागंज के लोगों ने राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयनित अश्वनी जैन का किया स्वागत



**सिरसागंजः**- जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयन होने पर उनका स्वागत नगर सिरसागंज के लोगों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें मेन रोड पर श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज की सोसायटी के सदस्य राजीव कुमार जैन, अखिल कुमार जैन, आलोक जैन, मनोज जैन एवं अन्य के द्वारा जैन को पटका, माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। राजीव कुमार जैन ने बताया कि अश्वनी जैन का माध्यमिक शिक्षा विभाग, फिरोजाबाद में प्रथम राज्य अध्यापक पुरस्कार है। इस पुरस्कार में चयन होना जनपद फिरोजाबाद एवं नगर सिरसागंज के लिए गौरव एवं हर्ष का विषय है। वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वे सदैव विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करने के साथ समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। अश्वनी कुमार जैन ने राजीव कुमार जैन रपरिया, आलोक जैन, अखिल जैन, मनोज जैन, विशेष जैन के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है,उन्होंने बताया कि उनका काम यहाँ तक रुकना नहीं है, अभी विद्यार्थियों के लिए अपने विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों में इन्नोवेशन प्रयोगशालाओं को खोलने का है।

### फायरिंग की घटना को लेकर अज्ञात पर दर्ज हुआ केस

स्वतंत्र प्रभात — पुलिस 112 आपात सेवाएं

**लालगंज,प्रतापगढ़।** घर के सामने फायरिंग की घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के खानीपुर गांव निवासी पवन दीक्षित पुत्र रामसुख ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह गांव से लगभग 50 मीटर की दूरी पर उदयपुर रेहुआ लालगंज मार्ग पर बनाए गए मकान मे रहता है। पीड़ित का आरोप है कि बीती 15 फरवरी की रात करीब सवा दो बजे चार पहिया वाहन से अज्ञात लोगों ने घर के सामने पहुंचकर तीन राउण्ड फायरिंग की। इसके बाद आरोपी भाग निकले। फायरिंग की घटना सीसी कैमरे में कैद है। फायरिंग की सूचना से गांव के लोग भी जुट गये। घटना से पीड़ित व उसका परिवार डरा सहमा है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना लाखों की भूमि पर किया कब्जा

**● पीड़ित गत कई माह से लग रहा न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार भू माफिया पर शिकंजा कसने के बड़े-बड़े दावे करते नजर आ रहे हैं लेकिन जिला खीरी की स्थिति ठीक इसके विपरीत है जहां अपराधी और भू माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि जिसके चलते आए दिन गरीब लाचार लोगों पर अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं। और जिम्मेदार माफियाओं के हाथों की कठपुतली बने दिखाई पड़ रहे हैं। हालत यह है की कब जीवित आदमी को मृत दिखाकर उसकी जमीन अपने नाम करवा कर कब्जा कर लिया जाए कहा नहीं जा सकता। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला जिला खीरी की तहसील गोला के ग्राम हरदुआ परगना कुकरा के रहने वाले हरी राम पुत्र रजई ने अपनी आपबीती तहसीलदार और आई जी आर एस पोर्टल पर व्यक्त करते हुए शिकायत की है की दबंग भूमि माफियाओं ने ग्राम प्रधान और राजस्व अधिकारियों से मिली भगत करके मेरी भूमि पर कब्जा ही नहीं बल्कि दस्तावेजों में मुझे मृतक दिखाकर लाखों की जमीन अपने नाम वरासत करा लिया है ।जब इसकी शिकायत मेरे द्वारा अधिकारियों से की गई तो मुझे जान से मारने की निरंतर धमकी दी जाती रही है ।बताते चलें कि पीड़ित हरी राम पुत्र रजई ने बताया कि हरदुआ गांव निवासी पिंकी देवी पत्नी बिंदरपाल ने ग्राम प्रधान रामकिशुन और गवाह दर्शन जगन्नाथ तथा लेखपाल भूपेंद्र वर्मा की मदद से मुझे मृतक दिखाकर सारी जमीन अपने नाम करवा ली है।

उक्त आरोपी गण काफी हैकड़ व दबंग लोग हैं जो अपने रसूख के दम पर सिस्टम पर पूरी मजबूत पकड़ बनाए हैं और मुझे मार डालने की लगातार धमकी दे रहे हैं। पिंकी देवी के पति बिंदर पाल का एलानिया कहना है कि कागजों में तुमको मार ही डाला है और अब जान से मार देंगे पीड़ित लगातार अधिकारियों की चौखट के चक्कर लगा रहा है लेकिन कहीं न्याय नहीं मिल पा रहा है।

अब देखना है कि क्या दबंग आरोपी भू माफिया व भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी या नहीं यह तो समय ही बताएगा। इस संबंध में तहसीलदार गोला भीमचन्द ने बताया कि उपरोक्त मामले में जांच कराई जाएगी और जांच में दोषी पाई जाने वाले कर्मचारियों और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा साथ ही वरासत आदेश निरस्त करने की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

### नोएडा के छिजारसी में तीन मंजिला मकान में लगी आग, 12 लोगों ने सीढ़ी के सहारे पड़ोसी की छत पर उतर बचाई जान

नोएडा। सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के छिजारसी गांव में स्वाद स्वीट्स के पास एक तीन मंजिला मकान के भूतल के कमरे में बुधवार दोपहर करब सवा दो बजे आग लग गई। किरायेदारों के रूप में मौजूद 12 लोगों ने सूझबूझ दिखाई। छत पर पहुंचकर सीढ़ी की मदद से पड़ोसी की छत पर उतर गए। अग्निशमन टीम ने दो गाड़ी की मदद से आग को बुझा दिया। कमरे में एक सिलेंडर भी फटा। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर 63 छीजारसी गांव में स्वाद स्वीट्स के सामने वाली गली के एक मकान में आग लगने की बुधवार दोपहर 2 बजकर 18 मिनट पर सूचना प्राप्त हुई थी। तत्काल फायर स्टेशन फेज 3 से एवं फायर स्टेशन 58 से गाड़ियां रवाना की गई। वहां पहुंचकर देखा गया कि आग एक बंद कमरे में लगी थी। जिसमें एक सिलेंडर भी फटा था। तत्काल फायर सर्विस यूनिट ने गली में अंदर पहुंचकर आग को करीब आधे घण्टे में बुझा दिया। इसमें किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

### गोला नगर में बोर्ड परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी, विजय शुक्ला रिंकू




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में हजारों की संख्या में गोला तहसील क्षेत्र के विद्यार्थी गोला के विभिन्न परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा देने आते है उनके लिए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने रहने के लिए नीलकण्ठ मैदान के रैन बसेरे में ठहरने व माँ अन्नपूर्णा रसोई से भोजन, जलपान आदि की निःशुल्क व्यवस्था की है। परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र दिखाकर ही रहने दिया जाएगा ।किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के मोबाइल नंबर 9415460769 व माँ अन्नपूर्णा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी के नंबर 9453980758 पर अपनी समस्या बता सकते है परीक्षा देने आए सभी परीक्षार्थी बिना किसी भी कठिनाई के अपनी परीक्षाएं दे सके इसके लिए उचित व्यवस्था करते हुए।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा है कि छात्रों को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यह मुझे पता है इसलिए उनके रहने, भोजन, जलपान आदि की व्यवस्था की है। हमारे यही नौनिहाल देश का भविष्य है इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, सफाई नायक नरेश कुमार, रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## कैसरबाग बस अड्डे से चलती बस में संदिग्ध तरल लोडिंग का आरोप, महिला यात्री ने की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक बस यात्रा के दौरान महिला यात्री के साथ दुर्व्यवहार और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन का गंभीर मामला सामने आया है। शारदानगर, लखीमपुर-खीरी निवासी ममता यादव ने आरोप लगाया है कि वे अपनी बीमार बहन के साथ बस संख्या UP 31 BT 2457 से दोपहर 1:20 बजे कैसरबाग बस अड्डा से लखीमपुर की यात्रा के लिए सवार हुई थीं।

शिकायत के अनुसार, बस अड्डे से कुछ दूर चलने के बाद बस के पिछले हिस्से में 40-40 लीटर क्षमता के काले रंग के 8-10 जरीकेन, जिनमें अज्ञात तरल पदार्थ भरा था, लादे गए। यह सामग्री बस के अंदर पीछे रखी गई, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए।

ममता यादव का कहना है कि जब उन्होंने महिला कंडक्टर से तरल पदार्थ के बारे में जानकारी मांगी तो उन्होंने बताने से इनकार करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि चालक ने भी अपमानजनक शब्दों में बस से उतर जाने को कहा। इस घटना से पीड़िता को मानसिक और शारीरिक पीड़ा हुई, जबकि उनकी बहन पहले से ही बीमार थीं।

पीड़िता ने मामले में जिम्मेदारों से कार्रवाई और स्पष्टीकरण की मांग की है। यात्रियों का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन में इस तरह की संदिग्ध लोडिंग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की जान के लिए भी खतरा बन सकती है। प्रशासन से अपेक्षा है कि मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### सीमा हैदर ने ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में छठे बच्चे को दिया जन्म, 11 महीने पहले हुई थी बेटी

**ग्रेटर नोएडा।** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर ने मंगलवार की सुबह ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट अस्पताल में बेटे को जन्म दिया है। जच्चा और बच्चा पूरी तरह सुरक्षित हैं। सीमा का यह छठा और सचिन का यह दूसरा बच्चा है। सोमवार को सीमा को को डिलीवरी के लिए ग्रेटर नोएडा के कृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**18 मार्च 2025 को हुई थी बेटी-** मंगलवार की सुबह सीमा ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद सीमा और बच्चे घर पहुंचने पर लड्डू और गुड़ वितरित किया गया। इससे पहले 18 मार्च 2025 को मंगलवार की सुबह सीमा की पांचवीं संतान (बच्ची) भारती का जन्म हुआ था। 17 फरवरी 2026 की सुबह के समय बेटे को जन्म दिया है। **पबजी खेलने के दौरान हुआ था प्यार-** उल्लेखनीय है कि रबूपुरा निवासी सचिन मीणा और पाकिस्तान की रहने वाली सीमा हैदर को पबजी गेम खेलने के दौरान प्यार हो गया था। इसके बाद सीमा अपने पति गुलाम हैदर को छोड़कर अपने चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आ गई थी। इससे पहले दोनों ने नेपाल के पशुपति नाथ मंदिर में शादी की थी।

## धरातल पर फर्म नहीं फिर भी हो रहा लाखों का भुगतान

**● भ्रष्टाचार का लगा अंबार अधिकारी बने अनजान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नकहा खीरी** एक तरफ जहां सूबे के मुखिया भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचारी लोग मुखिया की आंखों में धूल झोंक कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे देखे जा रहें हैं। सूत्र बताते हैं कि वह इतना माहिर है कि अधिकारी की बुद्धि ही भ्रष्टाचार के तरफ नहीं पहुंचती है। आपको बताते चलें कि विकासखंड नकहा में तैनात ग्राम सचिव मनीष सिंह के भ्रस्टाचार का एक मामला प्रकाश में आया है। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत में 15% कमीशन इनको मिलता है, और इस कमीशन को अपने पास लेने के लिए इन्होंने एक फर्म बनवाई जिसका नाम मां इंटरप्राइजेज है। वह जिस जगह पर बिल में दर्शायी गई है वह मौके पर फर्म नहीं है ।केवल भ्रष्टाचार का भुगतान लगाने के लिए ही फर्म है बताया जाता है कि मनीष सिंह के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में से कुछ पंचायत में हैंड पंप रिबोर व मरम्मत कार्य दिखाकर मोटा भुगतान लगाया गया है।

जिस कार्य को दिखाकर फर्म पर भुगतान लगाया है उस कार्य की यदि ठीक से करा ली जाए जांच तो कितना हुआ है भ्रष्टाचार सब पोल खुलकर सामने आ जाएगी, और फर्म का ट्रांजैक्शन चेक करने पर बड़ा राज खुल सकता है।

विशेष सूत्र से पता चला है कि जिले के किसी उच्च अधिकारी के संरक्षण में मनीष सिंह के द्वारा किया गया भ्रष्टाचार फल फूल रहा है अगले अंक में विधिवत मनीष सिंह की पंचायत के नाम का खुलासा किया जाएगा और ब्लॉक के ही अंतर्गत कुछ पंचायत के नाम का खुलासा होगा जो की धरातल पर फर्म है ही नहीं मगर भुगतान करोड़ों का। यदि इस प्रकरण की किसी सक्षम अधिकारी के द्वारा ठीक से की जाए जांच तो भ्रष्टाचार जड़ से खत्म किया जा सकता है। और भ्रस्टाचार के आकंठ में डूबे ग्राम पंचायत अधिकारी के विरुद्ध आ सकती है जांच की आंच। मामले की सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना चाही गई है। वांछित सूचना मिलने के बाद एक बड़े भ्रस्टाचार का खुलासा होना तय माना जा रहा है।

## ग्राम पंचायत हरदुआः खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** (19 फरवरी, 2026) जनपद के ग्राम पंचायत हर दुआ में सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जे का एक बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के खलिहान की सुरक्षित भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जबकि स्थानीय प्रशासन इस पूरे मामले में मूकदर्शक बना हुआ है। धीरे-धीरे बदला कब्जे का स्वरूप स्थानीय निवासियों से मिली जानकारी के अनुसार, खलिहान की जमीन पर कब्जे की शुरुआत बेहद योजनाबद्ध तरीके से की गई। सबसे पहले जमीन के एक हिस्से पर अस्थाई कब्जा किया गया। जब प्रशासन या राजस्व विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो कब्जेदारों के हौसले बुलंद हो गए। अब उस खलिहान की जगह पर खेती की जा रही है।, जिससे भविष्य में इस सार्वजनिक भूमि को मुक्त कराना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है।

**ग्राम प्रधान और लेखपाल पर मिलीभगत के आरोप**

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति की संलिप्तता है। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि इस अवैध कब्जे के पीछे गांव के ग्रामप्रधान औरलेखपाल, का हाथ है। आरोप है कि प्रधान के प्रभाव और संरक्षण के चलते ही कब्जा करने वाले लोग बेखौफ होकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को अंजाम दे रहे हैं।

**ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन मौन**

ऐसा बताया जाता है कि खलिहान की जमीन गांव के सामूहिक कार्यों और कृषि गतिविधियों के लिए आरक्षित होती है। इस पर कब्जे से ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों का कहना है किःकई बार मौखिक और लिखित सूचना देने के बावजूद राजस्व टीम मौके पर नहीं पहुंची।प्रशासन की इस ढिलाई से ऐसा प्रतीत होता है जैसे अधिकारियों की मौन सहमति प्राप्त हो।सार्वजनिक भूमि पर अभी भी फासले खड़ी देखी जा रही है।,



जिसे तुरंत रोका जाना आवश्यक है।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के अनुसार, खलिहान, चरागाह या तालाब जैसी सुरक्षित श्रेणियों की भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण अवैध है और इसे ढहाने के साथ-साथ दोषी पर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। जिसके बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। क्या प्रशासन इस मामले की शिकायत को उच्च अधिकारियों तक, तहसील पोर्टल या आईजीआरएस) पर भेजने के बाद ही हरकत में आएगा। और अवैध कब्जा धारकों के विरूद्ध कार्रवाई करेगा।

## ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चीफ कोऑर्डिनेटर नवाबगंज पहुंचे अधिकारियों को दी चेतावनी

**● चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी ने एस डी एम सी ओ से की वार्ता प्रशासन ने दो दिन में समाधान का दिया अशासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज** ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी 2:00 नवाबगंज पहुंचे यहां पहुंचने पर उन्होंने पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर सी ओ एस एस डी एम से वार्ता कर 6 महीने से बंद पड़ा रास्ता खुलवाने को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा यदि प्रशासन हमारा सहयोग नहीं करेगा तो प्रशासन को भी हमें झेलना भारी पड़ेगा इस पर एसडीएम उदित सिंह पवार ने 2 दिन के अंदर निस्तारण करने का आश्वासन दिया। साथी उन्होंने पत्रकारों के साथ बैठक कर 23 फरवरी को लखीमपुर के गोला गोकरननाथ में किए जा रहे आंदोलन पर पत्रकारों के साथ विचार विमर्श किया जिसमें वहां के एक पत्रकार पर रिपोर्ट दर्ज किए जाने को लेकर यह आंदोलन किया जाएगा जिसने सर्वोच्च न्यायालय एवं देश के प्रधानमंत्री को अपमानित करने का कार्य किया है उसके विरुद्ध रिपोर्ट लिखाने के लिए बड़ी संख्या में पत्रकार वहां उपस्थित होंगे।










जिसके तहत भारी संख्या में पत्रकारगढ़ एकत्रित होंगे और धरना प्रदर्शन करेंगे इसी क्रम में चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने पत्रकारों का हौसला अफजाई करते हुए कहा यदि किसी भी साथी पर अन्याय हुआ तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा साथ ही उन्होंने अंत में फिर चेतावनी दी और कहा गांव बिजासन में 6 माह से बंद पड़ी रास्ते को नहीं खुलवाया गया तो नवाबगंज में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया जाएगा जिसके लिए लापरवाह प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा इस मौके पर ऐप्जा तहसील अध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व देव राठौर उपाध्यक्ष शैलेंद्र गंगवार मंत्री साजिद अंसारी राजेश कश्यप यशपाल गंगवार रियाज गुड्डू अंसारी अखलाक अहमद प्रभारी सुमित कश्यप शाहिद अली समेत भारी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित थे सभी ने 23 फरवरी को गोला गोकरननाथ में होने वाले धरना प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आश्वासन दिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत फिरोजाबाद में दो सत्रों में जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद-** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत 18 फरवरी, दिन बुधवार पूर्वान्ह 11 बजे प्रशिक्षण अभियान की कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय फिरोजाबाद पर 2 सत्रों में आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता के रूप में ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल रहे। कार्यशाला के प्रथम सत्र में कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि संगठन से व्यक्ति निर्माण, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, प्रशिक्षण से कार्यकर्ता निर्माण किया जाता है। संगठन व्यक्ति से बड़ा होता है। संगठन सत्ता से ऊपर है। संगठन में हमे व्यक्ति निर्माण का कार्य करते-करते राष्ट्र निर्माण करना है। व्यक्ति से बड़ी पार्टी होती है व पार्टी से बड़ा राष्ट्र होता है। भारतीय जनता पार्टी कर्म प्रधान पार्टी है, नेता प्रधान






नहीं बल्कि नीति प्रधान पार्टी है। कार्यशाला के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए ब्रज क्षेत्र कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आगामी 15 मार्च से 13 अप्रैल तक जिला व मंडलों पर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने है। प्रशिक्षण शिविर का स्थान प्रत्येक मंडल के केंद्र पर हो जिससे सभी कार्यकर्ताओं को आने की सुगमता रहे। मौसम को देखकर प्रशिक्षण स्थल का चुनाव करना है। जिला स्तर का प्रशिक्षण दो दिवसीय रहेगा व मंडल स्तर का प्रशिक्षण एक दिवसीय रहेगा। कार्यशाला में प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा सत्यपाल राजपूत, पूर्व जिला संयोजक वृंदावन गुप्ता, महेश राजपूत, पूर्व विधायक शिव सिंह चक, जिला महामंत्री शशिकला दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष नीलम दिवाकर, जिला मंत्री शैलेंद्र प्रताप सिंह, शिव शंकर शर्मा, राघवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सावन झा, योगेंद्र सिंह चौहान, आकाश शर्मा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन जैन, अवनीश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, देवेंद्र बेनीवाल, पूरन सिंह बीडीसी, विनोद पाल सिंह बिन्नू, ब्रजवीर सिंह, अजीत जुरैल, वीरू धाकरे, ज्योति गुप्ता, राजवीर सिंह, पंकज राजपूत, यशपाल यादव, अतुल शुक्ला, शीलू सविता, देश दीपक चौहान, रामप्रकाश, अमलेश राजपूत, आदि लोग कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## जिला उद्योग बंधु बैठक में औद्योगिक गलियारे, ईएसआई हॉस्पिटल और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति की समीक्षा, बैंकों को सख्त निर्देश

**फ़िरोज़ाबाद-** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई, बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास और उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई, बैठक में यू0पी0डा0 द्वारा विकसित किये जा रहे, औद्योगिक गलियारे के संबंध में उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया कि यूपीडा द्वारा जनपद में विकसित किया जा रहे हैं, इस गलियारे के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को आधिकारिक तौर पर प्रारम्भ कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी जनपद मे निवेश कर सकें और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों, बैठक में उद्यमियों की मांग पर जलेसर रोड औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 132 के0वी0ए0 उप केंद्र की स्थापना पर चर्चा हुई, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण ने बताया कि वर्तमान में इंडस्ट्रियल एरिया में तीन संयोजन 33 के0वी0ए0 पर उच्चीकृत है, साथ ही साथ ककरऊ कोठी से कांच उद्योग तक की सभी स्ट्रीट लाइटें क्रियाशील है, जिससे औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा और सुगमता बढ़ी है, बैठक में यूपसीडा औद्योगिक क्षेत्र की आरक्षित भूमि पर आधुनिक चिकित्सा सुविधा ई0एस0आई0 हॉस्पिटल की स्थापना का अनुरोध किया गया, ताकि श्रमिकों और उद्यमियों को बेहतर उपचार मिल सके, मुख्य विकास अधिकारी ने औद्योगिक संगठनों से कहा कि






औद्योगिक संगठन की ओर से एक प्रस्ताव सहायक श्रमायुक्त को अवगत करायें, जिससे इस महत्वपूर्ण कार्य को किया जा सके।

इस बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की भी समीक्षा की गई, जिससे उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जनपद हेतु कुल 2000 का लक्ष्य निर्धारित था, लक्ष्य के सापेक्ष भारी उत्साह दिखाते हुए युवाओं ने कुल 4158 आवेदन किये, अब तक 1440 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें बैंकों द्वारा 1430 लाभार्थियों को ऋण वितरित कर उन्हे स्वरोजगार से जोड़ा गया है, मुख्य विकास अधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि एस0बी0आई0 आर0ए0सी0सी0 ब्रांच में लम्बित आवेदनों को समयबद्धता से निस्तारित कराया जाए, मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक आयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जिन बैंक शाखाओं की प्रगति शून्य है, उनकी सूची उपलब्ध कराऐं, ताकि संबंधित बैंक प्रबंधकों पर कार्यवाही की जा सके, मुख्य विकास अधिकारी ने उन बैंकों को सख्त चेतावनी जारी की है, जहां पर इस योजना से संबंधित प्रगति कम पाई गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक फिरोजाबाद को निर्देश दिये गये, कि वे योजनान्तर्गत अपने स्तर से भी बैंकों के जिला समन्वयकों व शाखा प्रबन्धकों से समन्वय कर समयान्तर्गत आवंटित. लक्ष्य की शत् प्रतिशत् पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह सरकार का महत्वपूर्ण फ्लैगशिप कार्यक्रम है, इस योजना में कोई भी बैंक अपने यहां आवेदन लंबित रखता है, तो उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा आगरा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड शहरी प्रथम, ग्रामीण, अधिशासी अभियन्ता (निर्माण खण्ड) नगर निगम, अधिशासी अभियन्ता (प्रान्तीय खण्ड) लोक निर्माण विभाग, उपायुक्त वाणिज्यकर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, औद्योगिक संगठनों के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मुकेश कुमार बंसल (टोनी), पारसा, सिहराज सिंह यादव, संदीप कुमार सहायक आयुक्त उद्योग, तरूण कुमार शर्मा, अतुल शर्मा जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, फिरोजाबाद आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 22 फरवरी को भदोही में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

**भदोही।** जनपद भदोही में आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 फरवरी 2026 को कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में नागरिकों को एक ही स्थान पर विधिक परामर्श, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं समस्याओं के समाधान का अवसर मिलेगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जहां पेंशन, पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न, श्रम संबंधी समस्याएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं अन्य विधिक मामलों में निःशुल्क सहायता प्रदान की जाएगी। पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही मार्गदर्शन देने का प्रयास किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही की पूर्णकालिक सचिव तरूणिमा पाण्डेय एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश दुबे द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायता एवं सुझाव के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के हेल्पलाइन नंबर 8009996944, 8354812380 तथा नालसा हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क किया जा सकता हैं।

## जीवन दीप कुष्ठ आश्रम का सीएमओ ने किया निरीक्षण



**भदोही।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने बुधवार को जीवन दीप कुष्ठ आश्रम, पिपरीस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं एवं निवासरत लोगों की स्थिति की समीक्षा की गई। निरीक्षण में बताया गया कि आश्रम में कुल 76 लोग निवास करते हैं, जिनमें 18 बच्चे, 33 पुरुष एवं 25 महिलाएं शामिल हैं। आश्रम में 12 कुष्ठ रोग से दिव्यांग व्यक्ति हैं, जिन्हें सरकार द्वारा प्रतिमाह तीन हजार रुपये पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही 73 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। जानकारी दी गई कि दिनांक 30 जनवरी 2026 को 13 कुष्ठ रोगियों को एमसीआर चप्पल तथा 6 रोगियों को स्व-देखभाल किट वितरित की गई थी। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 24 रोगियों का उपचार किया गया। आश्रम में कुल 48 आवास हैं, जिनमें लोग निवास करते हैं। निरीक्षण के दिन पुनः 4 कुष्ठ रोगियों को एमसीआर चप्पल एवं स्व-देखभाल किट प्रदान की गई।

## महिलाओं व किशोरियों के स्वास्थ्य पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**भदोही।** मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान तथा वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को ग्राम पंचायत भवन साडा में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दस ग्राम पंचायतों से लगभग 70 महिलाएं एवं किशोरियां शामिल हुईं। ग्राम प्रधान छोटू ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गांव की महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता फैलाना अत्यंत सराहनीय कार्य है। प्रशिक्षण के दौरान रीता सिंह ने महिलाओं से संबंधित बीमारियों एवं समस्याओं जैसे एनीमिया, पोषण, माहवारी स्वच्छता, लैंगिक समानता, स्वच्छता एवं पेयजल तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि महिलाएं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में संस्था से सहयोग प्राप्त कर सकती हैं। वेलस्पन परियोजना के परियोजना समन्वयक उमाशंकर ने परियोजना के उद्देश्य एवं अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। वहीं सुरियावां थाना से आई महिला मुख्य आरक्षी गरिमा यादव ने महिलाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न तथा महिला सहायता केंद्र के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन रीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूजा भारती, सरिता मौर्य, केसा, आनंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 11 नवजात बालिकाओं के साथ मनाया गया जन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने बुधवार को वन स्टॉप सेंटर कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने केंद्र में उपस्थित पीड़ित महिलाओं से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान यह भी कहा गया कि समाज को महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। निरीक्षण के समय केंद्र की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। साथ ही केंद्र प्रबंधक को निर्देश दिए गए कि विधिक सहायता की आवश्यकता वाली महिलाओं के मामलों को चिन्हित कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय भेजा जाए।

इसी क्रम में कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन वन स्टॉप सेंटर में किया गया, जिसमें 11 नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर एक नवजात बालिका से केक कटवाकर जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान माताओं एवं नवजात बालिकाओं को बेबी किट, उपहार एवं मिष्ठान वितरित किए गए।

अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि लड़का और लड़की में भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए तथा दोनों को समान शिक्षा एवं अवसर मिलने चाहिए, जिससे बेटियां आत्मनिर्भर बनकर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। बताया गया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार लाना तथा कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना है। साथ ही बाल विवाह रोकथाम के अंतर्गत शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर भी कराए गए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुकान के सामने से दिनदहाड़े बाइक चोरी




**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के जंगीगंज चौकी अंतर्गत बाजार में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई है। घटना के बाद बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम उजागिर उपाध्याय, पुत्र स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद, निवासी ग्राम सदाशिव पट्टी, पोस्ट दरवासी, थाना कोइरौना, जनपद भदोही ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जंगीगंज बाजार स्थित सीतामढ़ी मोड़ पर उनकी चाय-पान की दुकान है। दुकान के सामने खड़ी उनकी हीरो होंडा मोटरसाइकिल कुछ ही देर में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बनकट में 16 लाख की लागत से आरसीसी सड़क निर्माण शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सुरियावां विकास खण्ड के बनकट गांव में ग्रामीण विकास को गति देते हुए 16 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है। यह सड़क पूर्व प्रधान संजय दुबे के आवास से शर्मा बस्ती तक बनाई जाएगी, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य चन्द्र भूषण त्रिपाठी (पप्पू) ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की सड़कें विकास की बुनियाद होती हैं। इस आरसीसी सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी, साथ ही गांव की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना उनका दायित्व है और आने वाले समय में क्षेत्र में अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

जिला पंचायत सदस्य ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ कराया जाए और इसे समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। सड़क निर्माण शुरू होने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और इसे गांव के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# दुर्गागंज पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** थाना दुर्गागंज पुलिस ने सबमर्सिबल पंप चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी क्राइम चमन सिंह चावड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 फरवरी को रात्रि चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर हिम्मतपुर वरुणा पुल के पास से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 स्टेपलाइजर, 02 स्टार्टर, 01 सबमर्सिबल पंप एवं 01 बंडल केबल तार बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संदीप कन्नौजिया निवासी हिम्मतपुर थाना दुर्गागंज जनपद भदोही तथा आरीफ शेख निवासी तिलकट बाजार थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रामनगर व आसपास के गांवों में कई स्थानों से सबमर्सिबल पंप व अन्य उपकरण चोरी करना स्वीकार किया। बरामदगी के आधार पर अभियोग में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगहा का हुआ उद्घाटन




**सीखड़** – मीरजापुर वर्षो से बाट जोह रहे क्षेत्रीय लोगों के लिए खुशखबरी रही कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगहां का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक डॉ भरत यादव कर आम लोगों के लिए ओपीडी शुरू कर दिया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ भरत यादव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब नियमित ओपीडी देखी जायेगी। उक्त अवसर पर बीसी पी एम मनीष सिंह, डबलू एच ओ सन्तोष पांडेय, आशिष पांडेय, अनुपमा सिंह, विरेन्द्र दुबे,के,के सिह , ज्योति सिंह, संजीव मौर्या, मिलन त्रिपाठी सहित अन्य डाक्टर और स्टाप उपस्थित रहा।

# बाल सुरक्षा और कल्याण को लेकर एएसपी ने की गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** बाल सुरक्षा और कल्याण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भदोही पुलिस द्वारा पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में बाल कल्याण समिति के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने की। गोष्ठी में बच्चों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम को लेकर संबंधित अधिकारियों व समिति सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

गोष्ठी के दौरान जनपदीय पुलिस द्वारा संचालित 'ऑपरेशन नया जीवन' अभियान की प्रगति की जानकारी दी गई। अभियान के तहत अनाथ एवं वंचित बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा, जन्म प्रमाण पत्र, आधार, बैंक खाता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। अब तक इस अभियान में कुल 54 बच्चों का चयन किया गया है। अधिकारियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई।

अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में इन्द्रभूषण यादव प्रभारी निरीक्षक थाना एचटी भदोही, हरिदत्त पाण्डेय उप निरीक्षक थाना एचटी भदोही, रामकिशोर साहू मुख्य आरक्षी थाना एचटी भदोही, मनोज शर्मा श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही, इन्द्रजीत तिवारी श्रम विभाग भदोही, मनोज कुमार पाल, राजमणि, शिव कुमारी (एनजीओ मान्य सामाजिक एवं महिला विकास संस्थान, भदोही), वेद प्रकाश यादव खंड शिक्षा अधिकारी अभोली तथा श्याम लाल त्रिपाठी एडीओ पंचायत अभोली शामिल रहें।

# जनता दर्शन में डीएम शैलेष कुमार सख्त- लापरवाही पर नहीं मिलेगी कोई रियायत

● सदूर ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही:-** जिलाधिकारी कक्ष में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता दर्शन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है, अतः इसमें किसी प्रकार की कोताही अथवा हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जनता दर्शन में राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, विद्युत, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन /वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए तथा गंभीर प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगवाए जाएं। प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी, निष्पक्ष एवं मानवीय दृष्टिकोण से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इस अवसर पर वि./रा. कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शाहजहांपुर में 74 साल बाद हटाया गया 300 बीघा वन भूमि पर कब्जा, फसल जोतकर नष्ट

**शाहजहांपुर –** जिले में प्रशासन ने पिछले 74 वर्षो से वन विभाग की 300 बीघा जमीन पर किसानों द्वारा किए गए कब्जे को हटवा दिया है। इस दौरान जमीन जोतवाकर उस पर खड़ी उनकी फसल को भी नष्ट कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि वर्ष 1952 में खुटार थानाक्षेत्र स्थित जंगल की जमीन पर कब्जा शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे वन विभाग की करीब 300 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया गया और उसमें खेत बनाकर फसल उगानी शुरू कर दी गयी थी। उन्होंने कहा कि कई बार वन विभाग ने कब्जे को हटाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इसके बाद वन अधिकारियों ने पुलिस से इस जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि इस शिकायत पर पुलिस क्षेत्राधिकारी (पुवायां) प्रवीण मलिक के नेतृत्व में एक टीम बनाई गयी।

## डीग्री कालेज में छात्राओं में सेनेटरी पैड का वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़ मीरजापुर–** बुधवार को नरोत्तम सिंह पदम् सिंह राजकीय महाविद्यालय मंगरहा में एसबीआई बैंक शाखा मंगरहा द्वारा छात्राओं में सेनेटरी पैड वितरण किया गया। कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक की कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी सीएसआर पहल पर आयोजित किया गया था, जिसमें महाविद्यालय की करीब पांच सौ छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष कुमार चीफ मैनेजर क्षेत्रीय कार्यालय सोनभद्र रहें। मुख्य अतिथि ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि , जागरूकता की कमी और संकोच के कारण छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल सेनेटरी पैड वितरण करना नहीं, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास विकसित करने के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।हरारा विश्वास है कि जब हमारी बेटियां स्वस्थ और आत्मनिर्भर रहेंगी तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है अपितु समाज के हर वर्ग के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मृणालिनी सिंह, एसबीआई बैंक शाखा प्रबंधक जितेन्द्र कुमार, प्रोफेसर दिनेश यादव, डाक्टर सबीहा नाज, डाक्टर मधु तिवारी, डाक्टर राघवेन्द्र, आकांक्षा भास्कर, अभय दुबे,सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

# 22 फरवरी को भदोही में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

● कार्पेट एक्सपो मार्ट में लगेगा शिविर, आमजन को मिलेगी निःशुल्क विधिक सहायता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही:-** जनपद भदोही में आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 22 फरवरी 2026 को मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी, भदोही में आयोजित होगा। यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र दिनांक 28 नवम्बर 2025 के द्वारा कार्यपालक अध्यक्ष वरिष्ठ न्यायमूर्ति उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 22 फरवरी 2026 को मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाना है के अनुपालन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को विधिक जानकारी, परामर्श एवं सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के हेल्पलाइन नंबर-8009996944 व 8354812380 एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर -15100 पर संपर्क सुझाव हेतु कर सकते है।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा नागरिकों को निःशुल्क विधिक परामर्श, लोक अदालत से संबंधित जानकारी, पेंशन, पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न, श्रम संबंधी समस्याएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं अन्य विधिक मामलों में सहायता प्रदान की जाएगी। पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही आवश्यक मार्गदर्शन एवं समाधान उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही की पूर्णकालिक सचिव तरूणिमा पाण्डेय व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश दुबे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएं।

## पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप

**पीड़ित गंभीर रूप से घायल, नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** आपसी रंजिश को लेकर मारपीट का एक और मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।पीड़ित भरतलाल रिझारिया ने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही कुछ लोगों से पूर्व से विवाद चला आ रहा था। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व हाथ-मुक्कों से बेरहमी से मारपीट की।पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चोटों को गंभीर बताते हुए आगे के इलाज की सलाह दी।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी और आपराधिक कृत्य से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# मुकदमा दर्ज, फिर भी राहत नहीं पीड़िता पहुंची राष्ट्रपति कार्यालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिर्जापुर।** पति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित महिला प्राची सोनी ने अब राष्ट्रपति से न्याय की गुहार लगाई है। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा इस याचिका पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित महिला प्राची सोनी की शादी मिर्जापुर जनपद के कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के मुकेरी बाजार टटहाई रोड में हुई थी। प्राची सोनी का आरोप है कि उसके पति गौरव सोनी उर्फ कृष्णा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के पीछे उसकी सास, ससुर और देवर की भूमिका है। इस संबंध में उसने कटरा कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। प्राची सोनी का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वह और उसका परिवार लगातार मानसिक तनाव में है। पीड़िता के अनुसार, चौकी से लेकर थाने तक कई बार उसके बयान दर्ज किए गए, लेकिन इसके बाद भी मामले में प्रगति नहीं हो सकी। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से उसे और उसके परिजनों को बदनाम कर रहे हैं। इस संबंध में भी उसने कटरा कोतवाली में लिखित शिकायत दी, लेकिन इसके बावजूद सोशल मीडिया पर बदनाम करने की साजिश लगातार जारी है, जिससे उसका सामाजिक और मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। लगातार उत्पीड़न, न्याय न मिलने और दर-दर भटकने के बाद प्राची सोनी ने अंतिम सहारा लेते हुए राष्ट्रपति से गुहार लगाई। राष्ट्रपति सचिवालय ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित राज्य सरकार को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और याचिका पर की गई कार्रवाई की सूचना सीधे पीड़िता को देने को कहा है। इस पूरे मामले में कटरा कोतवाली पुलिस का कहना है कि प्रकरण में मुकदमा दर्ज है और विवेचना प्रचलित है। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया से जुड़े आरोपों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। फिलहाल, राष्ट्रपति सचिवालय के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित महिला को उम्मीद है कि अब मामले में निष्पक्ष जांच होगी और पति गौरव सोनी उर्फ कृष्णा की मौत से जुड़े तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने जनता दर्शन में आये जनता की आवाज सुनकर दिए त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश- पुलिस अधीक्षक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश–** बुधवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण धैर्य के साथ सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित नागरिकों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व एवं आपसी विवादों सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने प्रत्येक प्रकरण को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों पर गुणवत्ता पूर्ण जांच करते हुए पीड़ित पक्ष को संतोषजनक कार्यवाही से अवगत कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब या अनावश्यक उत्पीड़न कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन प्रकरणों में त्वरित हस्तक्षेप अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए गए। आगे उन्होंने कहा कि जनता दर्शन केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को मजबूत करने का एक सशक्त मंच है। आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही पुलिस की प्राथमिकता है।

## बुंदेली भजनो पर झूमे श्रद्धालु



**ललितपुर।** श्री हनुमान धारा मंदिर में गोलोकवासी महंत गोपीदास जी महाराज की स्मृति में आयोजित भागवत कथा के दौरान भजन संध्या सम्पन्न हुई। जिसमे प्रख्यात बुंदेली गायक परशुराम अवस्थी, चंद्रभान वासुदेव व प्रतीक्षा के भजनो पर पंडाल झूम उठा। महामंडलेश्वर राधामोहन दास की उपस्थिति में सम्पन्न हुई भजन संध्या के प्रारम्भ में परसुराम अवस्थी ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात उन्होंने एक से बढ़कर बुंदेली भजन सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पन्ना को हीरा पनागर को पान सहित होली व ब्रज के गीत काफ़ी पसंद किये गए।उनके आलावा चंद्रभान वासुदेव का चर्चित भजन गोरा सांची बताओ, कैसे करबा लओ भोले बाबा से ब्याओ भजन काफ़ी पसंद किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## दो व्यक्ति नशे में धुत पुलिस को देख भाग निकले

**नैनी, प्रयागराज** नैनी क्षेत्र के इंडिया होटल के समीप मंगलवार रात दो व्यक्ति शराब के नशे में अचेत पड़े हुए थे उधर से गुजर रहे एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह की नजर पड़ी जिस पर उन्हों ने नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज बलिराम को इसकी सूचना दी। जैसे ही चौकी इंचार्ज पहुंचे दोनों शराब के नशे में धुत थे पुलिस को देख दोनों उठ कर खड़े हो गए और बाइक लेकर निकल लिए।

## दिवानी कचेहरी में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन 21 फरवरी को

**ब्यूरो प्रयागराज।** 'आयुष आपके द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय होम्योपैथिक मोतीलाल नेहरू जिला चिकित्सालय के सौजन्य से दिवानी कचेहरी परिसर प्रयागराज (उ.प्र.) में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा, स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन दिनांक 21 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जगदीश राम ने दी है।

## नगर पंचायत घोसिया चेयरमैन पद प्रत्याशी रईस अहमद उसमानी की ओर से देश, प्रदेश व नगरवासियों को रमजान मुबारक



पवित्र माह रमजान के मुबारक मौके पर देश, प्रदेश एवं नगर पंचायत घोसिया सहित जनपद भदोही के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। नगर पंचायत घोसिया चेयरमैन पद प्रत्याशी रईस अहमद उसमानी ने अपने संदेश में कहा कि रमजान का पाक महीना रहमत, बरकत और मग़फिरत का महीना है। यह महीना हमें सब्र, त्याग, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है। रोज़ा इंसान को आत्मसंयम सिखाता है और समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रमजान केवल इबादत का महीना नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का अवसर भी है। हमें इस मुबारक महीने में नफरत और भेदभाव को छोड़कर प्रेम, सद्भाव और इंसानियत को बढ़ावा देना चाहिए। रईस अहमद उसमानी ने दुआ की कि अल्लाह तआला सभी की इबादतों को कबूल फरमाए, जनपद भदोही एवं नगर पंचायत घोसिया में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली कायम रखे तथा पूरे देश में भाईचारा मजबूत हो। उन्होंने सभी रोजेदारों से अपील की कि इस पवित्र माह में अधिक से अधिक इबादत करें, गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करें तथा समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में अपना योगदान दें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 15 वर्षीय छात्रा ने लगाई फांसी, परिवार में छाया मातम

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** थाना क्षेत्र के गुरेहथा गांव में मंगलवार सुबह एक 15 वर्षीय छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतका अनुष्का (15) पुत्री अशोक पासवान अपने छोटे भाई आठ वर्षीय अंश के साथ कमरे में सोई हुई थी। सुबह देर तक दरवाजा न खुलने पर मां ने दरवाजा खटखटाया। छोटे भाई ने दरवाजा खोला तो मां ने बेटी को फंदे से लटका देखा और चीख निकल गई। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए मर्चरी हाउस भेज दिया। बताया गया कि अनुष्का दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ी थी तथा कक्षा आठ की छात्रा थी। पुलिस के अनुसार छात्रा ने यह कदम किन कारणों से उठाया, इसकी जांच की जा रही है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है।

# एंटी करप्शन टीम ने बारा थाना प्रभारी को घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा (प्रयागराज)** प्रयागराज में बारा थाने के प्रभारी निरीक्षक को एंटी करप्शन टीम ने 75 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार सोनकर ने एक मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर आरोपी पक्ष से रकम मांगी थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए टीम ने थाने के भीतर ही प्लानिंग की और लेनदेन के दौरान दबोच लिया। मौके पर लिखा-पढ़ी और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

इंस्पेक्टर विनोद कुमार सोनकर मूल रूप से वाराणसी के सारनाथ का रहने वाला है। 2012 में दरोगा से प्रमोट होकर इंस्पेक्टर बना था।इंस्पेक्टर ने थाने में ही घूस लेकर आने को बुलाया भदोही के सुरियावां थाना के लुकमानपुर निवासी संतोष कुमार दुबे के खिलाफ बारा थाने में एक मुकदमा दर्ज था। उसने एंटी करप्शन में शिकायत की थी कि इस मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने के लिए प्रभारी इंस्पेक्टर ने उनसे 75 हजार रुपए घूस मांगी थी। एंटी करप्शन की ओर से इस शिकायत पर शुरुआती जांच कराई गई। जांच में इंस्पेक्टर की ऐसी की कार्यशैली मिली। इसके बाद इंस्पेक्टर को पकड़ने की योजना बनाई गई। तय योजना के मुताबिक बुधवार को दोपहर में 2:40 बजे शिकायतकर्ता संतोष कुमार दुबे रुपए लेकर पहुंचा।

फोन से बात करने पर आरोपी इंस्पेक्टर विनोद कुमार सोनकर ने संतोष कुमार दुबे को थाने में अपने ऑफिस में बुलाया। जैसे ही इंस्पेक्टर ने 75 हजार रुपए थामे, एंटी करप्शन की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

शिकायत के बाद शाहगंज थाने से हटाए गए थे।एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। फिलहाल इंस्पेक्टर को घूरपुर थाने ले जाया गया है, जहां उसके खिलाफ लिखा-पढ़ी की जा रही है। विनोद कुमार सोनकर इससे पहले प्रयागराज में खुल्दाबाद थाने का भी प्रभारी निरीक्षक रह चुका है।खुल्दाबाद थाने से इसे शाहगंज थाना प्रभारी बनाया गया था, जहां से इसे शिकायतों पर हटाया गया था। पुलिस लाइन में तैनात किया गया था। करीब 6 महीने पहले इसे बारा थाने का प्रभारी बनाया गया था।



**पीड़ित बोला- मुझे जबरन एक मुकदमे में नामजद कर दिया**

शिकायत करने वाले संतोष कुमार दुबे का कहना है कि आरोपी इंस्पेक्टर ने जबरन एक मुकदमे में उनका नाम शामिल कर दिया था। उस मुकदमे में वह नामजद नहीं थे, लेकिन विवेचना के दौरान शामिल होने का दावा कर उनका नाम मुकदमे में जोड़ दिया था। नाम हटाने के एवज में उनसे पहले एक बार पैसे लिए भी थे, अब दोबारा 75 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। इसके बाद ही उन्होंने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन की थी।

# जिलाधिकारी ने यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का किया भ्रमण

● **परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही-जिलाधिकारी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा ने बुधवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 को नकल विहीन कराये जाने के उद्देश्य से ज्वाला देवी इण्टर कालेज, सिविल लाइन सहित अन्य कालेजों में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया तथा परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त स्टेटिक मजिस्टेउ्ट व प्रधानाचार्य से चल रही बोर्ड परीक्षा से सम्बंधित जानकारी ली।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच की और निर्देश दिए कि सभी सीसीटीवी कैमरे लगातार क्रियाशील रहे साथ ही सीसीटीवी मानीटरिंग सेंटर से लगातार परीक्षा की निगरानी करते रहें।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों पर पानी की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने प्रधानाचार्यों से कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केन्द्रों के पास कोई भी अनधिकृत व्यक्ति न टहलते हुए मिले। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगा। परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

# कपिल देव, गावस्कर समेत 14 पूर्व कप्तानों का पाकिस्तान सरकार को चिट्ठी, जेल में बंद इमरान खान को लेकर की ये मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व विजेता टीम के कप्तान रहे इमरान खान की सेहत के लिए फिक्र जाहिर करते हुए दुनिया के 14 पूर्व कप्तानों ने एक खत वर्तमान पीएम शहबाज शरीफ को लिखा है। इस फेहरिस्त में लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर और कपिल देव का नाम भी शामिल है। यह याचिका ग्रेग चैपल के नेतृत्व में तैयार की गई और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से खास अपील की है।

इस पर हस्ताक्षर करने वालों में सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल, माइकल अथर्टन, नासिर हुसैन, बेलिंडा क्लार्क, इयान चैपल, एलन बॉर्डर, माइकल ब्रियर्ली, डेविड गॉवर, किम ह्यूज, क्लाइव लॉयड, स्टीव वॉ और जॉन राइट शामिल हैं। 'हम अधोहस्ताक्षरी राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान हैं और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और विश्व क्रिकेट की महान हस्ती इमरान खान के साथ हो रहे व्यवहार और उनकी जेल की स्थितियों को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। ' इसमें आगे लिखा है कि क्रिकेट के खेल में इमरान खान के योगदान की पूरी दुनिया तारीफ करती है। एक कप्तान के रूप में उन्होंने 1992 में



पाकिस्तान को ऐतिहासिक विश्व कप जीत दिलाई। यह एक ऐसी जीत थी जो उनके कौशल, अटूट साहस और नेतृत्व पर आधारित थी, जिसने सीमाओं के पार कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। इस खत के अनुसार, क्रिकेट के अलावा इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में भी सेवा की। राजनीतिक विचारों से इतर उन्हें अपने देश के सर्वोच्च पद पर लोकतांत्रिक रूप से चुने जाने का सम्मान प्राप्त है।

खत में उनके घटते विजन की बात है। आगे लिखा है, 'उनकी सेहत को लेकर आ रही हालिया खबरें, खासकर हिरासत के दौरान उनकी आंखों की रोशनी कम होने की चिंताजनक रिपोर्ट और पिछले ढाई साल से जेल की स्थितियों ने हमें बहुत परेशान किया है। शाहबाज शरीफ से अपील की गई है, 'हम सम्मानपूर्वक पाकिस्तान सरकार से आग्रह करते हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि इमरान खान को अपनी पसंद के विशेषज्ञों से तुरंत और उचित चिकित्सा सुविधा मिले। जेल में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार मानवीय और सम्मानजनक स्थितियां दी जाएं, जिसमें परिवार से नियमित मुलाकात शामिल हो और बिना किसी देरी के निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया का अधिकार मिले।

इस भावनात्मक अपील के अंत में लिखा 'क्रिकेट हमेशा देशों के बीच एक पुल रहा है। मैदान पर हमारा साझा इतिहास हमें याद दिलाता है कि मुकाबला स्टंप उखड़ने के साथ खत्म हो जाता है, लेकिन सम्मान हमेशा बना रहता है। इमरान खान ने अपने पूरे करियर में इसी भावना को जिया है। हम अधिकारियों से अपील करते हैं कि वे शालीनता और न्याय के सिद्धांतों को बनाए रखते हुए इसका सम्मान करें। यह अपील हम किसी कानूनी कार्रवाई में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि खेल भावना और मानवता के नाते कर रहे हैं। '

# AI समिट: मोदी सरकार की पिटवाई भद्द! भारत में बना बताकर दिखाया चीनी रोबोट, विवाद के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी पर एक्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित AI Impact Summit 2026 के दौरान एक रोबोटिक डॉग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की ओर से प्रदर्शित किए गए इस रोबोट को भारत में विकसित एआई तकनीक के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया कि यह यूनिवर्सिटी की 'इन-हाउस' डेवलप्ड टेक्नोलॉजी है।हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद इस दावे पर सवाल उठने लगे और मामला तूल पकड़ गया। समिट के दौरान एक वीडियो सामने आया जिसमें यूनिवर्सिटी की एक प्रतिनिधि मीडिया से बातचीत करते हुए रोबोटिक डॉग के फीचर्स समझा रही थीं। वीडियो में रोबोट को 'ओरियन' नाम दिया गया और कहा गया कि इसे यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है।वीडियो वायरल होते ही कई टेक विशेषज्ञों और यूजर्स ने दावा किया कि यह रोबोट भारत में विकसित नहीं है, बल्कि चीन की कंपनी का मॉडल है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'China Pulse' नाम के अकाउंट ने रोबोट की तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए दावा किया कि यह वही मॉडल है जिसे पहले चीन की एक रोबोटिक्स कंपनी प्रदर्शित कर चुकी है।बाद में सामने आया कि यह मॉडल चीनी कंपनी Unitree Robotics का 'Go2' रोबोटिक डॉग है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसे विदेश से खरीदा गया था, न कि भारत में विकसित किया गया।

दावा किया गया है कि यह 'Go2 मॉडल बाजार में लगभग 2 से 3 लाख रुपये की कीमत में उपलब्ध है।यह एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग 4D LiDAR तकनीक से लैस है। इस तकनीक की मदद से यह सीढ़ियां चढ़ सकता है और ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी संतुलन बनाकर चल सकता है। यही फीचर समिट में भी प्रदर्शित किए गए थे।

विवाद बढ़ने के बाद यूनिवर्सिटी की ओर से सफाई दी गई कि उन्होंने इसे विकसित करने का दावा नहीं किया था। उनका कहना है कि यह रोबोट छात्रों के सीखने और




रिसर्च के लिए एक टूल के रूप में लाया गया है। हालांकि वायरल वीडियो में इसे यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा तैयार बताया गया था, जिससे भ्रम की स्थिति बनी।मामले के सामने आने के बाद सरकारी सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि यूनिवर्सिटी को एआई समिट एक्सपो स्थल तत्काल खाली करने के लिए कहा गया है। हालांकि इस पर आधिकारिक विस्तृत बयान सामने आना बाकी है। विवाद की जड़ 'देसी AI' के दावे और विदेशी मॉडल के बीच अंतर को लेकर है। एक तरफ समिट में इसे भारत में विकसित तकनीक बताया गया। वहीं, दूसरी ओर सोशल मीडिया और टेक विशेषज्ञों ने इसे चीनी कंपनी का उत्पाद बताया।

## चित्रकूट में दर्दनाक हादसा: स्पीड ब्रेकर पर उछला ट्रैक्टर, गोद में थी मासूम...मां-बेटी की मौत

**चित्रकूट।** चित्रकूट में दर्दनाक हादसा हुआ है। मायके से लौट रही मां और गोद में बेटी की मौत हो गई। दोनों ट्रैक्टर में बैठकर आ रहे थे। तभी स्पीड ब्रेकर में ट्रैक्टर के उछलने से हादसा हुआ। थाना भरतकूप क्षेत्र के भैसोंधा गांव में बुधवार की अपराह्न करीब दो बजे एक हादसे में ट्रैक्टर से गिरकर 30 वर्षीय शबीना पत्नी इमान और उसकी दो वर्षीय मासूम बेटी सना की मौत हो गई। शबीना अपनी बेटी को गोद में लेकर चालक सीट के बगल में बैठी थी और मायके गोबरिया से ससुराल कमासिन (बांदा) जा रही थी। भरतकूप के भैसोंधा पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर स्पीड ब्रेकर पर उछल गया, जिससे मां-बेटी असंतुलित होकर नीचे गिर पड़ीं। गंभीर रूप से घायल दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मेवा लाल बगिया चौराहे से नैनी रेलवे स्टेशन मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों मे तबदील

● **इस रोड पर थोड़ा संभल कर चलिए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे से नैनी रेलवे स्टेशन मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस गड्ढे युक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं।अगर आप इस रास्ते आ रहे है तो थोड़ा संभल कर चलिए क्योंकि आप बड़े बड़े गड्ढों के बीच से गुजर रहे हैं। बताया जाता है, कि क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे से नैनी रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाली सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस गड्ढे युक्त सड़क पर आए दिन दुपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर चोटिल हो जाते हैं। बताया जाता है कि नैनी का मुख्य बाजार होने के



चलते क्षेत्र के कई गांव के लोगों का आना जाना होता है। इसके अलावा इसी मार्ग पर रेलवे स्टेशन होने के चलते दूर दराज के यात्रियों का भी आवागमन इसी मार्ग से होता है। इस सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतें महसूस हो रही है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को होने के बावजूद उनके द्वारा इस सड़क की घोर उपेक्षा की जा रही है। जिससे लोगों में उनके प्रति जबरदस्त असंतोष प्राप्त है।

# गाँवों के हर मकान की अद्वितीय आईडी है घरौनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली आबादी के घरों का कोई नक्शा या नम्बर नहीं होता है। जमीन के जिस भाग पर विभिन्न वर्गों के परिवार मकान बनाकर रहते हैं, उस क्षेत्र को राजस्व विभाग के नक्शे में आबादी क्षेत्र घोषित किया गया है। आबादी क्षेत्र में बहुत से परिवारों के घर होते है, किन्तु इस घर पर किसी के नाम से वह मकान नहीं होता है। ऐसी स्थिति में स्वामित्व व कब्जों को लेकर गाँवों में पारिवारिक या पडोसी से विवाद मारपीट व मुकदमेबाजी भी होती है। ग्रामीण समाज में शान्ति, सौहार्द आपसी भाई चारा बनाये रखने और आवासों का स्वामित्व बनाये रखने के उद्देश्य से भारत सरकार की ष्स्वामित्व योजनाष् के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण, एवं अभिलेख संक्रिया विनियामली, 2020 प्रख्यापित की है। जिसके अन्तर्गत आवास स्वामी को घरौनी दी जाती है।

राज्य सरकार की इस विनियमावली के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में अवस्थित भूमि, भवन एवं सम्पत्तियों का सर्वेक्षण कराकर ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार कर सम्बन्धित गृह स्वामियों को उपलब्ध कराया जाता है। राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर ग्रामीण आबादी क्षेत्र के सर्वेक्षण का कार्य जिलाधिकारियों/जिला अभिलेख अधिकारियों द्वारा प्रसारित कर कराया जा रहा है। सर्वेक्षण प्रक्रिया में सर्वप्रथम ग्राम सभाओं की बैठक कर सभी ग्रामवासियों को इस विनियमावली की जानकारी दी जाती है। तत्पश्चात ग्राम के आबादी क्षेत्र की सभी निजी, सरकारी अर्ध सरकारी भूमि, भवन एवं सम्पत्तियों को चिन्हीकरण किया जाता है। चिन्हीकरण के पश्चात आबादी क्षेत्र को ड्रोन द्वारा सर्वेक्षण फोटो लिए जाते हैं, जिसके आधार पर आबादी क्षेत्र का मानचित्र तैयार किया गया है। मानचित्र के आधार पर आबादी भूखण्डों की नम्बरिंग कर सभी गृह स्वामियों एवं सरकारी सम्पत्तियों की सूची बनाकर ग्राम पंचायत की बैठक में प्रकाशित किया जाता है।

घरौनियों हेतु सम्पत्तियों की सूची के प्रकाशन के उपरान्त उप जिलाधिकारी द्वारा आपत्तियों आमंत्रित कर उनका निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाता है। उप जिलाधिकारी/सहायक अभिलेख अधिकारी के निस्तारण के विरुद्ध जिलाधिकारी/जिला अभिलेख के समक्ष आपत्ति दाखिल की जा सकती है। जिलाधिकारी/जिला अभिलेख अधिकारी द्वारा सम्बन्धित पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर आपत्ति का निस्तारण करते है। सभी त्रुटियों, समझौते एवं आपत्तियों के निस्तारण के पश्चात गृह स्वामीवार ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) एवं संशोधित मानचित्र तैयार किया जाता है। जिसकी पुष्टि सहायक अभिलेख अधिकारी द्वारा की जाती है।




ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयारी हो जाने के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा ग्राम के आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया पूर्ण होने की अधिसूचना का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाता है।

प्रदेश में नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर उनके स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार कराने हेतु प्रदेश में कुल 1,10,344 ग्रामों को अधिसूचित किया गया है, जिनमें संचालित ''स्वामित्व योजना'' के अन्तर्गत प्रदेश में गैर आबाद आदि ग्रामों को छोड़कर कुल 90530 ग्रामों में वास्तविक रूप से ड्रोन सर्वेक्षण एवं घरौनी तैयार किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। दिसम्बर, 2025 तक समेकित रूप से सभी 90530 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूर्ण हो गया है। प्रदेश में अब तक 71344 ग्रामों में कुल 1,09,11,057 ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) तैयार/वितरित की जा चुकी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी डीआईजी को हेट स्पीच क्लिप से आवाज़ की तुलना के लिए हैदराबाद फोरेंसिक लैब जाने को कहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में तेलंगाना फोरेंसिक साइंसेज लैब को एक सीलबंद लिफाफे में उत्तर प्रदेश के एक पुलिस अधिकारी के आवाज़ के सैंपल और कथित ऑडियो क्लिप के फोरेंसिक एनालिसिस पर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया, जिस पर मुस्लिम विरोधी टिप्पणी करने का आरोप है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के डीआईजी संजीव त्यागी (पहले बिजनौर के पुलिस अधीक्षक) को 09.03.2026 को सुबह 11.00 बजे ञ्ञत्नस्नस्रु हैदराबाद के डायरेक्टर के सामने अपना आवाज़ का सैंपल देने के लिए पेश होने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता इस्लामुद्दीन अंसारी, जिनके फ़ोन में संजीव त्यागी की कथित ऑडियो क्लिप थी जिसमें गलत बातें थीं, को उसी दिन ञ्ञत्नस्नस्रु में मौजूद रहने की भी अनुमति दी ताकि फोरेंसिक अधिकारियों को ऑडियो क्लिप ढूंढने में मदद मिल सके। जांच के बाद, ञ्ञत्नस्नस्रु को क्लिप की ट्रांसक्रिप्ट के साथ एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट जमा करनी होगी। कोर्ट ने ञ्ञत्नस्नस्रु से यह भी पता लगाने को कहा कि क्या पिटीशनर के फोन से कुछ डिलीट किया गया है, जिसमें वह ऑडियो क्लिप थी।

'क्योंकि संबंधित फ़ोन से किसी भी डिलीटेशन के बारे में आशंका जताई गई है, इसलिए हम इसे ञ्ञत्नस्नस्रु के डायरेक्टर पर छोड़ते हैं कि वे इस पहलू की जांच करें और एक रिपोर्ट दें कि क्या पिटीशनर के फ़ोन से कुछ डिलीट किया गया है, जिसे पुलिस ने ज़ब्त करने के बाद ज़ब्त किया था, जिसकी तारीख पिटीशनर द्वारा डायरेक्टर को बताई गई है। ' जहां तक कोर्ट को स्नस्रु से एक एप्लीकेशन मिली, जिसमें फोरेंसिक जांच को आसान बनाने के लिए ऑडियो क्लिप की ट्रांसक्रिप्ट के साथ 'लेटर ऑफ़ एडवाइस' की ज़रूरत बताई गई थी, कोर्ट ने कहा कि किसी लेटर ऑफ़ एडवाइस की ज़रूरत नहीं है क्योंकि जांच कोर्ट के आदेश के अनुसार की जा रही थी।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच इस्लामुद्दीन अंसारी की रद्द करने की याचिका में दायर एक एप्लीकेशन पर विचार कर रही थी, जिन पर ऑडियो क्लिप के बारे में झूठी अफवाहें फैलाने के लिए एक क्रिमिनल केस दर्ज किया गया था। 8 दिसंबर, 2025 को, कोर्ट ने अंसारी के खिलाफ क्रिमिनल केस रद्द कर दिया, यह देखते हुए कि FIR तब दर्ज हुई जब उन्होंने त्यागी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों वाले ऑडियो क्लिप पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने का प्रस्ताव दिया था, जो उस समय बिजनौर में SP के तौर पर काम कर रहे थे। कोर्ट ने त्यागी को वेरिफिकेशन के लिए कथित ऑडियो क्लिप के साथ अपना वॉयस सैंपल तेलंगाना की स्टेट स्नस्रुलेबोरेटरी को देने का भी निर्देश दिया।

इसके बाद 12 दिसंबर को एक इंटरलोक्यूटरी एप्लीकेशन पर मामले की सुनवाई हुई, जिसमें त्यागी को अपना वॉयस सैंपल जमा करने के कोर्ट के पहले के ऑर्डर में बदलाव की मांग की गई थी। कोर्ट को बताया गया कि जिस मोबाइल फोन पर ऑडियो रिकॉर्ड किया गया था, वह पहले से ही पुलिस कस्टडी में था। इसे देखते हुए, कोर्ट ने स्त्र्क बिजनौर को निर्देश दिया कि वे ज़ब्त किए गए डिवाइस को स्नस्रु हैदराबाद के डायरेक्टर तक सुरक्षित पहुंचाएं। यह मामला मार्च 2020 में कोविड 19 महामारी के दौरान का है। पिटिशनर के अनुसार, उन्होंने ऑडियो क्लिप उस समय के एसपी , बिजनौर को भेजी थी, यह कन्फर्म करने के लिए कि क्लिप में आवाज़ उनकी है या नहीं। इसके बाद, पिटीशनर के खिलाफ IPC की धारा 505 और IT एक्ट की धारा 67 के तहत स्नद्धक्र दर्ज की गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने सांप्रदायिक दुश्मनी भड़काने के इरादे से अफवाहें फैलाई। 2021 में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने चार्जशीट फाइल की और कॉग्निजेंस लिया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के कार्रवाई रद्द करने से मना करने के बाद, अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## आजमगढ़ में 27 साल पुराने शिया-सुन्नी दंगे में फैसला; 12 दोषियों को उम्रकैद, जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर में वर्ष 1999 में हुए शिया-सुन्नी दंगे में 27 साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय ने मंगलवार को 12 दोषियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक पर 66,500 अर्थदंड की सजा सुनाई है. इससे पूर्व 13 फरवरी को अदालत सभी आरोपियों को दोषी करार दे चुकी थी। अभियोजन के अनुसार वादी नासिर हुसैन ने 30 अप्रैल 1999 को मुबारकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके चाचा अली अकबर, निवासी पूरा ख्वाजा, 27 अप्रैल 1999 से लापता थे. 28 अप्रैल को उनके पुत्र जैगम ने गुमशुदगी की सूचना दी थी. 30 अप्रैल 1999 को अली अकबर का सिर कटा शव राजा भाट के पोखरे से बरामद हुआ. विवेचना में सामने आया कि मोहर्रम के जुलूस से लौटते समय अली अकबर पर हमला कर उनकी हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने इस मामले में हुसैन अहमद (हैदराबाद), मोहम्मद अयूब फैजी, फहीम अख्तर, असरार अहमद, मोहम्मद याकूब (सभी दुल्हनपुरा), अली जहीर, इरशाद (पूरासोफी), मोहम्मद असहद, अफजल, अलाउद्दीन, दिलशाद तथा वसीम के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था. मुकदमे के दौरान हाजी मोहम्मद सुलेमान, नजीबुल्लाह, हमीदुल्लाह उर्फ झीनक और हाजी अब्दुल खालिक का निधन हो गया. शेष 12 आरोपियों के विरुद्ध सुनवाई पूरी होने पर अदालत ने सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



अभियोजन पक्ष की ओर से डीजीसी फौजदारी प्रियदर्शी पियूष त्रिपाठी तथा एडीजीसी दीपक कुमार मिश्रा ने नौ गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सख्त फैसला सुनाया. अली अकबर के पोते परवेज ने अदालत के फैसले का स्वागत किया है. उन्होंने कहा कि मेरे दादा को 27 साल बाद इंसाफ मिला. अदालत के फैसले से खुश हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुण्यतिथि पर समाजसेवा का संकल्पः स्व. उमाशंकर गुप्ता की स्मृति में सामग्री वितरण व मंदिर में अलमीरा दान



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा के सुप्रसिद्ध छायाकार स्व. उमाशंकर गुप्ता 'अकेला' की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धा और सेवा-भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके पुत्र मनीष गुप्ता एवं रौशन गुप्ता ने कैला खाड़ गांव में जरूरतमंदों के बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया तथा बुध बाजार स्थित शिव मंदिर में अलमीरा दान स्वरूप भेंट की। पुण्यतिथि कार्यक्रम के दौरान मनीष गुप्ता ने कहा कि पिता की स्मृति में समाजहित के कार्य करना उनके परिवार की पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों की याद में यदि हर व्यक्ति यथाशक्ति जरूरतमंदों की सहायता करे, तो समाज और अधिक सशक्त व संवेदनशील बन सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. उमाशंकर गुप्ता के व्यक्तित्व एवं उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर अरुण प्रिंस (अधिवक्ता), धनेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, विक्रम शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, रामकरण साहू, दिनेश प्रसाद, वेदांत अग्रवाल, सुशील साहू, पंडित गोपाल वेद्य, दिलीप साहू सहित शौंडिक जायसवाल समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पुण्यतिथि कार्यक्रम सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

### रमजान को लेकर क्षेत्र में उत्सवी माहौल

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** आज से नेकी और बरकत का महीना रमजान आरंभ हो गया। चाँद दिखने के बाद अब मुस्लिम समुदाय आज से रोजा रखे तथा पाँच वक्त की नमाज़ अदा कर अल्लाह की इबादत करेंगे। बुधवार की शाम को नारायणपुर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में रमजान को लेकर खूब चहल-पहल देखी गई। लोगों ने आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की और पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल साफ दिखाई दिया। रमजान के पूरे एक महीने रोजा रखने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है और ईदगाहों में सामूहिक ईद की नमाज़ अदा की जाती है। पाक महीने में इफ़्तार के दौरान लच्छा, फल, दूध आदि जैसे विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों का सेवन भी किया जाता है।

### सुन्दरपुर माझी टोला में जल टंकी और नल कूपों से पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से बढ़ी कठिनाई



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा निर्मित जल टंकियों और बड़े पैमाने पर बनाए गए नल कूपों की पूर्ण मरम्मति नहीं की जाने तथा जल टंकियों से पेयजल की आपूर्ति नहीं होने की सूचना के बाद भी विभिन्न ग्रामीण इलाकों में ठंड के मौसम में जल की आपूर्ति नहीं होने से कठिनाई बढ़ी। हालांकि ठंड के दिनों में लोग दूसरे टोले तथा दूर से जल लाकर उपयोग करते रहे हैं, लेकिन गर्मी और कड़ी धूप में लोगों के समक्ष पेयजल की कठिनाइयां बढ़ती रही हैं। इसी क्रम में पाकुड़िया प्रखंड के राजपोखर पंचायत के ग्राम श्यामसुंदरपुर माझी टोला में जल टंकी तथा नल कूप की खराबी के कारण टोलेवासियों को फिलहाल दूर से पेयजल लाना पड़ता है। 17 फरवरी को टोले की महिलाओं ने बताया कि बहुत दिनों से जल टंकी से जल की आपूर्ति नहीं होने के कारण उन्हें दूसरे स्थान से पानी लाना पड़ता है, जबकि नल कूप बिल्कुल खराब पड़ा है। वहीं प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित चांय पाड़ा परमेश्वर धर्मशाला तथा बांध पोखर के निकट जल टंकी से जल आपूर्ति बहुत दिनों से बाधित देखी गई। लोगों का मानना है कि मौसम के बदलाव के साथ पेयजल की कठिनाइयां बढ़ती हैं। जल एवं स्वच्छता विभाग को स्थल निरीक्षण कर सभी नल कूपों और जल टंकियों को ठीक करना चाहिए ताकि पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## भव्य आयोजन के साथ मना झारखंड अगरिया असुर आदिम जनजाति विकास समिति का 26वां स्थापना दिवस

**●पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के निजी मिडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान रहें विशिष्ट अतिथि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** जिलें के सरहुल मैदान स्थित धुमकुड़िया भवन में झारखंड अगरिया असुर आदिम जनजाति विकास समिति का 26वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह, गरिमा और एकजुटता के साथ मनाया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे लगभग 500 समाजबंधुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। पूरे परिसर में पारंपरिक परिधान, सांस्कृतिक झलक और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मां देव प्रिया , महेंद्र बेक उपस्थित रहीं। वहीं पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान विशिष्ट अतिथि के तौर पर समारोह में शामिल हुए। मंच पर पहुंचते ही उनका पारंपरिक अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विक्की कुमार धान ने मुन्ना सिंह का संदेश समाज के बीच साझा करते हुए कहा कि अगरिया असुर आदिम जनजाति की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक पहचान को संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने शिक्षा को समाज की प्रगति की सबसे मजबूत नींव बताते हुए युवाओं से संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है तो विकास की नई दिशा और नई पहचान स्थापित होती है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अगरिया ने संगठन की 26 वर्षों की संघर्षपूर्ण यात्रा और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति समाज के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। सचिव मुकेश कुमार अगरिया एवं कोषाध्यक्ष बिनोद अगरिया ने संगठन की भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पारंपरिक नृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## कलश यात्रा के साथ बुधुडीह में सात दिवसीय यज्ञ हुआ आरंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** प्रखंड के बुधुडीह में आयोजित श्री श्री 1008 श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह सह चंडी यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में 1100 से अधिक कन्याओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं यज्ञ समिति के सदस्य मौजूद रहे। कलश यात्रा बुधुडीह स्थित यज्ञ मंडप से शुरू होकर लगभग पाँच किलोमीटर की दूरी तय करती हुई शिलदाहा नदी तक पहुँची। वहाँ यज्ञाचार्य पंडित अंकित कुमार मिश्रा, पंडित सुरेश पाठक तथा अन्य ब्राह्मणों के द्वारा मुख्य यजमान भरत महतो एवं उनकी पत्नी मांडवी देवी, निर्मल दास, प्रकाश मंडल, मोहन मंडल, कमलेश पोद्दार तथा नंदकिशोर यादव के साथ मिलकर जल के देवता वरुण का आह्वान किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और जल पूजन के बाद कन्याओं ने कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल की ओर प्रस्थान किया। यज्ञ मंडप पहुँचने पर कलशों को सुसज्जित रूप से स्थापित किया गया, जिसके बाद आगे का वैदिक अनुष्ठान आरंभ हुआ। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल और शरबत की व्यवस्था की गई। यात्रा के दौरान किए जा रहे जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस कलश यात्रा में बुधुडीह पंचायत की पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, यज्ञ समिति सदस्य जयराम रवानी, काशी पंडित, पंचानंद पोद्दार, लखींद्र हेंब्रम, चांदमुनि हेंब्रम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वहीं बृंदावन से आई कथावाचिका देवी स्वाति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है।

### हजारीबाग में आचार्य विद्यासागर जी की द्वितीय समाधि स्मृति पर रक्तदान शिविर, 43 यूनिट रक्त संग्रहित



**हजारीबाग, झारखंडः-** आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की द्वितीय समाधि स्मृति पर श्री दिगंबर जैन पंचायत द्वारा जैन भवन परिसर में भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 43 यूनिट रक्त दान किया। रक्त संग्रह का कार्य आरोग्यम ब्लड बैंक की मेडिकल टीम ने सुरक्षित प्रक्रिया के साथ किया। रक्तदाताओं में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। अध्यक्ष नागेंद्र विनायक और सचिव संजय जैन अजमेरा ने कहा कि यह शिविर आचार्य श्री के आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम संयोजक हर्ष अजमेरा ने बताया कि यह रक्त थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। पूरे आयोजन में सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट झलकी।

## ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल ने रचा इतिहास, प्राचार्य हिमांशु सिंह को राजभवन से सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, लातेहार, झारखण्डः-** चंदवा के शैक्षणिक परिदृश्य में एक नया इतिहास रचते हुए ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल (GTPS) के प्राचार्य हिमांशु सिंह को राजभवन, रांची स्थित लोक भवन में आयोजित विशेष 'एट होम' समारोह में आमंत्रित किया गया। पूरे झारखंड से चयनित मात्र तीन प्राचार्यों में उनका नाम शामिल होना न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे चंदवा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। यह गरिमामय समारोह महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। इस विशेष आमंत्रण ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि GTPS ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, अनुशासन और नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

समारोह में प्राचार्य हिमांशु सिंह की सहभागिता को शिक्षा जगत में उनके योगदान की औपचारिक मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान स्कूल की डायरेक्टर की दूरदर्शी सोच, शिक्षकों की निष्ठा और विद्यार्थियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का सामूहिक परिणाम है। प्रबंधन ने कहा, राजभवन से सीधे मिला यह निमंत्रण हमारे लिए सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। यह हमें शिक्षा की गुणवत्ता को और ऊंचाई पर ले जाने की प्रेरणा देता है। क्षेत्र के अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने इसे चंदवा के लिए गौरव का क्षण' बताया है। उनका कहना है कि GTPS की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के शैक्षणिक माहौल को सकारात्मक दिशा देगी। स्थानीय स्तर पर विद्यालय की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसका प्रभाव आगामी शैक्षणिक सत्र में नामांकन को लेकर अभिभावकों के उत्साह में साफ देखा जा रहा है। ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल की यह उपलब्धि न केवल संस्थान की बढ़ती साख का प्रमाण है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि छोटे कस्बों के विद्यालय भी समर्पण, गुणवत्ता और नेतृत्व के दम पर राज्य स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।

## नगरपालिका चुनाव 2026: लातेहार में मतगणना कर्मियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण संपन्न, 27 फरवरी को होगी काउंटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के अंतर्गत लातेहार नगर पंचायत में 23 फरवरी 2026 को प्रस्तावित मतदान के बाद 27 फरवरी 2026 को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मतगणना कार्य को सफल, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को स्थानीय बनवारी साहू महाविद्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त कर्मियों का प्रथम चरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सामान्य प्रेक्षक योगेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा अतिरिक्त गणना पर्यवेक्षकों को मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान मतगणना टेबल की संरचना, मतपत्रों की जांच की विधि, वैध एवं अवैध मतों की पहचान, आवश्यक प्रपत्रों का संधारण, परिणामों के संकलन एवं अंतिम घोषणा की प्रक्रिया पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मतगणना कार्य पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया, ताकि काउंटिंग के दिन किसी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियात्मक त्रुटि की संभावना न रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि 27 फरवरी को निर्धारित मतगणना शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा, व्यवस्था और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

### डीएम - एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सीसीटीवी का जायजा लिया



**सिद्धार्थनगर-** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं मीडिएट की द्वितीय पाली की परीक्षा का जय किसान इन्टर कालेज सकतपुर सनई, बांसी का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा सी.सी.टी.वी. कैमरा कक्ष को देखा गया।सभी परीक्षा कक्षों के सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील पाये गये। इसके साथ ही प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा शान्तिपूर्ण, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये।

## नाई समाज प्रखंड चौपारण की बैठक संपन्न, विकास व एकता का संकल्प

**●सैकड़ों लोग संयुक्त ठाकुर विकास मोर्चा झारखंड में शामिल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** नाई समाज प्रखंड चौपारण की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम जोकट पंचायत के करमा स्थित एनएच-2 किनारे आयोजित की गई। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, एकता और संगठन सुदृढ़ीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त ठाकुर विकास मोर्चा झारखंड की अध्यक्ष ऊषा ठाकुर और महासचिव जगत प्रकाश उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने संगठन की सदस्यता ली। महासचिव जगत प्रकाश ने कहा कि व्यक्तिगत राजनीति और स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज एवं सरकार की प्राथमिकताओं को महत्व देना होगा। वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, युवाओं की सक्रियता और संगठनात्मक मजबूती को समय की जरूरत बताया। बैठक में सर्वसम्मति से फरवरी-मार्च 2026 के बीच होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सांस्कृतिक भवन के उद्घाटन व चारदीवारी निर्माण तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर शिव-पार्वती मंदिर निर्माण की पहल का संकल्प लिया गया। अंत में आगामी आंदोलन में भाग लेने हेतु मोराबादी जाने का निर्णय लिया गया, ताकि राज्य स्तर पर नाई समाज की मजबूती प्रदर्शित की जा सके। बैठक में प्रखंड के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मधु कोड़ा की रैली से लातेहार में सियासी घमासान, सौरभ बोले- भाजपा का भ्रष्टाचार मॉडल बेनकाब

**●स्टार प्रचारक पर बवालः लातेहार में मधु कोड़ा की एंट्री से गरमाई चुनावी जंग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** नगर पंचायत चुनाव को लेकर लातेहार की राजनीति गरमा गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सौरभ श्रीवास्तव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को स्टार प्रचारक बनाकर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। सौरभ श्रीवास्तव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी महेश सिंह के समर्थन में मधु कोड़ा को लातेहार बुलाना पार्टी की हताशा और राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचायक है। उन्होंने आरोप लगाया कि लातेहार खनिज संपदा से परिपूर्ण जिला है और मधु कोड़ा पर पूर्व में खनन से जुड़े गंभीर आरोप लगे थे। ऐसे में उन्हें स्टार प्रचारक बनाना भाजपा के 'भ्रष्टाचार मुक्त लातेहार' के दावे पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि जिन पर हजारों करोड़ रुपये के कथित माइनिंग घोटाले के आरोप लगे, उन्हें प्रचार के लिए बुलाना जनता के साथ मज़ाक है। सौरभ ने दावा किया कि भाजपा की यह रणनीति उलटी पड़ेगी और जनता सब समझ चुकी है। सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि लातेहार नीलांबर-पीतांबर की ऐतिहासिक धरती है और यहां के मतदाता सजग हैं। उन्होंने झामुमो समर्थित प्रत्याशी बिलासी टोपनो की जीत का दावा करते हुए कहा कि शहर में माहौल उनके पक्ष में है। उन्होंने कहा कि एक संघर्षशील आदिवासी समाज की बेटी के रूप में बिलासी टोपनो को व्यापक समर्थन मिल रहा है और जनता बदलाव के लिए तैयार है। नगर पंचायत चुनाव के बीच मधु कोड़ा की एंट्री ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। अब देखना होगा कि यह रणनीति भाजपा के लिए कितना असरदार साबित होती है और जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

## आबकारी का सिपाही भेजा गया जेल

**●विवाह में हर्ष फायरिंग के दौरान साथी सिपाही हुआ था घायल, 32 बोर की ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर -** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के करमाजितपुर गांव में तिलकोत्सव समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग की घटना के आरोपी आबकारी सिपाही को मंगलवार शाम मोतिगरपुर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल सहित गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को आरोपी सिपाही को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मालूम हो कि सोमवार रात तिलकोत्सव समारोह के दौरान रायबरेली में तैनात आबकारी विभाग के सिपाही सुरेंद्र कुमार यादव द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से की गई हर्ष फायरिंग में उनके ही साथी सिपाही विनीत मिश्र (36) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गोली विनीत के पेट में लगी थी। उन्हें प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। घटना के संबंध में मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक श्रीराम मिश्र की शिकायत पर आरोपी सिपाही के खिलाफ मुकदमा संख्या 048/2026, बीएनएस की धारा 109, 7 सीएलए एक्ट, 25(1बी)(9)/30 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक विनोद कुमार मिश्र और कांस्टेबल सुनील यादव ने मंगलवार शाम आरोपी सुरेंद्र यादव को लखनऊ-बलिया हाईवे स्थित कैथवारा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से .32 बोर की ऑटोमेटिक पिस्टल (वेबली एंड स्कॉट, मेड इन इंडिया) बरामद की गई है, जिसका लाइसेंस प्रयागराज जिले के फाफामऊ क्षेत्र के शान्तिपुरम पते से जारी बताया गया है। पुलिस ने बरामद पिस्टल को बैलिस्टिक जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया है। घटनास्थल से खोखा बरामद नहीं हुआ है, जिसकी भी जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सुल्तानपुर-जफराबाद रेल ट्रैक पर मालगाड़ी से ट्रैक्टर टकराया

**●सवा घंटे ट्रैक बाधित, इंजन क्षतिग्रस्त; ट्रैक्टर के परखच्चे उड़े**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर लंभुआ -** बुधवार को लखनऊ-वाराणसी रेल ट्रैक पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां ईंट से लदा एक ट्रैक्टर मालगाड़ी के इंजन से टकरा गया, जिससे ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और मालगाड़ी का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के कारण करीब सवा घंटे तक रेल ट्रैक बाधित रहा। यह घटना बुधवार सुबह लगभग 10:43 बजे थाना चांदा क्षेत्र के ग्राम सभा शेरपुर परशुरामपुर में पोल नंबर 887/22 और 887/24 के बीच हुई। मालगाड़ी के ड्राइवर ने दूर से ही ट्रैक्टर को देखकर उसकी गति धीमी कर दी थी, जिससे एक बड़ी और अप्रिय दुर्घटना होने से बच गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए। रेलवे पुलिस के अनुसार, मालगाड़ी के इंजन का आगे का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद मालगाड़ी सुबह 10:43 बजे से दोपहर 12:02 बजे तक ट्रैक पर रुकी रही, जिसके बाद ट्रैक खाली कराकर उसे आगे रवाना किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह ट्रैक्टर ट्रॉली कोइरीपुर से ईंट लादकर शेरपुर परशुरामपुर में किसी अज्ञात व्यक्ति के यहां ले जा रहा था। हालांकि, ट्रैक्टर चालक या मालिक के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ पुलिस और थाना कोतवाली चांदा से सब इंस्पेक्टर अवधेश सिंह यादव तथा सब इंस्पेक्टर अजय यादव मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित हो गए।

## रसोईया धमना में फ्लाईओवर की मांग तेज, सांसद मनीष जायसवाल से मिलेंगे ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के रसोईया धमना मोड़ पर वर्षों से लंबित फ्लाईओवर निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया ने की। ग्रामीणों ने बताया कि रसोईया धमना मोड़ से लगभग 500 मीटर दूरी पर अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के दौरान दोनों ओर मिट्टी भरकर दीवार (वाल) बनाई जा रही है, जिससे इस पार से उस पार जाने में ग्रामीणों को करीब 500 मीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-किसानी सहित कई आवश्यक कार्यों के लिए उन्हें नियमित रूप से सड़क पार कर दूसरी ओर जाना पड़ता है। ऐसे में वर्तमान निर्माण पद्धति से उनकी परेशानी बढ़ जाएगी। इस मोड़ से दो पंचायतों की लगभग 10 हजार की आबादी प्रतिदिन आवागमन करती है। ग्रामीणों ने मांग की कि अंडरपास निर्माण के दौरान दोनों ओर मिट्टी भरने के बजाय पिलर के सहारे निर्माण किया जाए, ताकि आवागमन सुगम बना रहे और स्थानीय लोगों को सहूलियत मिल सके। बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया, जो गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी, मोतीलाल चौधरी व विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर के नेतृत्व में सांसद मनीष जायसवाल से मिलकर फ्लाईओवर निर्माण और अंडरपास की वर्तमान संरचना में संशोधन की मांग रखेगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक पहल करेंगे। इस दौरान सड़क चौड़ीकरण का कार्य कर रहे कंपनी के पदाधिकारी भी बैठक में पहुंचे, उनके समक्ष भी ग्रामीणों ने पूरी बात रखी। बैठक में प्रोफेसर बद्री साहू, पंसस मो. तैयब, खलील अंसारी, नारायण साहू, मो. सत्तार, भिखारी साहू, मो. तस्लीम अंसारी, तौकीर रजा, मोइन अंसारी, राजदेव कुमार, अनुज यादव, अख्तर अंसारी, डॉ. विनोद साहू, केश्वर साहू, गुलाब साहू, तबरेज अंसारी, मो. हैदर, बीरेंद्र साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### निचितपुर गांव में अवैध जावा महुआ के खिलाफ कार्रवाई, करीब 50 किलो जावा महुआ किया गया विनष्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरियाकरमा निचितपुर गांव में अवैध महुआ शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान करीब 50 किलो जावा महुआ को जब्त कर मौके पर ही विनष्ट किया गया।इस अभियान में बरही पुलिस की सक्रिय भूमिका रही। इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जावा महुआ का उपयोग अवैध शराब बनाने में किया जाता है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब के धंधे में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कारोबारियों में हड़कंप देखा गया। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब निर्माण या उससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बद्री प्रसाद महाविद्यालय का एनएसएस शिविर जुझारपुरा में शुरू



**कोंच(जालौन)-** स्थानीय सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय में संचालित एनएसएस के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को समीपस्थ गांव जुझारपुरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ। अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सचिन गुर्जर, राजकुमार झा, बंशगोपाल कुशवाहा ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया जिसके बाद बैज अलंकरण कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। शिविर के प्रथम दिन अतिथियों ने स्वच्छता जैसे महत्पूर्ण विषय पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया। अतिथियों ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान सरकारी कार्यक्रम भर नहीं है, बल्कि यह सामाजिक आंदोलन है जो हर भारतीय नागरिक की जिम्मेवारी को दर्शाता है। यह अभियान देश भर में स्वच्छता के साथ ही स्वास्थ्य सुधार और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहा है। अतिथियों ने कहा कि घर से लेकर मोहल्ला और शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान जरूर दें। नूरिस अली ने स्वयंसेवकों को साफ सफाई से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। संचालन और आभार व्यक्त एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर निरंजन ने किया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र सिंह, डॉ रामदेव, राघवेंद्र, राधेश्याम, संतोष कुमार, मनोहर सिंह, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश बाबूजी, विवेक बाबूजी, कदीम सिद्दीकी, संदीप, राजकुमार सहित स्वयंसेवक छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

### अब क्यूआर कोड से कर सकेंगे उर्वरक का भुगतान- सहायक आयुक्त



**उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला सहकारीबैंक का प्रभावी कदम**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-**बहुदेशीय साधन सहकारी समितियो( बीपैक्स) से खाद व बीज की खरीद मे पारदर्शिता बढ़ाने और ओवररेटिंग पर नकेल कसने के लिए जनपद सोनभद्र मे सहकारिता विभाग तथा जिलासहकारीबैंक ने क्यू आर कोड से भुगतान की सुविधा शुरू कर दी है। सहायक आयुक्त एवं सहायकनिबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद मे कृषको की शिकायतो के निवारण की दिशा मे विभाग और जिला सहकारीबैंक मिर्जापुर/ सोनभद्र ने ठोस कदम उठाए हैं और सभी बीपैक्स को क्यूआर कोड स्कैनर और साउंड बाक्स मुहैया करा दिये हैं। सहायक आयुक्त ने कहा कि क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान से पारदर्शिता बढ़ेगी और ओवररेटिंग पर लगाम कसी जा सकेगी। बढ़ाने और ओवररेटिंग पर नकेल कसने के लिए जनपद सोनभद्र मे सहकारिता विभाग ने क्यू आर कोड से भुगतान की सुविधा शुरू कर दी है। सहायक आयुक्त ने कहा कि क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान से पारदर्शिता बढ़ेगी और ओवररेटिंग पर लगाम कसी जा सकेगी।

### रमजान माहः तंजीम गुलामाने मुस्तफ़ा सोसायटी ने एसडीएम को 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



**कोंच(जालौन)-** मुकद्दस माहे रमजानुल मुबारक 19 फरवरी से शुरू हो रहा जो 20 मार्च तक चलेगा। नगर की 20 मस्जिदों के अलावा अन्य कई जगहों पर नमाज़े तराबीह व इफ्तार का एहतमाम किया जाएगा। त्योहार पर विभिन्न व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखे जाने के उद्देश्य से बुधवार को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम ज्योति सिंह को तंजीम गुलामाने मुस्तफ़ा सोसायटी की जानिब से सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि त्योहार के दिनों में बिधुत आपूर्ति 24 घण्टे जारी की जाए। विशेष रूप से सेहरी के वक्त सुबह 4 बजे से 6 बजे तक व इफ्तार के वक्त शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक विधुत आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए। पानी की आपूर्ति की सप्लाई भी सेहरी और इफ्तार के वक्त की जाए। मस्जिदों एवं मदरसों के आसपास साफ सफाई, चूना डलवाए जाने की व्यवस्था की जाए एवं प्रतिबंधित जानवरों के विचरण पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में तंजीम के सदर हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी, नायब सदर हाफिज मोहम्मद साबिर बरकाती, प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, खजांची मोहम्मद उमर, एनुल आरफीन एड, शमसुद्दीन मंसूरी सभासद, अशफ़ाक़ ग़ौरी, काजी फहीमउद्दीन, सईद अहमद खन्ना, सैफ उल्ला खान, मुहम्मद शरीफ बरकाती आदि शामिल रहे।

# जिलाधिकारी के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं संबंधित जाँच अधिकारी, कोरम पूरा करने में लगे प्रधान

**● रोरवा ग्राम पंचायत में ब्याप्त भ्रष्टाचार की जाँच में लेटलतीफी से ग्रामीणों में आक्रोश, लोगोँ ने किया जमकर प्रदर्शन , लगे मुर्दाबाद के नारे**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन / सोनभद्र -** जिला मजिस्ट्रेट ,बद्रीनाथ सिंह सोनभद्र ने विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत रोरवा में अनियमितता की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए दिये थे जाँच के आदेश। बतातें चलें कि ग्राम पंचायत रोरवा में ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों , प्रधान मंत्री आवास, मुख्य मंत्री आवास, मनरेगा सहित लोक वित्त / राज्य वित्त में काफी अनियमितता बरती गई है जिसके क्रम में स्थानीय निवासी प्रतीक कुमार एवं राजेश कुमार भाटिया द्वारा शपथ पत्र युक्त शिकायती प्रार्थना पत्र दिनांक- 19.01.2026 एवं 18.12.2025 प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत रोरवा, विकास खण्ड-कोन में कराये गये कार्यों का बिन्दुवार उल्लेख करते हुये जांच कराये जाने का अनुरोध किया गया था। जिसके उपरांत जिला मजिस्ट्रेट ,बद्रीनाथ सिंह ने उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम 1947 यथा संशोधित 1994 की धारा-95(1) तथा उ0प्र0 पंचायत राज (प्रधानों, उप प्रधानों और सदस्यों को हटाया जाना) जांघ नियमावली 1997 में निहित प्राविधानों के अनुसार उपरोक्त शिकायती पत्र की जांच हेतु निम्नवत् जांच समिति गठित किया गया है जिसमें मुख्य रूप से जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सोनभद्र, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सोनभद्र , जिला लेखा परीक्षा अधिकारी (सहकारी समितियां एवं पंचायतें) , सोनभद्र नामित लेखा है । नामित लेखा परीक्षक को संयुक्त रूप जांच अधिकारी नियुक्त किया जाता है तथा जाँच अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि शिकायती पत्र में उल्लिखित प्रत्येक बिन्दुओं की स्थलीय / अभिलेखीय एवं तकनीकी जांच कर संयुक्त रूप से सुस्पष्ट आख्या एक पक्ष के भीतर शिकायती पत्र के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के दिये थे निर्देश। स्थानीय लोगों सहित शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व ग्राम प्रधान ,प्रधान प्रतिनिधि द्वारा जमकर धन का बंदरबाँट किया गया है। आगे शिकायतकर्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि गठित जाँच अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी व ग्राम प्रधान को समय डिले करके मामले का निस्तारण कराया जा रहा। जिससे जाँच अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ताओं का शिकायत निराधार दिखाया जा सके । स्थानीय निवासी रजत सिंह सहित अन्य शिकायतकर्ताओं ने कहा कि प्रधानपति द्वारा अपने चहेते को शौचालय का धन दिया किन्तु बना नहीं और वहीं अपने चहेते को मनरेगा में उपस्थिति दिखाकर मजदूरी डाली गई पर वास्तव में कार्य किये हैं उनका दो वर्षों से भुगतान बाकी है। जिसके क्रम में उन्होंने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल जाँच कराये जाने व जमीनी हकीकत लोगों के सामने रखने की मांग किया है। उक्त प्रकरण के संबंध में पुन : शिकायतकर्ताओं ने मुख्य मंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जाँच की मांग करते हुए न्यायालय की शरण में जाने की बातें कही। *बुधवार को प्रतीक* गुप्ता के अगुवाई में प्रदर्शन कारियों ने लगाये एडीओ पंचायत / ग्राम प्रधान मुर्दाबाद के नारे लगाये और प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्राम प्रधान व एडीओ पंचायत की मनमानी नहीं चलेगी, नहीं चलेगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राघवेंद्र चंद्र आर्य, रामनाथ गुप्ता, सूर्य देव, राघवेंद्र भारती, भगवान् दास , दीप नारायण, शांति देवी, राजू देवी सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस बावत जाँच अधिकारी जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी ने बताया कि उक्त जाँच हेतु अभिलेख अपलब्ध कराने हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है जैसे ही अभिलेख मिलता है उसकी जाँच कराकर दोषी पाये जाने पर अवश्य कार्रवाई की जायेगी।

## क्षेत्राधिकारी नगर की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क सभागार में एसजेपीयू एवं एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक संपन्न

**● बालकों के विरुद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** पुलिस महानिदेशक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ उ0प्र0, लखनऊ के आदेश के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र के सभागार कक्ष में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा की अध्यक्षता में स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट (SJPU) एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHT) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून का उल्लंघन करने वाले बालकों, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों, गुमशुदा/लापता बालकों की त्वरित बरामदगी, किशोर न्याय (जे0जे0) अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की प्रभावी विवेचना एवं पीड़ित बालकों को समयबद्ध रूप से बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया की गहन समीक्षा की गई।

विशेष रूप से पॉक्सो मामलों में प्रारूप (क) एवं प्रारूप (ख) को शुद्ध एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, किशोर न्याय बोर्ड से निर्गत सम्मनों की समय पर तामिला सुनिश्चित करने, तथा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों/विवेचकों के समक्ष आ रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बाल अधिकारों की सुरक्षा, बाल तस्करी की रोकथाम, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, तथा विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, अभियोजन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रतिनिधि, श्रम विभाग, वन स्टॉप सेंटर, थाना एएचटीयू एवं एसजेपीयू के अधिकारी/कर्मचारी तथा जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका में कार्यशैली पर सवाल

**●राजस्व निरीक्षक ने अध्यक्ष पति पर लगाए गंभीर आरोप**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पालिका की राजस्व निरीक्षक सीमा कुशवाहा ने डीएम को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि नगर पालिका अध्यक्ष पति द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा कार्य में लगातार हस्तक्षेप किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक ने पत्र में उल्लेख किया है कि वह तबीयत खराब होने के चलते 27 जनवरी 2026 से 29 जनवरी तक अवकाश पर थीं। इसके बाद 30 जनवरी से 16 फरवरी तक वह अधिशाषी अधिकारी से अनुमति लेकर चिकित्सीय अवकाश पर थीं। अवकाश समाप्त होने के बाद जब वह 17 फरवरी 2026 को कार्यालय पहुंचीं तो अध्यक्ष पति द्वारा उन पर अनुचित दबाव बनाया गया और राजस्व से जुड़े कार्यों में मनमाने तरीके से हस्तक्षेप किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष पति द्वारा शासकीय भाषा और मर्यादा का उल्लंघन करते हुए उनसे अभद्र शब्दों का प्रयोग किया गया। पत्र में यह भी कहा गया है कि राजस्व निरीक्षक द्वारा नगर पालिका के कार्यों में नियमों के अनुरूप कार्रवाई की जा रही थी, लेकिन अध्यक्ष पति द्वारा निजी हितों को साधने के उद्देश्य से दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना सक्षम प्राधिकारी के आदेश के किसी भी फाइल या प्रकरण में हस्तक्षेप करना नियम विरुद्ध है। राजस्व निरीक्षक ने यह भी आरोप लगाया कि उनके द्वारा इस पूरे मामले की जानकारी पूर्व में भी उच्च अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा उन्हें शासकीय कार्य स्वतंत्र रूप से करने की सुरक्षा प्रदान की जाए। मामले की प्रतिलिपि नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय निदेशक तथा अपर आयुक्त को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और नगर पालिका परिषद में चल रहे कथित हस्तक्षेप पर क्या कार्रवाई होती है।

**बिना स्वीकृत अवकाश का स्पष्टीकरण मांगने पर लगाये आरोप**

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने जिलाधिकारी से मुलाकात की है। डीएम से मुलाकात के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुये नपाध्यक्ष ने बताया कि सीमा कुशवाहा पिछले काफी समय से बिना किसी स्वीकृत अवकाश के गायब थीं। जब वह उनके कार्यालय में पहुंची तो उन्होंने यही जानकारी चाही। इस पर राजस्व निरीक्षक द्वारा जानकारी नहीं दी। इस पर उन्होंने राजस्व निरीक्षक से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश देते हुये शासन से पत्राचार किया है। इसी बात से क्षुब्ध होकर राजस्व निरीक्षक ने उनके पति पर आरोप लगाये हैं। नपाध्यक्ष ने कहा कि वह सक्षम महिला हैं और निर्णय लेने में भी सक्षम हैं। उनके पति केबल उन्हें लेने के लिए कार्यालय पहुंचे थे, इसी बात का लाभ उठाते हुये राजस्व निरीक्षक ने उनके पति पर बेबुनियाद आरोप लगाये हैं।

## एमपीडीसी महाविद्यालय का एनएसएस शिविर का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को काली माता मंदिर परिसर में हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किए गए शिविर में स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं को सामाजिक सरोकारों और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। एनएसएस प्रभारी लवकेश एवं मधुरलता द्विवेदी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना विकसित करना है ताकि वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। शिविर में सड़क सुरक्षा, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण तथा अन्य समाजोपयोगी विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही व्यक्तित्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां भी होंगी जिनसे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर डॉ.अल्पना सिंह, डॉ.अर्चना निरंजन, डॉ. हरिश्चंद्र तिवारी, मनोज तिवारी, सुनील निरंजन, दीपक सचान, राकेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सूरज ज्ञान महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** सूरज ज्ञान महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को कम्पोजिट विद्यालय लौना में अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी के मुख्य आतिथ्य एवं ग्राम प्रधान लौना प्रेम प्रकाश निरंजन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अपना दल रोहित राठौर, प्रधानाचार्य सूरज ज्ञान इंटर कॉलेज गजेंद्र सिंह राजावत के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। मंचस्थ अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि कर शिविर का शुभारंभ किया, तदोपरांत स्वयंसेविका खुशबू एवं दिशा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत गीत नैंसी एवं दिशा ने प्रस्तुत किया। लक्ष्य गीत एवं संकल्प गीत की प्रस्तुति भी स्वयंसेवकों ने दी। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी स्वयंसेवक एनएसएस के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखण्डता को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। शिविर की सात दिवसीय कार्ययोजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील मुदगिल ने प्रस्तुत की। शिविर में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवकों में से शहीद भगत सिंह टोली, चन्द्रशेखर आजाद टोली, वीर सावरकर टोली, रामप्रसाद बिस्मिल टोली, रानी लक्ष्मीबाई टोली, रानी अहिल्याबाई टोली गठित की गई। संचालन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा ने किया। इस मौके पर अनिल यादव, पवन यादव, मुकेश कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**कोंच(जालौन)-** मंगलवार की देर शाम बाइक सवार ठेकेदार अपनी साइड से काम निबटाकर घर वापस जा रहा था तभी सामने से आ रही ऑटो से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर से बाइक सवार ठेकेदार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों ने तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैलाश वर्मा (55) पुत्र बालादीन निवासी बड़ी कैलिया मकान निर्माण का ठेका लेकर मिस्त्री का कार्य करता है। वह कोंच में नंदीगांव रोड पर स्थित एक मकान का लेंटर डालकर अपनी बाइक से वापस अपने घर जा रहा था तभी सामने से आ रहे एक ऑटो से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई जिससे गंभीर रूप से घायल कैलाश की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और आवश्यक जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूपी बोर्ड परीक्षाएं शुरू

**● अभिभावकों द्वारा सड़क पर खड़ी की गईं बाइकों से पूरे दिन लगा रहा जाम**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई हैं। पहले दिन प्रथम पाली में सुबह साढ़े 8 बजे से 11:45 बजे तक हिंदी विषय की परीक्षा संपन्न हुई जबकि द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक हिंदी विषय की परीक्षा हुई। कोंच नगर में कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए जिसमें एसआरपी इंटर कॉलेज, कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज, अमरचंद्र इंटर कॉलेज तथा नाथूराम बालिका इंटर कॉलेज शामिल हैं। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए एसडीएम ज्योति सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं गठित उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। केंद्र व्यवस्थापक भी परीक्षार्थियों पर पैनी नजर बनाए रहे। मुख्य द्वार पर पुलिस व्यवस्था देखने को मिली। एसआरपी इंटर कॉलेज में पहले दिन परीक्षार्थियों का रोली चंदन और अक्षत से टीका कर उनका अभिनंदन किया गया। कॉलेज के मुख्य द्वार पर फूलों की वर्षा कर परीक्षार्थियों को शुभकामनाओं के साथ परीक्षा केंद्र में कड़ी चेकिंग के बीच प्रवेश कराया गया। इस अनूठी पहल से विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल देखने को मिला। वहीं दूसरी ओर अमरचंद कॉलेज में परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों के अभिभावकों की करीब सैकड़ा भर बाइकें मेन रोड पर खड़ी रहने से पूरे दिन राहगीरों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ा। कॉलेज के आसपास के घरों की दहलीज पर बाइकें खड़ी होने से घरों के अंदर आने जाने वाली महिलाओं, बच्चों और वृद्धों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या पर ध्यान देने की मांग की है।

## प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री भिखारी बाबा आश्रम पहुंचे, लिया आशीर्वाद

**● आश्रम के संचालन में हर संभव दिया जाएगा सहयोगः संजीव सिंह गौड़**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश -** रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम पर शिवरात्रि की रात्रि में प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री संजीव सिंह गौड़ जा पहुंचे और बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा भगवान शंकर का पूजन- अर्चन किया और गौशाला में जाकर गौ माता को गुड़ खिलाया। भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की ओर से मंत्री जी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण मंत्री ने आश्रम की सराहना करते हुए संचालन में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। भिखारी बाबा ने बताया कि मंत्री जी की आश्रम पर आने की इच्छा बहुत दिनों से थी। जब प्रभु का बुलावा आया तो शिवरात्रि के अवसर पर मंत्री जी का आगमन आश्रम पर हुआ। उन्होंने भगवान शंकर का पूजन-अर्चन किया, उसके बाद आश्रम के गौशाला में जाकर गौ माता को गुड़ खिलाया। राज्यमंत्री ने आश्रम की सराहना करते हुए कहा कि आश्रम के संचालन में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। समाज कल्याण मंत्री को भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके अलावा साथ में पहुंचे इंजीनियर रमेश पटेल व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल का भी अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी विशाल मौर्या, रामबाबू मोदनवाल, अरविंद उमर बैस, परमानंद महराज, सूरज जी महराज, इंद्रपती पांडे जी महराज, शुखराम जी महराज, भिखारी बाबा आश्रम की उत्तराधिकारी साध्वी कृष्णावती, विनीता गुप्ता, मधु उमर बैस, आकाश केसरी, देव उमर बैस, सोनू जायसवाल, सविता मिश्रा, कलावती चौबे, भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या आदि मौजूद रही।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सौंपी गई महंती गद्दी

**कोंच(जालौन)-** सनातन धर्म में महंती गद्दी का बिशेष दर्जा है जो सेवा, त्याग और धर्म संरक्षण से प्राप्त होता है और इसकी जिम्मेदारी निभाना एक साधना है, इसी गद्दी को लेकर बुधवार को तहसील के समीप स्थित प्राचीन गणेश मंदिर गढ़ी पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मंदिर में सेवारत पुजारी पं. संदीप शाण्डिल्य को विधिवत रूप से महंती गद्दी सौंपी गई। इस पुनीत अवसर पर महामंडलेश्वर राघवेंद्र दास पिरौना एवं महामंडलेश्वर सिद्धराम दास ठढ़ेश्वरी मंदिर के मुख्य आतिथ्य में वैदिक मंत्रोच्चार और अन्य जरूरी धार्मिक अनुष्ठानों के बीच महंती की परंपरागत रस्में पूर्ण कराई गईं। कार्यक्रम स्थल मंदिर को फूल मालाओं से सजाया गया था और श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन गाए गए जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। पं.संदीप शांडिल्य को महंती की गद्दी पर आसीन किया गया। महंत गोपालदास बंगरा, महंत रघुनाथदास रामलला मंदिर कोंच, महंत अशोक दास बड़ी माता मंदिर, महंत गोविंद दास पचोखरा, महंत अनुरुद्ध दास, महंत मोहनदास सहित अनेक संत एवं महंतो ने पं.संदीप शांडिल्य को आशीर्वाद देते हुए कहा कि महंती केवल पद नहीं बल्कि सेवा, त्याग और धर्म संरक्षण की जिम्मेदारी है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि वे मंदिर की धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए समाज में आध्यात्मिक जागरूकता का प्रसार करेंगे। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## हाईस्कूल हिंदी परीक्षा में 20 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत, 968 रहे अनुपस्थित

**●परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा, उपस्थिति रही 95 प्रतिशत से अधिक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित हाईस्कूल हिंदी (कोड-901) प्रथम पाली की परीक्षा जनपद में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग पूरी तरह सतर्क रहा। प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार जनपद में इस विषय के लिए कुल 20,000 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 19,032 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 968 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। बताया गया है कि संस्थागत श्रेणी में बालकों की संख्या 10,766 तथा बालिकाओं की संख्या 9,096 रही, इस प्रकार कुल 19,862 संस्थागत परीक्षार्थी पंजीकृत थे। वहीं व्यक्तिगत श्रेणी में 138 परीक्षार्थी पंजीकृत पाए गए। कुल मिलाकर पंजीकृत संख्या 20 हजार रही। परीक्षा में कुल 10,195 बालक एवं 8,837 बालिकाएं उपस्थित रहीं। अनुपस्थित रहने वालों में 675 बालक और 293 बालिकाएं शामिल हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्र वितरण, उत्तर पुस्तिका आवंटन और समय प्रबंधन की प्रक्रिया सुचारु रही। नकल रोकने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था की गई थी। उडन् दस्तों द्वारा कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, हालांकि कहीं से भी किसी बड़ी अनियमितता की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में परीक्षा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुसार कराई जा रही है। परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित और तनावमुक्त माहौल मिला। शिक्षा विभाग का कहना है कि आगामी परीक्षाओं में भी इसी तरह सख्ती और पारदर्शिता बरती जाएगी, ताकि बोर्ड परीक्षा की विश्वसनीयता बनी रहे। परीक्षार्थियों और अभिभावकों ने भी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है।

**जिले में 36 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल**

ललितपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के लिए जिले में पंजीकृत परीक्षार्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष कुल 36,677 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। आंकड़ों के मुताबिक हाईस्कूल परीक्षा के लिए कुल 20,463 परीक्षार्थियों का पंजीकरण हुआ है, जिसमें 10,997 छात्र एवं 9,466 छात्राएं शामिल हैं। वहीं इंटरमीडिएट स्तर पर कुल 16,214 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें 8,596 छात्र और 7,618 छात्राएं हैं। इसी तरह दोनों परीक्षाओं को मिलाकर कुल संख्या देखें तो 19,593 छात्र एवं 17,084 छात्राएं परीक्षा में बैठेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बोर्ड परीक्षा शुरू, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आज बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली (हिंदी) के दृष्टिगत कैलाश नाथ बालिका इंटर कॉलेज, परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम तथा विभिन्न परीक्षा कक्षों का गहन अवलोकन किया। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक बोर्ड परीक्षा आज से प्रारंभ हुई है। कानपुर नगर जनपद में कुल 124 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय, सहायता प्राप्त तथा अच्छी छवि वाले वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। प्रथम पाली की परीक्षा 18 फरवरी की प्रातः शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों जैसे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं अनुकूल परीक्षा वातावरण मिल सके। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षाओं के दौरान छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए शांत वातावरण की आवश्यकता होती है। अतः सभी धार्मिक स्थलों, मैरिज लॉन तथा अन्य स्थानों पर लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित सीमा के भीतर ही रखी जाए। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा भी निर्देश दिए गए हैं कि ध्वनि परिसर से बाहर न जाए। यदि किसी भी स्थान से अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### घाटमपुर में सड़क और बस स्टॉप निमार्ण में घटिया सामग्री का प्रयोग



**घाटमपुर।** घाटमपुर कस्बे में नगर पालिका द्वारा बनाई जा रही एक सड़क और बस स्टॉप का निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ठेकेदार द्वारा सीमेंट के साथ मोरंग की जगह बालू का प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निम्न गुणवत्ता की ईटों का प्रयोग किया जा रहा है जिसमें सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। वहीं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार ने बताया कि जांच के लिए एक जूनियर इंजीनियर को मौके पर भेजेंगे, मामले की आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी,बस स्टॉप में हो रहे मानकों के विपरित काम हो रहा है, सुंदरीकरण काम को लेकर घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने निर्माण कार्य में अनियमिताओं की शिकायत मिलने पर जांच कराने की बात कही है, उन्होंने कहा है कि मामला उनके संज्ञान में आया है ,, जल्द ही बस स्टॉप के सौंदर्यीकरण काम की जांच करेंगे।

### तुलसीपुर ब्लॉक परिसर में आधार सेवा के नाम पर अवैध वसूली का आरोप



**तुलसीपुर (बलरामपुर)।** तुलसीपुर ब्लॉक परिसर में आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के नाम पर आम लोगों से 200 से 300 रुपये तक की अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि सरकारी दरों से अधिक पैसा लिया जा रहा है, जबकि कई सेवाएं नियमानुसार निःशुल्क या निर्धारित शुल्क पर उपलब्ध हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आधार संशोधन, मोबाइल नंबर अपडेट और नए आधार पंजीकरण के लिए आने वाले लोगों को पहले लंबी कतार में खड़ा किया जाता है, फिर 'जल्दी काम कराने' के नाम पर अतिरिक्त धन की मांग की जाती है। मजबूरी में दूर-दराज से आए लोग पैसे देने को विवश हो रहे हैं। कुछ लोगों ने बताया कि रसीद भी नहीं दी जाती, जिससे यह आशंका और गहराती है कि वसूली पूरी तरह अनधिकृत है। इससे गरीब और श्रमिक वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है, जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार अपडेट कराना अनिवार्य है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## फर्जी दरोगा भर्ती व ट्रांसफर पोस्टिंग के नाम पर ठगता था, पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** थाना अनवरगंज पुलिस ने आज एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है जो पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर व ट्रांसफर कराने के नाम पर लोगों को ठगता था। भर्ती के नाम पर वाकायदा होटल किराये पर लेकर एक्जाम कराए जाते थे। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस को 17.02.2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति फर्जी दरोगा बनकर तथा फर्जी वाहन पर नंबर प्लेट बदलकर घूम रहा है। इस सूचना पर तत्काल अनवरगंज पुलिस सक्रिय हुई और चेकिंग के दौरान उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय अभियुक्त ने उत्तर प्रदेश पुलिस के उप निरीक्षक की पूर्ण वर्दी पहन रखी थी। उससे विस्तृत पूछताछ की गई तथा वाहन की तलाशी ली गई। पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त जनपद उन्नाव का रहने वाला है और फर्जी उप निरीक्षक बनकर लोगों को भ्रमित कर रहा था। अभियुक्त के पास से पुलिस का फर्जी पहचान पत्र, सीबीआई के विभिन्न अधिकारियों के फर्जी पहचान पत्र बरामद हुए हैं। इसके अतिरिक्त एक पिस्टल बरामद हुई, जो टॉय पिस्टल है, किंतु देखने में बिल्कुल असली पिस्टल जैसी प्रतीत होती है। साथ ही कारतूस भी बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही पूर्व प्रमुख सचिव के लेटरहेड के कुछ कागजात भी अभियुक्त के पास से बरामद हुए हैं। विस्तृत पूछताछ में यह भी सामने आया कि अभियुक्त लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देने के लिए विभिन्न कॉलेजों को किराये पर लेता था। इसी प्रकार कुछ होटलों के कमरे किराये पर लेकर वहां परीक्षा एवं इंटरव्यू आयोजित करता था तथा लोगों से धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठता था। इस पूछताछ के दौरान दो अन्य व्यक्तियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं, जिनके संबंध में जानकारी एकत्र कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित कुछ लेटर भी अभियुक्त के पास से बरामद हुए हैं, जिनके संबंध में विस्तृत जानकारी की जा रही है। सभी तथ्यों को संकलित किया जा रहा है। जो भी पीड़ित व्यक्ति सामने आएंगे, उनके आवेदन प्राप्त कर उनके आधार पर भी अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। वर्दी के संबंध में पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि उसने यह वर्दी स्वयं सिलवाई थी और किसी टेलर से सिलवाकर पहनकर घूम रहा था।

## सपा का आरोप फार्म 6 जमा करने के लिये जनता को परेशान किया जा रहा हैं

### ● समाजवादी पार्टी महानगर एस.आई.आर. 'बूथ प्रहरियों की बैठक' नगर के पांचों विधान सभा क्षेत्रों में 1,300 नाम फार्म 7 में हटा दिये गये - हाजी फ़ज़ल महमूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर एस.आई.आर. पर बूथ प्रहरियों, विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों बूथ के बी.एल.ए. तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में दिन में 3 बजे सपा कार्यालय नवीन मार्केट में आरम्भ हुई। बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि गोविन्दनगर विधानसभा क्षेत्र से 16604, सीसामऊ 16176, आर्यनगर 16669, किदवईनगर 15764, कैन्ट विधानसभा क्षेत्र से 27000 फार्म 6 चिन्हित किये गये है। जबकि काफी संख्या में फार्म नये मतदाता बनने के इन्तजार में है उनको प्रमाण दिये जाने के बाद भी मतदाता फाइल नहीं किया जा रहा है। जिसमें पीडीए की संख्या अधिक है। यदि आयोग प्रमाण पत्र लिये जाने में सरलता बरतें तो बड़ी संख्या में पीडीए की युवा टीम मतदाता बन सकती है अन्यथा आयोग की इस प्रक्रिया से वंचित रह जायेगी। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि फार्म नं 7 से गोविन्दनगर से 280, सीसामऊ 140, आर्यनगर 350, किदवईनगर 150 और कैन्ट से 300 मतदाताओं का नाम काट दिया गया है। इसी प्रकार फार्म 8 गोविन्दनगर से 7969, सीसामऊ से 7284, आर्यनगर से 14451, किदवईनगर से 8395, कैन्ट से 9246 मतदाताओं का नाम मृतक सूची से ड्राफ्ट रोल में काटने की घोषणा की लेकिन भारी संख्या में मृतकों के नाम काटे नही गये है जिससे अन्तिम प्रकाशन के बाद फर्जी वोट की आशंका है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि सपा के बी.एल.ए. 370 मलिन बस्तियों में पहुंचकर युवकों को फार्म 6 भरवायेंगे तथा जो मृतकों के नाम काटे नहीं गये है और फार्म 6 में बी.एल.ए. को जो परेशान किया जा रहा है उसका आंकलन सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेज कर तथ्य से अवगत कराया जायेगा।

## 1500 मीटर दौड़ में विनय व भाला क्षेपण में मोनू रहे अव्वल

### ● विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित करती हुई नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम शोहरतगढ़ में बुधवार को शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित खेल महोत्सव का समापन मुख्य अतिथि एसडीएम विवेकानंद मिश्र व नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने पुरस्कार वितरण के साथ किया। बालक वर्ग में चैंपियन का खिताब सत्यम यादव बीए प्रथम वर्ष और बालिका वर्ग में सोनी बी ए प्रथम वर्ष को हासिल हुआ। खेल प्रतियोगिता में दुसरे दिन 100 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान सत्यम यादव बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान मोनू बीए प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर महेश शर्मा बीए तृतीय वर्ष रहे। इसी तरह 100 मीटर छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान सोनी बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान सोनी तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान रोशनी गौड़ बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। भाला फेंक में प्रथम स्थान मोनू चौधरी (बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान सुजीत यादव (बीएससी द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान रमेश यादव (बीए तृतीय वर्ष) रहे। 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान विनय कुमार मौर्य (बीए द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान अभिनव तिवारी (बीए द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान जितेंद्र मौर्य (बीए द्वितीय वर्ष) ने प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अन्नू (बीए प्रथम वर्ष), द्वितीय स्थान ममता (बीएड प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान सोनी (बीए प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया। दो दिवसीय खेल महोत्सव के समापन पर मुख्य अतिथि एसडीएम विवेकानंद मिश्र व नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह, खेल अधीक्षक डॉ ए के सिंह, डॉ धर्मेंद्र सिंह, प्रो मुकेश कुमार, डॉ अमित सिंह, पंकज सिंह, शमसीरुल इस्लाम आदि लोग मौजूद रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने बलरामपुर में की अपराध समीक्षा गोष्ठी: कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर, अधिकारियों को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) मुथा अशोक जैन ने 17 फरवरी 2026 को बलरामपुर पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में अपराध समीक्षा गोष्ठी की अध्यक्षता की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित जनपद के उच्चाधिकारीगण और समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और अभियोजन की गुणवत्ता व त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करना था।बैठक में जनपद में घटित प्रमुख अपराधों, उनके अनावरण की स्थिति, लंबित विवेचनाओं, अभियोजन की प्रगति और अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। आगामी त्योहारों जैसे होली, रमजान, महाशिवरात्रि और चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए। इसमें फ्लैग मार्च, पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन और संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी शामिल है। एडीजी ने साइबर अपराधों की रोकथाम, पंजीकृत अभियोगों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, सीसीटीएनएस के माध्यम से चिन्हित अपराधियों की प्रभावी निगरानी पर जोर दिया। उन्होंने गो-तस्करी के खिलाफ 'ऑपरेशन शील्ड' के तहत प्रभावी कार्यवाही, बीट पुलिसिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने और लंबित पार्ट-द्व विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों और अपहरण के मामलों में त्वरित व संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।बैठक में हत्या जैसे जघन्य अपराधों की रोकथाम के लिए सक्रिय पुलिसिंग, अंतर्जनपदीय एवं अंतरधार्मिक प्रकरणों की गंभीरता से जांच तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। आईजीआरएस प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।एडीजी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण हेतु सक्रिय पुलिसिंग, जनसंवाद, संवेदनशील स्थानों की निगरानी और खुफिया तंत्र को मजबूत रखने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।इस गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ललिया डी.के. श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कानपुर में चाकू से गोद मारी भाजपा नेता को गोली, जारी आरोपियों की तलाश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दुकान को लेकर पुरानी रंजश के चलते चाकू से गोदने के बाद भाजपा नेता को गोली मार दी गई।अस्पताल में उसकी हालत समाचार लिखे जाने तक गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस की चार टीमें फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। यह घटना रावतपुर थानाक्षेत्र के छपेड़ा पुलिया के पास हुई। यहां मंगलवार की देर रात दुकान की रंजिश में तीन युवकों ने चाकुओं से गोदने के बाद भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सोनू राठौर की पीठ पर गोली भी मार दी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। भाजपा युवा मोर्चा का पूर्व जिला उपाध्यक्ष सोनू राठौर नवाबगंज के सिग्नेचर सिटी के पास रहते हैं। मां रज्जो देवी और भाई सौरभ ने बताया कि छपेड़ा पुलिया पर उनकी पूजन सामग्री की दुकान है। परिजनों द्वारा मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी केमुताबिक मंगलवार की रात सोनू राठौर रावतपुर में एक शादी समारोह में गए थे। वहां से छपेड़ा पुलिया स्थित दुकान के पास से होकर आ रहे थे। इसी बीच साजन उर्फ रोहित, बाबा लाइट और अभिषेक ने अपने साथियों के साथ उसे जमकर पीटा। गोली मारने के बाद चाकुओं से गोद दिया। पुलिस केमुताबिक उसके शरीर में सात से आठ चाकू के वार मिले हैं। पीठ पर भी गोली लगी है। एडीसीपी कपिल देव सिंह ने बताया दोनों पक्षों के बीच दुकान को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी के चलते मंगलवार की देर रात हमला किया। एडीसीपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। घटना की जानकारी पर कई भाजपा नेता भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान हंगामे की आशंका को देखते हुए सर्किल का फोर्स तैनात कर दिया गया है। इस बीच डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी जांच करने मौके पहुंचे और फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश भी दिए।

## मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर, तकनीकी प्रशिक्षण व अंतर्राज्यीय भ्रमण की सुविधा

**प्रतापगढ़।** प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण कमलेश कुमार बौद्ध ने बताया है कि वर्ष 2025-26 में मत्स्य पालकों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अंतर्गत तकनीकी प्रशिक्षण एवं अंतर्राज्यीय भ्रमण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मत्स्य विभाग प्रतापगढ़ द्वारा मत्स्य पालन कार्य एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े किसानों के लिए शुरू किया गया है। इच्छुक किसान कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रतापगढ़ (कक्ष संख्या 05 भूतल विकास भवन) में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए किसानों को पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, मत्स्य गतिविधियों से जुड़े होने का प्रमाण पत्र तथा मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

## बाल श्रम समाप्ति के लिए बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाना सुनिश्चित करें - डी.एम.

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** आज दिनांक 18.02.2026 को कानपुर नगर के सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद कानपुर नगर को 2026 तक बाल श्रम मुक्त कराने हेतु जिला कार्य योजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन श्रम विभाग और एसोसिएशन फॉर वालेंटरी एक्शन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बाल श्रम की समाप्ति के लिए आवश्यक है कि सभी बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर ठहराव सुनिश्चित किया जाये साथ ही अन्य विभागों के जो अधिसूचित निरीक्षक हैं उनके स्तर से भी बाल श्रम निरीक्षण व पुनर्वासन की कार्यवाही की जाये साथ ही सभी खण्ड विकास अधिकारियों, तहसीलदारों सहित अधिकारियों द्वारा भी बाल श्रमिक के नियोजन के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी द्वारा बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स की नियमित बैठकें कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। कार्यशाला के आरम्भ में सहायक श्रमायुक्त राम लखन पटेल द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर बाल श्रम जनजागरण रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रम विभाग के राज्य समन्वयक सैयद रिजवान अली द्वारा कार्यशाला का विस्तृत विवरण साझा किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जनपदों को बाल श्रम मुक्त तथा चयनित आकांक्षी जनपदों को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। श्री अली द्वारा विशेष रूप से कानपुर नगर को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु सभी संबंधित विभागों के आपसी समन्वय, संयुक्त कार्यवाही एवं एक मंच पर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही समस्त ईट-भट्ठों, में कार्यरत श्रमिकों के पंजीकरण कराए जाने का अनुरोध भी किया गया। आगामी एक वर्ष में जनपद कानपुर नगर को बाल श्रम उन्मूलन हेतु क्या रणनीति अपनायी जानी है इसकी एक रणनीति भी कार्यशाला में तैयार की गयी।

## सीबीएसई द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षा की परीक्षा में शामिल हुए 1991 परीक्षार्थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को सीबीएसई कक्षा 12वीं की शारिरिक शिक्षा की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा आज सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1.30 बजे तक प्रतापगढ़ जिले के सात परीक्षा केंद्रों क्रमशः न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, आत्रेय एकेडमी, जवाहर नवोदय विद्यालय, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल और जेएमजी पब्लिक स्कूल, कालाकांकर में हुई। इस परीक्षा में प्रतापगढ़ के 47 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 2020 परिक्षार्थी रजिस्टर्ड थे जिसमें 1991 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 29 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर तथा न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई ऑब्जर्वरस की देख रेख में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्न पत्र बहुत सीधा और सरल था। प्रश्न पत्र के लॉन्ग आंसर वाले प्रश्न अपेक्षाकृत अधिक लंबे मगर आसान थे। काफी परीक्षार्थियों को लांग आंसर वाले प्रश्न थोड़े मुश्किल लगे। कुल मिलाकर फिजिकल एजुकेशन का पेपर बहुत संतुलित था। अच्छे अंकों के लिए लगभग सभी ने उम्मीद जताई। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयर पर्सन डॉक्टर शाहिदा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 वीं की परीक्षा 10 अप्रैल को समाप्त होगी। कक्षा 12 वीं की अगली परीक्षा 20 फरवरी को फिजिक्स विषय की होगी।

## नायब तहसीलदार ने लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कार्य के प्रगति का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं उपजिलाधिकारी सदर नैंसी सिंह के निर्देशन में नायब तहसीलदार दिनेश चंद तिवारी भारत निर्वाचन आयोग विशेष प्रांगण पुनरीक्षण 2026 उत्तर प्रदेश लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र तिवारी ने 248 प्रतापगढ़ के बूथ पूरे ओझा, सगरा, चकबनतोड़, सराय खांडेराय आदि बूथों पर लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कार्य का निरीक्षण किया। लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी का कार्य बूथ संख्या 31-पुरे ओझा में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए बी.एल.ओ. खुर्शीद अहमद एवं सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा की प्रशंसा की और कहा कि आप लोग पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से भविष्य में भी कार्य करना सुनिश्चित करें अन्य बी.एल.ओ. से कहा कि आप ही का साथी लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है आप लोग भी उनसे प्रेरणा लेकर शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें कहीं भी समस्या आए तो सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा से संपर्क कर कार्य में तेजी लाएं।

## कृषि एवं व्यापारियों के हितो लेकर राइजिंग एग्रीकल्चर की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में कृषि एवं व्यापारियों के हितों को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई संभावनाओं (राइजिंग एग्रीकल्चर) की तलाश करना तथा किसानों और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था, ताकि उत्पादन से लेकर विपणन तक की पूरी प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जा सके। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों तथा व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक पद्धतियों और बाजार उन्मुख उत्पादन को अपनाकर किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। बैठक के दौरान आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों के प्रयोग, जैविक खेती, बागवानी, मशरूम, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रावेरी, सब्जी, पान आदि फसल और कृषि यंत्रीकरण पर विशेष जोर दिया गया। डीएम ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को ऋण व अनुदान एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध करायी जाये जिससे किसानों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में उत्पादित होने वाली प्रमुख फसलों एवं बागवानी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और कोल्ड चेन व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

इसके पश्चात् कृषि उत्पादों के संग्रहण एवं प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने की योजना पर विचार किया। स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) को बढ़ावा देने पर भी बल दिया गया, इससे न केवल किसानों को बेहतर मूल्य मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। बैठक में बागवानी, मशरूम, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रावेरी, सब्जी, पान एवं चन्दन की खेती तथा आम निर्यात से सम्बन्धित किसान ऐशराज सरोज, राघवेन्द्र सिंह, अंजनी शर्मा, जितेन्द्र चौरसिया, सुरेश चौरसिया, आशीष जायसवाल, डा0 अकरम बेग, मो0 नईम,घनश्याम पाण्डेय, प्रमोद तिवारी, दिग्विजय पटेल, शिव शंकर पटेल एवं भानु प्रताप सिंह द्वारा अपने अनुभव को साझा किया गया। व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों ने भंडारण की कमी और परिवहन संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गयी, इस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन व्यापारियों और किसानों के साथ समन्वय बनाकर पारदर्शी एवं संतुलित व्यवस्था विकसित करेगा। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे तय समयसीमा में कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें जिससे उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन की मजबूत श्रृंखला स्थापित हो और किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, ज्वाइन्ट मजिस्टेऊट अनुष्का शर्मा, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कृषक व व्यापारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेंट्रल पब्लिक एकेडमी शहीदवारा आजमगढ़ में गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**आजमगढ़** सेंट्रल पब्लिक अकैडमी की शहीदवारा स्थित शाखा, आज़मगढ़ में आयोजित 'MathSci Marvel 2026' विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित के अभिनव मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अभिभावकों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौस्तुभ प्रकर्ष (Group Head of CPA) ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. काज़ी सिद्दीकी हसीब ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि MathSci Marvel 2026 का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। सेंट्रल पब्लिक अकैडमी के निदेशक डॉ. अभिमन्यु कुमार दुबे एवं डॉ. गीता दुबे ने आज़मगढ़ शाखा के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह शाखा शैक्षणिक गुणवत्ता और रचनात्मक गतिविधियों के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। शैक्षणिक प्रमुख निमिषा शाश्वत ने कहा कि आज़मगढ़ शाखा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचारी सोच से इस प्रदर्शनी को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और नई ऊर्जा के साथ हुआ।

### अधिवक्ता सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार से आर पार संघर्ष का एलान



**प्रतापगढ़।** आल इंण्डिया रुरल बार एसोसिएशन द्वारा बुधवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर संघर्ष की मुहिम पर रणनीतक चर्चा भी हुई। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सरकार ने यदि विधानसभा के मौजूदा सत्र में सुरक्षा कानून पारित नहीं हुआ तो सरकार के खिलाफ वकील आर पार का संघर्ष शुरु करेगें।राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी ने कहा कि वकीलों के लिए केंन्द्र व राज्य के बजट में सुरक्षा व कल्याणकारी योजनाओं पर कोई पैकेज न देना दुर्भाग्यपूर्ण है। संचालन मीडिया सचिव हरिश्यंद्र पांण्डेय ने किया। सेंट्रल बार एसोसिएशन कार्यालय लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल तिवारी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार पाल,उपाध्यक्ष मध्य सौरभ कुमार श्रीवास्तव,रानी कुमारी रावत,नरेन्द्र सिंह यादव,जीवन लाल यादव,करन गुप्ता,दिब्यांस अवस्थी को संघर्ष सम्मान सौंपा। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता आनंद शुक्ल व सूर्य प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर अमित मिश्रा, प्रभात रंजन, रजनीश तिवारी, अनिल रस्तोगी, डीपी सिंह, अशोक दीक्षित आदि अधिवक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त मंत्री वृजेन्द्र तिवारी ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता मधुकर मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया।

### नोएडा में अतिक्रमण पर बड़ा प्रहार: सेक्टर-10 से एक्सप्रेस-वे तक चला डंडा, अवैध वेंडरों पर सख्ती से कार्रवाई

**नोएडा।** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शहर को जाममुक्त और सुव्यवस्थित बनाने के लिए बुधवार, 18 फरवरी 2026 को व्यापक अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान चलाकर साफ संदेश दे दिया कि अब सड़कें कब्जे में नहीं रहने दी जाएंगी। मुख्य प्रशासनिक भवन, सेक्टर-6 से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वर्क सर्किल-1 से 10 तक गठित टीमों ने सेक्टर-10, 44, 69, 72, 57, 80, 81, 82 के साथ ग्राम भूड़ा, नयागांव मंडी, फेस-2 मंडी, कैंट रोड, हौजरी कॉम्प्लेक्स और एक्सप्रेस-वे के चेनज 2.00 किमी क्षेत्र में कार्रवाई की। सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा जमाए अवैध वेंडर्स, ठेली-पटरी और अन्य अनधिकृत ढांचों को मौके पर ही हटाया गया। कई स्थानों पर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण ध्वस्त किया गया, जिससे लंबे समय से बाधित यातायात को राहत मिली। प्राधिकरण का कहना है कि जनमानस, आरडब्ल्यूए, फोनरवा और औद्योगिक संगठनों से लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर यह सख्त कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने दो टूक कहा कि सड़क किनारे अवैध कब्जों के कारण रोज जाम की स्थिति बनती है और आम नागरिकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना, जब्ती और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और जाममुक्त बनाने के लिए यह अभियान अब नियमित रूप से जारी रहेगा।

# लाल किला बस स्टैंड पर रेहड़ी पटरी वालों का कब्ज अतिक्रमण दे रहा बडे हादसे का न्योता

● अतिक्रमण दिल्ली के लिए चिंता जनक बात है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
बादल हुसैन



**नई दिल्ली,** देश और दुनिया से आने वाले हजारों पर्यटकों के लिए ऐतिहासिक धरोहर लाल किला एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। यहां लाल किले के ठीक सामने वाली मुख्य सड़क और आसपास के इलाके अतिक्रमण के शिकार हैं। हालात ऐसे हैं कि पूरे इलाके में रेहड़ी पटरी वालों का कब्जा है। सुबह से लेकर रात 10 बजे तक इस मार्ग पर अवैध दुकानदार कब्जा जमाए बैठे रहते हैं। हैरानी की बात यह है कि कई वरिष्ठ अधिकारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी हालत जस के तस है। लोगों का कहना है कि अदि किसी को इस मार्ग से जाना हो तो घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है और न तो कोई देखने वाला है और न ही सुनने वाला। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि लाल किला बस स्टैंड पर भी रेहड़ी पटरी वालों ने कब्जा जमा रखा है। राहगीरों के लिए बस स्टैंड पर रुकने की कोई जगह नहीं बची है। रेहड़ी पटरी वालों की वजह से बस चालक भी यहां बस नहीं रोकते।आपात स्थिति में अगर एम्बुलेंस को इस मार्ग से गुजरना पड़ता है तो मरीज की हालत एम्बुलेंस में ही बिगड़ जाती है। उल्लेखनीय ए है कि पीछले दिनों इसी जगह पर एक आतंकी हमला हुआ था जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इसके बावजूद रेहड़ी पटरी वाले सबक नहीं ले रही है।लोगों का आरोप है कि इन रेहड़ी पटरी के कब्जे के पीछे पूरा एक तंत्र काम करता है, जिसमें माफीया व जनप्रतिनिधि से लेकर एमसीडी व दिल्ली पुलिस के लोग शामिल हैं। यह लोग रेहड़ी पटरी वालों से पैसे लेकर फूटपाथ और सड़क के कुछ हिस्सों तक को बेच रहे हैं। इस वजह से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। यात्री का कहना है यात्री अशोक मंडल, ने बताया कि रेहड़ी की पटरी वाले इस तरह बस स्टैंड पर कब्जा जमाए हुए हैं कि आप खड़े भी नहीं हो सकतें। इससे काफी परेशानी होती है। साथ ही बस में चढ़ने में भी काफी दिक्कत होती है।बस चालक बस भी नहीं रोकते क्योंकि उन्हें बस स्टैंड पर यात्री दिखाई ही नहीं देते हैं। वहीं यात्री रवि,का कहना है कि बस स्टैंड होने के बावजूद भी धूप और बारिश में बाहर खड़ा रहना पड़ता है।आप बस स्टैंड के आस पास भी खड़े नहीं हो सकतें क्योंकि वहां दुकानों पर पहले से ही भीड़ रहती है और बस में चढ़ने वाले यात्रियों की भी भीड़ रहती है।इसी कारण बस चालक बस नहीं रोकते। उन्हें लगता है कि यहां सभी लोग दुकान से सामान खरीदने आए हैं। कोई यात्री नहीं है।

### वरिष्ठ पत्रकार बृजेश शुक्ला एवं बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला की मां के निधन पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम में वरिष्ठ पत्रकार बृजेश शुक्ला एवं बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला की पूज्य माता जी के 97 वर्ष की उम्र में निधन के बाद आवास पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने शोक संवेदना के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस अवसर पर जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसियेशन के अध्यक्ष विवेक प्रताप सिंह के साथ संगठन के संरक्षक शिव शंकर मिश्रा, संरक्षक विवेक विश्व पांडे, संरक्षक भगवान दास, संरक्षक अमित राज यादव, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे, संगठन मंत्री प्रवीण सिंह, सह मीडिया प्रभारी सौरभ निगम, वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार रणजीत सिंह, लखनऊ जिला अध्यक्ष सनी शाह पदाधिकारी एवं अन्य पत्रकार साथियों के साथ पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना प्रकट किया। तथा ईश्वर से माता जी की आत्मा की शांति की प्रार्थना किया।

## कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई बकहो नगर परिषद सुर्खियों में रही




● संयुक्त संचालक नगरीय निकाय को जबाव देते नही बना सी.एम.ओ. पर होगी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी

**शहडोल-** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में धनपुरी निवासी श्रीमती रोशनी वारंदानी ने अवैध निर्माण कार्य रूकवाने, शहडोल निवासी बालकृष्ण वर्मा आईएफएमआईएस पोर्टल में जन्मतिथि सुधरवाने, शहडोल के वार्ड नम्बर 9 निवासी सावित्री देवी ने मकान खाली करवाने एवं बकहो नगर परिषद सी.एम.ओ. एवं मातहत की लापरवाही के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में खुलेआम भ्रष्टाचार कर पट्टेधारक कोई आवास योजना का लाभ कोई और ले रहा है। संभागीय कमिष्नर ने जन सुनवाई के बीच संयुक्त संचालक नगरीय निकाय को सक्ती से कार्यवाही के दिए निर्देष। संबंधित के विरूद्व आवश्यक कार्यवाही करने संबंधी आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बलिया में किन्नर रेखा रहस्यमय ढंग से लापता, खेत में मिला मोबाइल; पुलिस जांच तेज



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** बैरिया थाना क्षेत्र में एक किन्नर के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। रानीगंज-देवकी छपरा मार्ग स्थित किराए के मकान में रह रही किन्नर रेखा मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे से अचानक गायब हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो साथियों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। रेखा के साथ रहने वाली किन्नर काजल, रीना और सोना ने बताया कि वे लोग बधाई कार्यक्रम में गए थे। सुबह करीब 11:30 बजे रेखा की अपने दादा गुरु से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद दोपहर एक बजे के आसपास उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। शाम तक खोजबीन के बावजूद कोई जानकारी न मिलने पर वे बैरिया थाने पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई।

इसी बीच रेखा का मोबाइल फोन रानीगंज बाजार के पुरा फाटक के पास एक खेत में पड़ा मिला, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मोबाइल बरामद कर जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। मामले को लेकर पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने उच्च अधिकारियों से बातचीत कर जल्द खुलासा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बैरिया के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद परिजन और साथी बेहद चिंतित हैं तथा क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### राज्य के भिन्न स्थानों के साथ सिलापथार में मिसिंग लोक उत्सव आय लृगांग का आयोजन



**असम धेमाजी17 फरवरी।** राज्य के अलग-अलग हिस्सों के साथ-साथ सिलापथार के अलग-अलग हिस्सों में मिसिंग लोगों का खिंचाई के उत्सव अली आय लृगंग का आयोजन। फागुन के पहले बुधवार को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बड़े जोश और उत्साह के साथ अली आय लरिगंग का आयोजन किया गया। धेमाजी ज़िले के चिमेन छापरी के अन्नापुर गांव में बड़ी धूम धाम के सात आयोजन किया गया , परंपरा के अनुसार मुरंग सुबह सामूहिक मुरांग के घर के पास मिट्टी जोतकर और बीज बोकर होती है। गांव के हर वर्ग के लोगों ने जनजातीय लोक नृत्य गुमरांग की धुन में नाचते हुए दिखाई दी। आयोजक समिति ने दिए जानकारी अनुसार इस साल, गांव में पांच दिन का अली आय लृगंग का त्योहार मनाया जाएगा। इस दौरान, गांव के हर घर के आंगन में हुचोरी गाया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल/महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण: बाहर की दवा लिखने पर डॉक्टर को नोटिस, 545 रुपये लौटाने के दिए निर्देश

● मरीजों से सीधा संवाद कर डीएम ने परखी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत

जिला अस्पताल में अव्यवस्था पर डीएम सख्त, मेडिकल वार्ड प्रभारी से स्पष्टीकरण तलब

सीटी स्कैन कक्ष में भारी भीड़ पर नाराजगी, टोकन व्यवस्था लागू करने के दिए आदेश

गरीब मरीजों के निःशुल्क इलाज पर जोर, साफ-सफाई सुधारने के सख्त निर्देश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बुधवार को जिला अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई वार्डों में जाकर मरीजों से सीधे संवाद किया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान एक महिला ने जिलाधिकारी को बताया कि वह अपने ससुर के इलाज के लिए आई थी, जहां चिकित्सक द्वारा दवा बाहर से खरीदने को कहा गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला द्वारा दवा पर खर्च किए गए 545 रुपये वापस कराने का आदेश दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में उपलब्ध दवाएं ही मरीजों को दी जाएं और किसी भी परिस्थिति में बाहर की दवा न लिखी जाए। यदि ऐसी शिकायत दोबारा मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उन्होंने ट्रीटमेंट रूम और इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। मरीजों से उनका हाल-चाल पूछते हुए उन्होंने यह भी जानकारी ली कि कहीं उन्हें बाहर की दवा तो नहीं लिखी जा रही है। मेडिकल वार्ड में अत्यधिक भीड़ देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज के साथ केवल एक ही व्यक्ति प्रवेश दिया जाए, अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए। इस वार्ड में कुछ मरीजों ने नली लगाने के नाम पर पैसे लिए जाने और इलाज में लापरवाही की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए मेडिकल वार्ड की प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती लीलावती से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश सीएमओ को दिए। दवा वितरण कक्ष में पहुंचकर जिलाधिकारी ने लाइन में लगे मरीजों से बातचीत की और दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली।

मरीजों ने बताया कि दवाएं उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में बाहर की दवा न लिखी जाए, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने अस्पताल परिसर में वाहनों की पार्किंग की सुनियोजित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि मरीजों को असुविधा न हो। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जिला महिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने एक्स-रे कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष एवं सीटी स्कैन कक्ष का निरीक्षण किया। पैथोलॉजी कक्ष में उपलब्ध जांचों की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जांच रिपोर्ट समय से मरीजों को उपलब्ध कराई जाएं। सीटी स्कैन कक्ष में भारी भीड़ मिलने पर उन्होंने प्रभारी से जानकारी ली। बताया गया कि अब तक 50 सीटी स्कैन किए जा चुके हैं, जबकि 65 मरीजों का स्कैन शेष है। भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिया कि सीटी स्कैन कक्ष में टोकन व्यवस्था तत्काल लागू की जाए और बाहर डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाए, जिससे मरीजों को अपने नंबर की जानकारी मिलती रहे और अनावश्यक भीड़ व अव्यवस्था न हो। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी और कर्मचारी सेवा भाव से कार्य करें। अस्पताल में आने वाले गरीब और असहाय मरीजों को निःशुल्क एवं समुचित इलाज मिलना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने के भी सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर विजय यादव आदि उपस्थित रहे।

## अमानीगंज व मिल्कीपुर में ब्लॉक दिवस की अनदेखी, अधिकारी रहे नदारद, व्यवस्था पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर, अमानीगंज** और मिल्कीपुर विकासखंडों में आयोजित होने वाला ब्लॉक दिवस लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आया। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक बुधवार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक ब्लॉक मुख्यालय पर आम जनता की विकास संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए ब्लॉक दिवस आयोजित किया जाता है। लेकिन सुबह 11:30 बजे तक न तो खंड विकास अधिकारी पहुंचे थे और न ही एडीओ पंचायत मौजूद थे। अधिकांश कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले, जिससे कार्यालय लगभग खाली दिखाई दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति नई नहीं है और अक्सर अधिकारी मुख्यालय से नदारद रहते हैं। कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत के बावजूद सुधार नहीं हुआ है। ब्लॉक दिवस में आवास, शौचालय, पेंशन, सड़क, नाली और अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाना होता है, लेकिन जिम्मेदारों की अनुपस्थिति से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में अयोध्या के मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह ने कहा कि सभी ब्लॉकों पर ब्लॉक दिवस अनिवार्य है। अमानीगंज में आयोजन की जानकारी ली जाएगी और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी। वहीं बीडीओ ने बताया कि वे जिला मुख्यालय की बैठक में थे। इसी तरह मिल्कीपुर ब्लॉक में प्रस्तावित ब्लॉक दिवस औपचारिकता तक सीमित रहा। परिसर में कुर्सियां खाली रहीं और संबंधित विभागों के अधिकारी अनुपस्थित दिखे। एडीओ पंचायत सुरेंद्र कुमार राव ने पांच मामलों के




निस्तारण का दावा किया, जबकि बीडीओ हरिश्चंद्र सिंह ने कार्यक्रम की जिम्मेदारी एडीओ को सौंपने की बात कही। अधिकारियों और फरियादियों की अनुपस्थिति ने ब्लॉक दिवस की प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में ए आई पर हुई कार्यशाला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु में कुलपति प्रो. कविता शाह के मार्गदर्शन में '(एआई) कर्मशक्ति कार्यशाला' का आयोजन विश्वविद्यालय के गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराना तथा प्रशासनिक कार्यों में तकनीक के प्रभावी एवं उत्तरदायी प्रयोग हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार ने अपने विस्तृत वक्तव्य में वर्तमान समय में ए आई की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव ने भी, ए आई का प्रयोग और कार्यालय कार्य संस्कृति विषय पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में कार्य संस्कृति को समयानुकूल बनाना अत्यंत आवश्यक है। ए आई आधारित तकनीकों के माध्यम से कार्यों की गति, शुद्धता और पारदर्शिता में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने कर्मचारियों को नई तकनीकों को अपनाने, सतत प्रशिक्षण प्राप्त करने और कार्य निष्पादन में नवाचार को स्थान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय प्रमुख, कार्यालय सहायक तथा कर्मचारी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता करते हुए ए आई के व्यावहारिक उपयोग, डेटा सुरक्षा, दस्तावेज़ प्रबंधन तथा प्रशासनिक प्रक्रिया में इसके समावेशन से संबंधित जिज्ञासाएँ व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा मुख्य वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार की उपयोगी एवं तकनीक-आधारित कार्यशालाओं के नियमित आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यशाला ने विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में नई संभावनाओं का द्वार खोला।

### डॉ. अंबेडकर फोरम ने UGC एक्ट 2026 का किया समर्थन

» सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर लागू करने की मांग

सुल्तानपुर - डॉ. भीमराव अंबेडकर अधिवक्ता फोरम ने आज यूजीसी एक्ट 2026 के समर्थन में प्रदर्शन किया। फोरम के सदस्यों ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें इस कानून को पूरी तरह से लागू करने की मांग की गई। फोरम के अध्यक्ष झींकू राम विश्वकर्मा ने बताया कि यूजीसी एक्ट 2026 उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के बीच व्याप्त भेदभाव और विषमता को दूर करने में सक्षम है। उन्होंने इसे एक प्रगतिशील और प्रभावी कानून बताया, जो समानता का अधिकार सुनिश्चित करेगा। विश्वकर्मा ने कहा, 'हमारी मांग है कि इस कानून को पूरी तरह से लागू किया जाए। यह देश के उच्च शिक्षा के छात्रों के बीच भेदभाव खत्म करने और समता लाने का एक अच्छा एवं प्रभावी कानून है, जिसे राष्ट्रहित में लागू किया जाना निरंतर आवश्यक है।' उन्होंने कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार के पास सदन बुलाकर कोर्ट के आदेशों पर पुनर्विचार करने या उन्हें पलटने की शक्ति है। विश्वकर्मा ने जोर दिया कि सरकार को राष्ट्रहित और छात्रहित में यह कदम उठाना चाहिए। उन्होंने विरोध करने वालों को 'खास मानसिकता' के लोग बताया और कहा कि फोरम समानता के पक्ष में खड़ा है।यह ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय, भारत को भेजा गया। इस अवसर पर अधिवक्ता अशोक आचार्य, शिव प्रकाश मौर्य, शोभावती, मोहित यादव एडवोकेट, राम सजीवन यादव एडवोकेट, श्वेता एडवोकेट, नमिता एडवोकेट, रमेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट, कर्मेंद्र गौतम एडवोकेट, पूनम, सत्य प्रकाश एडवोकेट, चंदन भीम, सूर्य प्रकाश, सूर्य यादव और रामप्रकाश मौर्य सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने सांसद तथा विधायक के साथ महोत्सव दर्पण का किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में बुधवार को महोत्सव दर्पण समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। स्मारिका में पर्यटन नगरी बाबा घुइसरनाथ धाम में विकास की श्रृंखला व बाबा की महत्वता को दर्शाया गया है। महोत्सव के तीस वर्षो की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उपलब्धियों तथा बाबा घुइसरनाथ की महिमा से जुडी स्मारिका का संपादन महोत्सव आयोजन समिति की संयोजिका एवं रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा किया गया है।

डीएम शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी दीपक भूकर ने बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ स्मारिका का विमोचन किया। अतिथियों द्वारा विधायक मोना के संपादन में बाबा धाम के पौराणिक महत्व पर स्मारिका में ज्ञानवर्धक लेख व चित्रों को देखकर स्मारिका को सराहा गया। महोत्सव दर्पण में बाबा घुश्मेश्वर के भव्य आध्यात्मिक गौरव तथा बाबा से जुड़ी जनश्रुति एवं धाम के माहात्म्य व पर्यटन विकास से जुड़ी तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव दर्पण-2026 में विधायक मोना ने संपादकीय लेख में धाम के सुयश व सुकीर्ति तथा प्रगति के संकल्प में धाम की उपलब्धियों का बेहतरीन खाका खींचा है। स्मारिका महोत्सव दर्पण के जरिये लोगों को बाबा धाम की महत्ता, पौराणिकता एवं पर्यटन नगरी के अदभुत विकास की भी वृहद जानकारियां दी गई है। महोत्सव दर्पण मे बाबा घुइसरनाथ के स्वस्फुटित लिंग के सुफल मंगलफल और सई पार स्थित करील के वृक्ष तथा उपर्लिग बूढ़ेश्वरनाथ के साथ प्रथम महोत्सव की शुरूआत से लेकर विगत तीस वर्षो से हो रहे महोत्सव की सांस्कृतिक उपलब्धियो पर भी प्रकाश डाला गया है। विमोचन समारोह का संचालन महोत्सव दर्पण के कार्यकारी संपादक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।

इस मौके पर प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय, एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, डॉ. अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय, रामबोध शुक्ल, भगवताचार्य पं. विनय शुक्ल आदि रहे।